



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 26 जून 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -12 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com



## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**सेराज अंसारी**
**मोमिन कॉन्फ्रेंस नगर अध्यक्ष**

**सफलता अंतिम नहीं है, असफलता घातक नहीं है: मायने रखता है तो बस आगे बढ़ने का साहस। यह विचार हमें निरंतर प्रयास करने और मुश्किल समय में भी हिम्मत न हारने की प्रेरणा देता है, क्योंकि सफलता और असफलता दोनों ही जीवन के अस्थायी पड़ाव हैं।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,100.47**
निफ्टी :- **24,056.00**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **33°**
न्यूनतम तापमान : **24°**

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:05**
संध्या :- **18:39**

## आज का इतिहास

**आज हि के दिन 2004 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जमाली का इस्तीफा, शुजात हुसैन नये कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने।**

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा सदस्य बनने पर बैद्यनाथ राम को हेमंत सोरेन ने दी बधाई

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता बैद्यनाथ राम के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर जारी अपने पोस्ट में कहा कि उन्हें विश्वास है कि बैद्यनाथ राम राज्यसभा में झारखंड की आकांक्षाओं और जनता की आवाज को मजबूती से उठाएंगे. उन्होंने उम्मीद जताई कि बैद्यनाथ राम सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों से जुड़े मुद्दों को उच्च सदन में प्रमुखता से रखेंगे. मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भी याद किया. उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लेकर सामाजिक न्याय, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती मिलेगी. हेमंत सोरेन ने बैद्यनाथ राम के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें जोहार और शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर उन्होंने जय भीम, जय झारखंड का संदेश भी साझा किया.

### कांके रोड में सड़क हादसा, स्पेशल ब्रांच से सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के कांके रोड स्थित राम मंदिर के समीप गुरुवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच से सेवानिवृत्त नवल किशोर पासवान की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वे सड़क पार कर रहे थे, तभी एक बस की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. हादसे के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई. मृतक के परिजनों ने बस चालक की लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है. परिजनों का कहना है कि दोषी चालक पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.

बुनियादी प्रशिक्षुओं का पारण परेड समारोह-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

# पुलिस विभाग के साथ कृतसंकल्पित होकर खड़ी है राज्य सरकार : हेमंत सोरेन

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** आप लोग बहुत लम्बे समय से आज के इस दिन का इंतजार कर रहे थे। आप सभी ने लगभग 30 हफ्तों तक बहुत ही कड़ा और लंबा प्रशिक्षण लिया है। मुझे जानकारी दी गई है कि यहाँ बड़े पैमाने पर अनुकंपा के आधार पर नियुक्त हुए राज्य के जवान और जेपीएससी के माध्यम से डीएसपी के पद पर नियुक्त हुए अधिकारी शामिल हैं। इसमें सबसे अधिक खुशी देने वाली बात यह है कि इस बैच में लगभग 25% महिलाओं की भागीदारी है। इस महिला पुलिस बल को मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हम चाहते हैं कि राज्य के हर क्षेत्र में पुरुषों और महिलाओं की भागीदारी समान और बराबर हो, जो यहाँ दिख भी रहा है। राज्य के पुलिस विभाग और हमारे पुलिस जवानों की भूमिका तथा जिम्मेदारियों को लेकर मुझे बहुत अधिक व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आप सभी इसके महत्व को अच्छी तरह समझते हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार जैप 1 ग्राउंड, डोरंडा में आयोजित बुनियादी प्रशिक्षुओं का पारण परेड समारोह-2026 को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जैप 1 ग्राउंड परिसर स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण एवं पारण परेड-2026 का निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने सी०टी०सी०, स्वासपुर, मुसाबनी में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक एवं विभिन्न जिला/इकाई से नव नियुक्त आरक्षियों का बुनियादी प्रक्षिणोपरांत आयोजित अंतिम परीक्षा का प्रकाशित परीक्षाफल के विभिन्न विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं के बीच पुरस्कार वितरण किया।



**आप सिर्फ एक व्यक्ति मात्र या खुद के लिए नहीं रह गए हैं, बल्कि राज्य के आम नागरिकों की रक्षा के लिए समर्पित हैं**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अभी थोड़ी देर पहले आप सभी ने झमाझम बारिश के बीच शपथ ली है। निश्चित रूप से हमारी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में शपथ ग्रहण करना सिर्फ एक प्रक्रिया या माध्यम नहीं है, इसी प्रतिज्ञा और शपथ के बदौलत हम लोगों ने इस देश को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का रूप दिया है। उन्होंने कहा कि यह शपथ सिर्फ वर्दी के लिए ही नहीं, बल्कि आम जनता की सेवा के लिए भी है। चूंकि आप सभी वदीर्धारी राज्य के प्रहरी हैं, इसलिए यह शपथ आपके लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। आज के बाद से आप एक व्यवस्था से बंध चुके हैं। अब सिर्फ एक व्यक्ति मात्र या खुद के लिए नहीं रह गए हैं, बल्कि राज्य के आम नागरिकों की रक्षा के लिए समर्पित हैं। इस दौरान हो सकता है कि आपके सामने बहुत बड़ी चुनौतियां आकर खड़ी हो जाएं, यहाँ तक कि आपकी जान पर भी बन आए, पूर्व में इसी कर्तव्य का निर्वहन करते हुए आपके परिजनों ने भी अपने प्राणों की आहुति दी है। आपके परिजनों के उसी अधूरे रास्ते और सफर को पूरा करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार ने अब आपके कंधों पर सौंपने का निर्णय लिया है। हम सिर्फ नौकरी या तनख्वाह के लिए पुलिस बल में शामिल नहीं होते हैं, बल्कि कुछ सर्वोच्च कर्तव्यों के संकल्प के साथ इस व्यवस्था से बंध जाते हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि निश्चित रूप से, एक-एक करके हम अपनी सारी मंजिलों तक पहुंचेंगे। इसमें आपका भी प्रयास होना चाहिए और हमारी सरकार का भी पूरा सहयोग रहेगा। मुख्यमंत्री ने सभी नव नियुक्त पुलिस उपाधीक्षकों एवं नव नियुक्त आरक्षियों को आज के इस बेहतरीन परेड प्रदर्शन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही पुलिस विभाग को इस पूरी प्रशिक्षण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी।

**प्रशिक्षण का परिणाम कानून एवं विधि-व्यवस्था के संधारण में दिखनी चाहिए**


मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आपको प्रशिक्षण के दौरान जिन अलग-अलग विषयों की ट्रेनिंग दी गई है, उसका परिणाम अब राज्य की कानून-व्यवस्था, विधि-व्यवस्था और राज्य के भीतर घटने वाली या संभावित घटनाओं को नियंत्रित करने में दिखना चाहिए। अगर आप सभी पूरी निष्ठा से प्रयास करेंगे, तो हमारे बीच आने वाली हर चुनौती को समाप्त करते हुए उसका समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आज मौसम अनुकूल न होने की वजह से इस पारण परेड कार्यक्रम को हमें पुलिस परिसर के भीतर ही संपन्न करना पड़ा। लेकिन आपका उत्साह कम न हो और आपके परिजन हतोत्साहित न हों, इसके लिए हमारी सरकार लगातार आपके साथ खड़ी रहने के लिए कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि पुलिस विभाग के लिए अलग से आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया जाएगा।

# भाजपा ने मनाया संविधान हत्या दिवस, पीएम मोदी ने कहा, आपातकाल संविधान पर सीधा आघात था

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज 25 जून, गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला करार दिया, साथ ही पीएम मोदी ने उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने उस समय लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की थी. बता दें कि आज ही के दिन 1975 में श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल(इमरजेंसी) लगा दिया था. पीएम मोदी ने आज गुरुवार को देशभर में मनाए जाने वाले संविधान हत्या दिवस का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया. उन्होंने लिखा, आज हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक आपातकाल, के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की. पीएम मोदी ने लिखा,आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा आघात था. आपातकाल में नागरिक स्वतंत्रता पर रोक लगी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाया गया नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकताओं को जेल में डाला गया

श्री मोदी ने कहा कि आपातकाल असंख्य नागरिकों के असाधारण साहस को भी सामने लाया.उन्होंने मौन रहने से इनकार करते हुए संविधान में निहित आदर्शों को बनाए रखा. इस क्रम में प्रधानमंत्री ने कहा, संविधान 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है, पीएम मोदी ने कहा कि संविधान हत्या दिवस हमें उस काले दौर की याद दिला रहा है, जब देश के लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचला गया था. यह हमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा करता है, पीएम मोदी ने आपातकाल का विरोध करने वाली सभी विभूतियों को नमन किया.



# सरकार का मकसद नशामुक्त झारखंड, स्वस्थ झारखंड : डॉ इरफान अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी बर्बाद कर देता है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड को नशामुक्त करने का प्रण लिया है। और जो निर्णय लिया है उसे पूरे करने में सभी विभाग आपसी समन्वय बना झारखंड को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने का काम हमलोग करेंगे । इसी उद्देश्य से पिछले 15 दिनों से नशामुक्ति हेतु जागरूकता अभियान पूरे राज्यभर में सरकार द्वारा चलाया जा रहा था जिसका आज समापन हो गया ।उन्होंने कहा कि यह अभियान पिछले तीन वर्षों से चलाया जा रहा है । आने वाले समय में प्रयास रहेगा कि पूरे साल यह अभियान चलाया जाए। डॉ इरफान अंसारी गुरूवार को शौर्य सभागार में गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित निषिध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान के समापन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे । इस अवसर पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने युवाओं और उपस्थित लोगों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने और नशा से दूर रहने की शपथ दिलायी।



**जागरूकता अभियान में जन भागीदारी और सहयोग जरूरी**

डॉ. अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में नशामुक्त एवं स्वस्थ झारखंड के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अभियान तभी सफल होगा जब आम जनता भी सरकार का सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा नशे की लत के कारण रिनपास और सीआईपी जैसे संस्थानों में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा देर रात रास्ते पर , फ्लाईओवर के नीचे विशेष रूप से सिरप और सॉल्यूशन का नशा करते युवा दिखाई देते है इसके प्रति पुलिस-प्रशासन को ध्यान रखने की जरूरत है।

मेयर रांची रोशनी खलखो ने कहा कि नशामुक्ति अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत और जब हर एक व्यक्ति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तब सचमुच हम लोग झारखंड को सिर्फ. स्वस्थ और सुरक्षित नहीं बल्कि नशामुक्त झारखंड भी बना पाएंगे। साथ ही सभी के सहयोग सुरक्षित रांची, सुरक्षित झारखंड बना सकते है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अजय कुमार ने कहा कि वर्ष 2024 में शुरू हुआ यह अभियान लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या केवल झारखंड या भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक चुनौती है।










# उपायुक्त ने मुख्य अतिथि के रूप में लिया हिस्सा, स्थानीय कृषकों के उत्पादों की सराहना की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़ समाहरणालय परिसर में आमोत्सव-सह-बागवानी मेलाः का भव्य आयोजन**



**रामगढ़।** जिला ग्रामीण विकास शाखा, रामगढ़ के तत्वाधान में आज समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय आमोत्सव-सह-बागवानी मेलाः का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष महोत्सव का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज एवं विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रगतिशील किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों से अवगत कराना, उनके द्वारा उत्पादित आम एवं अन्य बागवानी फसलों को एक बेहतर बाजार मंच प्रदान करना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।मेले में कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ मनोन्नती एफपीओ, जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कृषकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उपजाए गए उन्नत किस्म के आमों (जैसे मालदा, लंगड़ा, जदालू, आम्रपाली, मल्लिका) तथा विभिन्न प्रकार के औषधीय, सजावटी और फलदार पौधों की प्रदर्शनी लगाई। समाहरणालय परिसर में सजे स्टॉलों का उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने बारी-बारी से निरीक्षण किया और किसानों के अथक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में उपायुक्त, रामगढ़ ने कहा कि ₹रामगढ़ जिले में बागवानी और विशेषकर आम के उत्पादन की असीम संभावनाएँ हैं। इस प्रकार के 'आमोत्सव-सह-बागवानी मेला' के आयोजन से न केवल हमारे स्थानीय किसानों को सीधे बाजार से जुड़ने का अवसर मिलता है, बल्कि उन्हें एक-दूसरे के उन्नत अनुभवों से सीखने की प्रेरणा भी मिलती है। जिला प्रशासन कृषकों को आधुनिक कृषि उपकरण, उन्नत बीज और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं जिले के सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से अपील करता हूँ कि वे हमारे स्थानीय कृषकों के पास आकर उनका उत्साहवर्धन करें ताकि कृषि के क्षेत्र में हमारे जिले को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उप विकास आयुक्त ने जिला ग्रामीण विकास शाखा के इस प्रयास को बेहद सराहा और ग्रामीण विकास में बागवानी की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों को प्रेरित किया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण विकास की मुख्य रीढ़ हमारे किसान भाई-बहन हैं। जिला ग्रामीण विकास शाखा द्वारा आयोजित इस मेले का मुख्य ध्येय किसानों की आय को बढ़ाना और उन्हें पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर नकदी फसलों व वैज्ञानिक बागवानी की ओर अग्रसर करना है। मनरेगा और अन्य कृषि योजनाओं के बेहतर समन्वय से जिले में बड़े पैमाने पर आम और मिश्रित बागवानी को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारे कृषकों के उत्पाद गुणवत्ता में बेजोड़ हैं और इन्हें उचित बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन हर स्तर पर प्रयासरत है। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा हाल ही में रामगढ़ जिले में उत्पादित आम को दुबई एवं यूके भेजा गया था इस कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी व कर्मियों प्रतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए और कार्य को सफल बनाने के लिए प्रदान एनजीओ को भी सम्मानित किया गया।मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, कृषि विशेषज्ञों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों और विभिन्न स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा आयोजित एक विशेष तकनीकी सत्र में किसानों को कीट प्रबंधन और फसलों के उचित रखरखाव की महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं।

## मोहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में रामगढ़ और चितरपुर में किया गया फ्लैग मार्च

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़/रजरप्पा।** मोहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। यह फ्लैग मार्च जिला मुख्यालय रामगढ़, चितरपुर प्रखंड सहित विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व स्वयं उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने किया। उनके साथ अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, संबंधित क्षेत्र के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सूचना की जानकारी तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को देने का आग्रह किया है। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं से संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़।**श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ₹से नो टू ड्रग्स₹ (Say No to Drugs) विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था।विद्यार्थियों ने रंगों और कल्पनाशीलता के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी सुंदर एवं संदेशपूर्ण कलाकृतियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।कक्षा 6 से प्रथम स्थान पर ऋतिक आर्य,द्वितीय स्थान पर आर्य शर्मा,तृतीय स्थान पर हर्षिता राज,कक्षा 7 से प्रथम स्थान पर प्रिंस राज,द्वितीय स्थान पर आस्थाअंशिका,तृतीय स्थान पर समृद्धि बरनवाल,कक्षा 8 से प्रथम स्थान पर अनन्या कुमारी,द्वितीय स्थान पर दीपिका कुमारी तथा तृतीय स्थान पर हर्ष गुप्ता रहे।विद्यालय के प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संदेश दिया। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की कला शिक्षिका सुमन सोनी एवं कला शिक्षक गौतम कुमार व अनुराग पांडे ने मिलकर इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान श्री परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सम्माननीय सदस्य–सरदार मनमोहन सिंह लांबा,सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल , सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट की फाइनल मैच की विजेता बनी एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातु की टीम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**कुल आठ टीमों ने की थी शिरकत, सभी विद्यालय के बच्चों ने अपने खेल कौशल का किया बेहतरीन प्रदर्शन**



**पतरातू:** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन अंडर 17 बालक वर्ग में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। टूनार्मेंट का पहला मैच उत्क्रमित उच्च विद्यालय बलकुदरा एवं भुरकुंडा हाई स्कूल भुरकुंडा के बीच खेला गया। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय बलकुदरा ने 1-0 से जीत दर्ज की। मैच से पहले एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातू के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार रविदास ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मैच को खेल भावना से खेला जाना चाहिए एवं खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। दूसरा मैच उत्क्रमित उच्च विद्यालय डीडीडीह एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली के बीच खेला गया। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली ने 2-0 से जीत हासिल की। दिन का तीसरा मैच उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिचा एवं एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातू के बीच खेला गया। जिसमें एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातु ने 2-1 से शानदार जीत प्राप्त किया। एस एन हाई स्कूल बरकाकाना एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरघुटवा के बीच खेले गए चौथे मैच में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरघुटवा ने 3-0 से मैच अपने नाम किया। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल उत्क्रमित उच्च विद्यालय बल्कुदरा एवं एस एस हाई स्कूल पतरातू के बीच खेला गया। जिसमें पेनल्टी शूटआउट में एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातु ने 3-2 से जीत हासिल की। वही दूसरे सेमीफाइनल में उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरघुटवा को 3-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातु एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली के बीच खेला गया जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातु ने 2- 0 से शानदार जीत हासिल की। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया।

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के दिशा निर्देश पर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड के खेल शिक्षक शेखर कुमार, रविंद्र दुबे, धीरज कुमार पाठक, इमरान खान, सरफराज अहमद, पंकज राय, मनीष सिंह, मनीष अभीर, आलोक मिश्रा, राम प्रकाश महतो के साथ प्रखंड संसाधन केंद्र के मोहम्मद अरशद अली, राजेंद्र राम, मुस्ताक अंसारी तथा प्रमोद कुमार ने सराहनीय योगदान दिया।

## गोला थाना क्षेत्र में शांति पूर्ण मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर किया गया फ्लैग मार्च

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/गोला।** मोहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को गोला थाना क्षेत्र में व्यापक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

फ्लैग मार्च में प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, अंचल अधिकारी गोला, थाना प्रभारी गोला सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च गोला थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने आमजन से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम पर्व को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सजग है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को देने का आग्रह किया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं से भी संवाद स्थापित किया तथा पर्व के अवसर पर शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीवीयूएनएल ने हासिल की एक और ऐतिहासिक उपलब्धि, यूनिट-2 (800 मेगावाट) का वाणिज्यिक परिचालन घोषित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**पतरातू:** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल), जो एनटीपीसी लिमिटेड एवं झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) का संयुक्त उपक्रम है, ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी यूनिट-2 (800 मेगावाट) का वाणिज्यिक परिचालन (Commercial OperationDeclaration - COD) दिनांक 25 जून 2026 से सफलतापूर्वक घोषित कर दिया है। यह उपलब्धि झारखंड एवं देश की विद्युत उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पतरातू सुपर ताप विद्युत परियोजना की आधारशिला भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी।यूनिट-2 के सफल वाणिज्यिक परिचालन के साथ पीवीयूएनएल ने झारखंड एवं अन्य लाभार्थी राज्यों को विश्वसनीय, किफायती एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में अपने योगदान को और मजबूत किया है।उल्लेखनीय है कि यूनिट-1 एवं यूनिट-2 के सफल कमीशनिंग एवं सीओडी के माध्यम से पीवीयूएनएल ने मात्र सात महीनों की अवधि में 1600 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता राष्ट्र को समर्पित की है। यह उपलब्धि पीवीयूएनएल की उत्कृष्ट परियोजना निष्पादन क्षमता, तकनीकी दक्षता तथा सभी हितधारकों के समर्पण और अथक परिश्रम का परिणाम है। यह उपलब्धि झारखंड एवं देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर आयोजित समारोह में ए.के. सहगल, मुख्य कार्यपालक अधिकारी (उएड), पीवीयूएनएल, अनुपम मुखर्जी, कार्यकारी निदेशक (परियोजना), मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), जे.सी. पात्रा, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं कमीशनिंग),बिष्णु दत्ता दास, महाप्रबंधक (परियोजना), तथा ओ.पी. सोलंकी, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं ऐश डाइक प्रबंधन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ए.के. सहगल, सीईओ, पीवीयूएनएल ने इस उपलब्धि के लिए सभी कर्मचारियों, अभियंताओं, श्रमिकों, विक्रेताओं, सहयोगी संस्थाओं एवं परियोजना से जुड़े सभी भागीदारों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी के समर्पण, टीम भावना एवं अथक प्रयासों के कारण ही यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है। सहगल ने इस अवसर पर एनटीपीसी प्रबंधन, झारखंड सरकार, जिला प्रशासन, नियामक संस्थाओं, परियोजना भागीदारों एवं सभी हितधारकों के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए अपना विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय समुदाय एवं परियोजना प्रभावित परिवारों के सहयोग की भी सराहना करते हुए कहा कि उनका विश्वास एवं समर्थन परियोजना की सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि पीवीयूएनएल क्षेत्र में युवाओं एवं महिलाओं के कौशल विकास, आजीविका संवर्धन तथा सामुदायिक विकास के लिए विभिन्न पहल कर रहा है, ताकि समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके। यूनिट-2 का सफल सीओडी पीवीयूएनएल की परिचालन उत्कृष्टता, पर्यावरणीय सततता एवं उत्तरदायी विद्युत उत्पादन के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। कंपनी आधुनिक तकनीकों, नवाचारों एवं पर्यावरण-अनुकूल उपायों को अपनाते हुए क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में निरंतर योगदान दे रही है। यूनिट-2 का सफल वाणिज्यिक परिचालन झारखंड एवं देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा तथा विद्युत उपलब्धता को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। पीवीयूएनएल इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में सहयोग देने वाले सभी हितधारकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है तथा भविष्य में भी नई ऊँचाइयों और उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रामगढ़ जिनालय में हुआ दो मुनि संघों का महामिलन

**रामगढ़** दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के मेन रोड स्थित जैन मंदिर में दो मुनिसंघों का महामिलन हुआ। दोनों संघों का मिलन अत्यंत आत्मीय रूप से हुआ। मिलन के पलों का साक्षी बनकर जैन समाज का प्रत्येक सदस्य भावविभोर हो गया। बाद में अपने प्रवचन में मुनिश्री भावसागर जी ने कहा कि अहंकार मनुष्य का सबसे प्रबल शत्रु है। अहंकारी मनुष्य को स्वयं के अलावा दूसरा कोई मनुष्य दिखाई नहीं देता है, उसी प्रकार कोई व्यक्ति अपने घर की छत पर खड़ा होता है तो उसे स्वयं का घर ही दिखाई नहीं देता है। इसके अलावा मुनिश्री ने कहा कि धातु रूपी सोना चाहे वह हार बने, मुद्रिका बने या कंगन बने मुख्य रूप वह सोना ही रहता है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि विगत कुछ दिनों से हमें साधु-संतों का समागम मिल रहा है यह हम सबके लिए अत्यंत सौभाग्य का अवसर है। बाद में श्री सेठी ने समाज की तरफ से मुनिश्री भावसागर जी से अनुरोध किया कि वह कुछ दिनों का प्रवास हमारे रामगढ़ समाज को दें जिससे उनकी ओजस्वी वाणी से हम सभी अपने को कृतार्थ कर सकें। महामिलन को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल, उपाध्यक्ष राजू पाटनी, विकास रापरिया, ललित चूड़ीवाल, सुनील छाबड़ा, अनीता चूड़ीवाल, पुष्पा अजमेरा, शारदा अजमेरा, प्रिया पाटनी, उषा अजमेरा, मीना पाटनी, प्रिया पाटनी, प्रेम काला, उषा पाटनी, कुसुम पाटनी, सोनल चूड़ीवाल, एवं खुशबू चूड़ीवाल का सराहनीय योगदान रहा। वहीं आहारचर्या को सफल बनाने में ममता गंगवाल, रेणु चूड़ीवाल, बबीता काला एवं आभा रपरिया ने अपनी महती भूमिका निभाई। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी ।

## अंडर-17 बालिका फुटबॉल में कस्तूरबा गांधी विद्यालय बना चैंपियन, बेटहट को हराकर जीता सुब्रतो मुखर्जी कप

**लोहरदगा।** 65वीं प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को मध्य विद्यालय किस्को खेल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-17 बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए, जिसमें पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, किस्को की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेठहट को पराजित कर प्रखंड चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।प्रतियोगिता में बेठहट की टीम उपविजेता रही, जबकि राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेसापीढ़ी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। समापन अवसर पर बीपीओ इंदु अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रसाद सोनी, संजय कुमार, दिनबंधु डे, गौतम कुमार पांडे, मुश्ताक अनवर, दीपिका कुमारी, तबारक हुसैन अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्थायी लोक अदालत से पाएं विवादों का त्वरित समाधान, परहेपाट में जागरूकता शिविर आयोजित

नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजकमल मिश्रा एवं सचिव मनोरंजन कुमार के मार्गदर्शन में किस्को प्रखंड के परहेपाठ पंचायत भवन में गुरुवार को स्थायी लोक अदालत विषयक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष शिव कुमार, सदस्य मुरली लाल एवं सी. केरकेट्टा, श्रम अधीक्षक अंधेरेयस कुल्लू, मुखिया जतरु उरांव, उपमुखिया सुधीर कुमार, पंचायत सचिव अभिषेक एक्का, पीएलवी शाहिद हुसैन, इजहार अहमद, वीरचंद उरांव, कलावती कुमारी तथा बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि सी. केरकेट्टा, विवेक कुमार एवं गुलाम मेहंदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।बशिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता, आपसी विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान तथा स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि जलापूर्ति, बिजली, परिवहन, डाक सेवा, रोजगार संबंधी विवाद एवं बैंकों के एनपीए ऋण जैसे मामलों का निपटारा स्थायी लोक अदालत के माध्यम से बिना किसी शुल्क और लंबी कानूनी प्रक्रिया के किया जा सकता है। इस अवसर पर डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि आम लोग छोटी-छोटी समस्याओं के लिए थाना और कोर्ट का चक्कर लगाने के बजाय लोक अदालत की सुविधा का लाभ उठाएं, जहां आपसी सहमति के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम के दौरान एलईडी वैन, बुकलेट एवं पंपलेट के माध्यम से नालसा, झालसा और डालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोक अदालत, मध्यस्थता, साइबर अपराध से बचाव, सरकारी योजनाओं के लाभ एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से जागरूक किया गया।

## आपातकाल लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय था : ओम प्रकाश सिंह

**लोहरदगाः**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आंतरिकआपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय बताया है। इसके बावजूद कुछ युवा, छात्र एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन में सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि आपातकाल की घोषणा के बाद 9 अगस्त 1975 को अरया ग्राम निवासी स्वर्गीय रामदेनी राम प्रजापति, सिठियो ग्राम निवासी स्वर्गीय गणेश साहू तथा लोहरदगा के रघुनंदन लेन निवासी उमेश कंश्यकार को पुलिस ने भारतीय रक्षा अधिनियम (डीआरआई) के तहत गिरफ्तार कर रांची केंद्रीय कारा भेज दिया था। उस समय लोहरदगा अनुमंडल था और अधिकांश सरकारी कार्य रांची से संचालित होते थे। उन्होंने कहा कि अगस्त 1975 के अंतिम सप्ताह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल, वनवासी कल्याण केंद्र के स्वर्गीय राम जीवन सिंह तथा भारतीय जनसंघ के सक्रिय कार्यकर्ता स्वर्गीय राम सुंदर प्रसाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि स्वर्गीय गणेश साहू, उमेश कंश्यकार एवं मनमोहन लाल अग्रवाल को गया केंद्रीय कारा भेजा गया, जबकि स्वर्गीय रामदेनी राम प्रजापति और राम सुंदर प्रसाद को रांची से स्थानांतरित कर भागलपुर केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था। उन्होंने कहा कि उस दौर में पूरे लोहरदगा क्षेत्र में कांग्रेस और उसके नेताओं का प्रभाव था, फिर भी कुछ लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष का झंडा बुलंद रखा। उन्होंने कहा कि लोहरदगा क्षेत्र हमेशा से राजनीतिक जागरूकता और संघर्षशीलता के लिए जाना जाता रहा है। भाजपा नेता ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें इतिहास और पूर्व की घटनाओं से सीख लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## मुहर्रम को लेकर किस्को में निकला फ्लैग मार्च, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

**लोहरदगा।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर किस्को प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर गुरुवार को किस्को थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अंचल अधिकारी अजय कुमार एवं थाना प्रभारी मानस कुमार साधु ने संयुक्त रूप से किया। थाना परिसर से शुरू हुआ फ्लैग मार्च किस्को मुख्य चौक, नारी नवाडीह, होंदगा सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आम लोगों से संवाद कर मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था भंग करने अथवा माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना, शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा शरारती तत्वों के मनोबल को कमजोर करना है। प्रशासन ने लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि मुहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है, जिसे सभी समुदायों के सहयोग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। मौके पर एएसआई सुकुलदेव उरांव, गोवर्धन तुरी, राजेंद्र गौड़ सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

# मुहर्रम को लेकर ट्रैफिक में बड़े बदलाव, 27 को बिना वजह घरों से न निकलें

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** मुहर्रम को लेकर राजधानी रांची के ट्रैफिक प्लान में काफी बदलाव किए गए हैं. 27 जून को राजधानी रांची में मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा इसे लेकर ट्रैफिक एसपी के द्वारा राजधानी का ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है. ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह के द्वारा आम लोगों से अपील की गई है कि अगर जरूरत न हो तो वाहनों को लेकर घर से बाहर न निकलें. रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि मुहर्रम पर्व 26-27 जून को मनाया जाएगा. रांची शहर के विभिन्न स्थानों से मुहर्रम के अवसर पर जुलूस निकाले जाऐंगे, जिसे लेकर 27 जून को निजी एवं यात्री वाहनों के परिचालन को लेकर ट्रैफिक को डाइवर्ट किया गया है. 27 जून को रांची में सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक ट्रैफिक डाइवर्ट रहेगा.

## विभिन्न मार्गों में पूर्वाहन 10:00 बजे से जुलूस समाप्ति तक निम्न प्रकार होगा



- किशोरी यादव चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.
- शहीद चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.
- सुभाष चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- कचहरी चौक से शहीद चौक अल्बर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- चडरी तलाब से अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- पुरुलिया रोड से सर्जना चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- एस०एन० गागुंली रोड/विष्णु गली/बुद्धिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाली सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.
- सुजाता चौक से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- कर्बला चौक से रतन पी०पी० चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- कडरू से रेडिसन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- कमांडेंट आवास मोड़ से राजेंद्र चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.
- मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा.
- तुलसी चौक से अंबेडकर चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा. रांची शहर के अन्य मार्गों में भी मुहर्रम जुलूस के अवसर पर यातायात व्यवस्था को देखते हुए आवश्यकतानुसार डायर्वट किया जा सकता है.

### एंबुलेंस को दिया जाएगा विशेष रूट

रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि जुलूस के दौरान एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं को रूट प्रदान किया जाएगा. ट्रैफिक एसपी ने आम लोगों से अपील की है कि वे एंबुलेंस को लेकर उन्हें फोन कर मदद ले सकते हैं.

### मोहर्रम पर स्पेशल ब्रांच अलर्ट, 2 हजार से अधिक जवान तैनात

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच पूरी तरह अलर्ट मोड में है. राज्यभर के संवेदनशील (सेंसिटिव) जोन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. स्पेशल ब्रांच के 2,000 से अधिक जवान, अधिकारी और डीएसपी रैंक के पदाधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग में जुटे हुए हैं. पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, जिन थाना क्षेत्रों में पूर्व में तनाव, विवाद या अप्रिय घटनाएं हुई हैं, वहां स्पेशल ब्रांच की टीम लगातार निरीक्षण कर रही है. अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है।

# डीएसपीएमयू सिंडिकेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी, कमजोर विद्यार्थियों के लिए रिमेडियल क्लास शुरू होगी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव मनोहर की अध्यक्षता में सिंडिकेट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, वित्तीय और प्रशासनिक कार्यों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई तथा विभिन्न समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों को स्वीकृति प्रदान की गई.

### लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

बैठक में सबसे पहले एकेडमिक काउंसिल द्वारा लिए गए निर्णयों पर विचार किया गया. सिंडिकेट ने एकेडमिक काउंसिल की अनुशंसाओं को मंजूरी देते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर सहमति जताई. इसके अलावा फाइनेंस कमेटी द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों और वित्तीय निर्णयों को भी सिंडिकेट ने स्वीकृति प्रदान की. इससे विश्वविद्यालय के विभिन्न विकासात्मक और प्रशासनिक कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है. बैठक के दौरान विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा हुई. विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऐसे छात्रों की शैक्षणिक सहायता के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जो विभिन्न कारणों से पढ़ाई में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं. सिंडिकेट ने कमजोर विद्यार्थियों के लिए रिमेडियल क्लास संचालित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इन विशेष कक्षाओं के माध्यम से छात्रों को विषयों की बेहतर समझ विकसित करने और उनकी शैक्षणिक कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी.

### कुलपति ने दी जानकारी

कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव मनोहर ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षाएं आयोजित करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है. उन्होंने कहा कि रिमेडियल क्लास शुरू होने से उन छात्रों को लाभ मिलेगा जिन्हें किसी विषय में अतिरिक्त मार्गदर्शन की आवश्यकता है.

# जेपीएससी ने जारी की संशोधित उत्तर कुंजी, जुलाई में आयोजित होगी मुख्य परीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने झारखंड संयुक्त सिविल सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक परीक्षा-2023 की संशोधित उत्तर कुंजी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी है. अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों और विशेषज्ञों द्वारा किए गए परीक्षण के बाद उत्तरों की दोबारा समीक्षा की गई, जिसके आधार पर अंतिम संशोधित उत्तर कुंजी जारी की गई है. आयोग की ओर से बताया गया कि प्रारंभिक परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि में उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया था. बड़ी संख्या में प्राप्त सुझावों और आपत्तियों का विषय विशेषज्ञों की टीम ने विस्तार से अध्ययन किया. समीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवश्यक बदलाव करते हुए संशोधित उत्तर कुंजी को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, ताकि अभ्यर्थी अपने उत्तरों का मिलान कर सकें.

इधर, राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है. आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार कुल 125 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है और उन्हें मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा. सफल घोषित अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा. आवेदन प्रक्रिया 27 जून से शुरू होगी और 2 जुलाई की शाम 5 बजे तक जारी रहेगी. आयोग ने उम्मीदवारों को समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी है. मुख्य लिखित परीक्षा का आयोजन 25, 26 और 27 जुलाई को किया जाएगा. परीक्षा राज्य के निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होगी. प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही इसमें शामिल हो सकेंगे. आयोग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन से संबंधित सभी दिशा-निर्देश और जरूरी सूचनाएं उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं. यह भर्ती प्रक्रिया वाणिज्य कर विभाग में स्टेट टैक्स ऑफिसर के सात बैकलॉग पदों को भरने के लिए संचालित की जा रही है. चयन प्रक्रिया के तहत प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और अन्य निर्धारित चरणों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी. आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी सूचना के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी पर ही भरोसा करें.

# बुंडू के स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, छात्रों को दिलाई गई नशा मुक्त समाज की शपथ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बुंडू:** झारखंड सरकार के निर्देश पर गुरुवार को बुंडू स्थित रमेश सिंह मुंडा प्लस टू हाई स्कूल में नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुंडू के डीएसपी ओम प्रकाश, थाना इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो, महिला थाना प्रभारी खुशबू कुमारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गांजा, अफीम, चरस, शराब सहित अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, अनुशासन और अच्छे संस्कारों को अपनाने की अपील की गई। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी खुशबू कुमारी ने छात्र-छात्राओं को मानव तस्करी, साइबर अपराध और व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। डीएसपी ओम प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य झारखंड को नशामुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी नशे के अवैध कारोबार की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा नियमानुसार उन्हें नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की।

# दो साल से अधूरी पड़ी बुंडू-हुमटा सड़क, आजसू ने उठाई जांच की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बुंडू।** बुंडू के जेवियर स्कूल से हुमटा ग्राम तक जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर आजसू पार्टी ने सरकार और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। आजसू के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने मुख्यमंत्री, तमाड़ विधायक, उपायुक्त रांची तथा पथ निर्माण विभाग (ग्रामीण) के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने एवं पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि लगभग दो वर्ष पूर्व सड़क निर्माण का टेंडर होने के बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी डालने और कुछ स्थानों पर गिट्टी बिछाने के बाद कार्य अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे सड़क की स्थिति और खराब हो गई है। आज स्थिति यह है कि हल्की बारिश होते ही सड़क पर जलजमाव हो जाता है और सड़क तालाब जैसी नजर आती है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों एवं ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खराब सड़क के कारण एम्बुलेंस सहित अन्य वाहन गांव तक पहुंचने से कतराते हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। राजकिशोर कुशवाहा ने कहा कि सड़क निर्माण में हुई देरी और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं ऐसा तो नहीं कि अधिकारियों और संवेदक की मिलीभगत से निर्माण कार्य सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया हो। उन्होंने मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य अविलंब शुरू कराया जाए, लापरवाही बरतने वाले संवेदक एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर आजसू पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# टेंट खोलने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़:** तमाड़ थाना क्षेत्र के चायाडीह गांव निवासी (30 )वर्षीय सुनील महतो की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील महतो टेंट हाउस का कार्य करते थे। उन्होंने डेरो गांव में आयोजित एक शादी समारोह में टेंट लगाया था। समारोह समाप्त होने के बाद वह टेंट खोलने का काम कर रहे थे। बताया जाता है कि सुनील महतो मकान की छत पर चढ़कर टेंट खोल रहे थे। इसी दौरान उनका संपर्क 1100 वोल्ट के विद्युत तार से हो गया, जिससे उन्हें जोरदार करंट लग गया। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें आनन-फानन में बोलेरो वाहन से बुंडू अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर तमाड़ थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। सुनील महतो की असामयिक मौत से परिवार और गांव में शोक की लहर है। वहीं पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# झारखंड के विश्वविद्यालों में लागू क्लस्टर सिस्टम से बढ़ी चुनौतियां, जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के भविष्य को लेकर उठे सवाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत झारखंड के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में लागू किए गए क्लस्टर सिस्टम का असर अब दाखिला प्रक्रिया में साफ तौर पर दिखाई देने लगा है. विशेष रूप से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा (टीआरएल) विभागों में सीटों की कटौती, विषयों के पुनर्वितरण और चांसलर पोर्टल के माध्यम से हो रहे सीट आवंटन को लेकर छात्रों, शोधार्थियों और भाषा प्रेमियों में चिंता बढ़ गई है. झारखंड टीआरएल संघ ने भी इस व्यवस्था में मौजूद विसंगतियों को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को क्लस्टर सिस्टम से बाहर रखने की मांग की है.

### कॉलेजों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की सीटें घटी

छात्रों और शोधार्थियों का कहना है कि क्लस्टर सिस्टम झारखंड की सामाजिक और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है. पहले विद्यार्थी अपने नजदीकी कॉलेजों में अपनी पसंद के विषयों के साथ नामांकन ले पाते थे, लेकिन अब चांसलर पोर्टल के माध्यम से उन्हें दूसरे कॉलेजों में सीट आवंटित की जा रही है. इसका सबसे अधिक असर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के विद्यार्थियों पर पड़ा है. कई कॉलेजों में कुरमाली, खोरठा, संताली, मुंडारी और अन्य भाषाओं की सीटें कम कर दी गई हैं, जबकि कुछ स्थानों पर इन विषयों की पढ़ाई ही सीमित कर दी गई है.

### विद्यार्थियों को नहीं मिल पा रहा मनचाहा विषय

विद्यार्थियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों और छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है. दूर-दराज के कॉलेजों में जाने के कारण परिवहन खर्च बढ़ रहा है और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां भी सामने आ रही हैं. कई विद्यार्थियों को मनचाहा विषय नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि संबंधित विषय की सीटें किसी दूसरे कॉलेज में स्थानांतरित कर दी गई हैं. शोधार्थियों का मानना है कि इससे मातृभाषाओं के अध्ययन और संरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन इस व्यवस्था को नई शिक्षा नीति का हिस्सा बताते हुए इसका समर्थन कर रहा है. रांची विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सरोज शर्मा का कहना है कि क्लस्टर सिस्टम का उद्देश्य उपलब्ध शिक्षकों और संसाधनों का बेहतर उपयोग करना है. उनके अनुसार जिन कॉलेजों में विद्यार्थियों और शिक्षकों का अनुपात संतुलित है, वहां विषयों और सीटों का आवंटन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था किसी विसंगति को बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि उसे दूर करने के लिए लागू की गई है. साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि विद्यार्थियों को जो व्यावहारिक समस्याएं आ रही हैं।

# आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

तमाड़। आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में गुरुवार की शाम को बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव पहुंचे और मुहर्रम की तैयारियों का जायजा लिया। डीएसपी ने मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, अखाड़ा स्थलों तथासंवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों से बातचीत कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। साथ ही प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने पुलिस अधिकारियों को मुहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर नजर रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति एवं भाईचारे का माहौल बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# ये श्याम की कृपा नहीं तो क्या है जिससे श्याम ने बुलाया वो यहाँ है...

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज निर्जला एकादशी के अवसर पर प्रातः काल 5 बजे जब मंदिर के पट खुले तब से ही नियमित रूप से दर्शन करने वालों भक्तों के अतिरिक्त एकादशी में दर्शन करने वालों की भारी भीड़ देखने को मिली।प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती की गई। कुछ देर बाद मंड के पर्दे लगाकर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्री श्याम का प्रातः कालीन दिव्य अनुपम श्रृंगार किया गया ।प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती में भक्तों की लाइन हरमू रोड में दूर तक पहुंच गई । सुबह से हरमू रोड हारे के सहारे की जय श्याम प्यारे की जय के जयकारो से हरमू रोड गुंजयमान था । भक्त अपने आराध्य देव के आगे अपनी अर्जी लेकर लाइन में लगे हुए थे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो भी इस दरबार में अर्जी लगाते हैं उनकी अर्जियां बाबा जरूर पूर्ण करते हैं । इस दरबार से कभी भी कोई भक्त खाली नहीं लौटा और बाबा श्याम हर एक भक्त की मनोकामना जरूर पूर्ण करते हैं जो बाबा को सच्चे और निस्वार्थ भाव से ध्याते है। प्रातः कालीन श्रृंगार आरती के बाद जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम के जयकारा के भजनों से मंदिर परिसर गुंजायमान था। मंडल के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढांढनीया ने अपने परिवार के साथ बाबा श्री श्याम को सवामणि भोग प्रसाद सेवा अर्पित किया। प्रवीण जायसवाल एवं सौरभ चौधरी ने फल सवामणी सेवा अर्पित किया। मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लड़िया की देखरेख में संपूर्ण सवामणी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। मण्डल के महामंत्री गौरव अग्रवाल के निदेर्शानुसार लाइन की सुंदर व्यवस्था से भक्त बाबा के दर्शन बड़े ही व्यवस्थित तरीके से कर रहे थे। मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया के सानिध्य में भक्तों के लिए प्रसाद फल इत्यादि वितरण दिनभर किया जा रहा था।एकादशी का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। मंडल के कार्यकारिणी सदस्य स्नेह पोद्दार सदस्य स्नेहा पोद्दार ने अपने परिवार संग बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेडा रबड़ी मगहीपान फल का भोग अर्पण किया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया ने गणेश वंदना से भजन संकीर्तन प्रारंभ किया। वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा ने गुरुजी की वंदना हनुमान जी की वंदना साकेत ढांढनिया ने रानी सती दादी की वंदना अनुज मोदी ने भोले बाबा की वंदना मदन सोनी ने एवं सलज अग्रवाल गौरव अग्रवाल ने श्याम बाबा की वंदना से भक्तों को रिझाया। देर रात्रि आरती के साथ एकादशी संकीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान मंत्री विष्णु चौधरी पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल श्याम सुंदर शर्मा राजेश ढांढनीया स्नेह पोद्दार स्नेहा पोद्दार अनिल नारनोली रोशन खेमका दिनेश अग्रवाल कृष्ण शर्मा यश सुरेका प्रकाश सरावगी अंकित सिंह संकेत चौधरी ऋषभ चौरसिया आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित थे।

# झारखंड में मानसून के रफ्तार पकड़ने के आसार, 22 जिलों में सामान्य से कम बारिश ने बढ़ाई चिंता, गर्मी से राहत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में मानसून की एंट्री के बावजूद 22 जिलों के किसान परेशान और मायूस हैं. क्योंकि 22 जिलों में सामान्य की तुलना में कम या अल्प बारिश हुई है जो धान की खेती को प्रभावित कर सकती है. ?इस बीच राहत की भी एक खबर है. मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक, झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून धीरे-धीरे अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है. राज्य के कई हिस्सों में मानसून आगे बढ़ चुका है और अगले दो से तीन दिनों के दौरान इसके और विस्तार के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं. बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय मौसम प्रणालियों और राज्य से गुजर रही मौसमी ट्रफ के प्रभाव से आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है.

### चौंकाने वाला है वर्षापात से जुड़ा डाटा

मौसम केंद्र रांची की रिपोर्ट के मुताबिक, 1 जून से 24 जून के बीच झारखंड के 24 जिलों में से 16 जिलों में अल्प वर्षा हुई है. अल्प वर्षा की सूची में उन जिलों को रखा जाता है, जहां सामान्य की तुलना में 60 से 99 फीसदी से कम बारिश हुई है. इनमें बोकारो, चतरा, देवघर, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, हजारीबाग, खूंटी, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, पाकुड़, पलामू, साहिबगंज, सरायकेला-खरसावां और पश्चिम सिंहभूम जिला शामिल है. इसके अलावा जहां सामान्य की तुलना में 20 से 59 प्रतिशत कम बारिश होती है, उसे कमी वाली श्रेणी में रखा जाता है. इनमें धनबाद, गिरिडीह, गुमला, जामताड़ा, रामगढ़ और सिमडेगा समेत छह जिले शामिल हैं.

# गठिया, साइटिका एवं जोड़ों के दर्द के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** शहर के मछुआ सोसायटी, कॉलेज रोड स्थित पोद्दार होम्योपैथी क्लीनिक द्वारा गुरुवार को गठिया, साइटिका, घुटना दर्द, कमर दर्द तथा अन्य जोड़ों से संबंधित बीमारियों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर का उद्घाटन सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आलोक श्रीवास्तव, मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह, झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. सच्चिदानंद सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई।इस अवसर पर डॉ. रामदेव पासवान ने कहा कि ऐसे शिविर लोगों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, असंतुलित खान-पान और शारीरिक निष्क्रियता के कारण गठिया, साइटिका और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आलोक श्रीवास्तव ने इस पहल को समाजोपयोगी बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन सराहनीय है।क्लीनिक के चिकित्सक डॉ. सूयानंद प्रसाद ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से गठिया, अर्थराइटिस, साइटिका और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं में प्रभावी राहत प्रदान की जा सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने की अपील की।शिविर के दौरान लगभग 225 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गठिया, साइटिका, घुटना दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, पीठ दर्द और अन्य जोड़ों की समस्याओं से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श के साथ निःशुल्क होम्योपैथिक दवाएं भी वितरित की गईं।शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में क्लीनिक के सहयोगियों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी के सामूहिक सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ।

## कोटालपोखर पंचायत में कालाजार व फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** ग्राम पंचायत कोटालपोखर में पिरामल स्वास्थ्य के पहल पर कालाजार एवं फाइलेरिया बीमारी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सिरोफिना हेम्ब्रम ने की। इस अवसर पर पंचायत के वार्ड सदस्यों एवं ग्रामीणों को कालाजार और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से फाइलेरिया से पीड़ित तीन मरीजों को मुखिया सिरोफिना हेम्ब्रम के हाथों एमएमडीपी किट प्रदान की गई। बताया गया कि इस किट की सहायता से मरीज अपने प्रभावित पैरों की नियमित देखभाल कर सकेंगे, जिससे बीमारी के दुष्प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी। पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम ऑफिसर राज कुमार गुप्ता ने उपस्थित लोगों को फाइलेरिया और कालाजार से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए समय पर जांच और उपचार कराने की अपील की। वहीं स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्ल्यू सुनील कुमार साहा एवं जासकन मुर्मू ने भी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कालाजार और फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को मजबूत करना तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था।

## तीनपहाड़ में मुहर्रम पर्व को लेकर थाना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**तीनपहाड़/साहिबगंज।**मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से तीनपहाड़ थाना पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडेय ने किया।फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर तीनपहाड़ बाजार, मुख्य चौक-चौराहों तथा मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस जवानों ने क्षेत्र में गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।थाना प्रभारी ने आम लोगों से मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फ्लैग मार्च में एसआई नारद गहलोत, एएसआई प्रदीप कुमार, एएसआई राजेश सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

## निर्जला एकादशी पर निकला खाटू श्याम निशान यात्रा, मंदिर में पूजन करके प्रसाद वितरण किया गया



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज। **निर्जला एकादशी व्रत** के पावन पर्व पर शहर के डाकीनाथ मंदिर परिसर से खाटू श्याम मंदिर पुरोहित सोनू पांडे के नेतृत्व में खाटू श्याम बाबा जी का भव्य निशान यात्रा श्याम भक्तों ने निकाली। निशान यात्रा डाकीनाथ मंदिर से निकलकर चौक बाजार, गांधी चौक, बाटा रोड, स्वामी विवेकानंद चौक, जेएन रॉय रोड, गोपालपुल, भरतीया कॉलोनी होते हुए पुरुषोत्तम गली स्थित श्याम मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। निशान यात्रा में जय श्री श्याम के खूब जयकारा भक्तों ने लगाया। वही श्री खाटू श्याम मंदिर कमिटी सचिव अंकित केजरीवाल ने बताया कि निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर खाटू श्याम बाबा का विशेष पूजन, ज्योत, मंदिर में भजन संध्या में भक्तों ने बाबा का भजन किया, श्याम बाबा को भोग लगाया गया ओर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद सुशील भरतीया, अंकित शर्राफ, सुरेश निर्मल, अक्षय कुमार, सूरज पांडे, देव पारीक, ज्योति अग्रवाल, सोनी भगत, सनी चौधरी, अंजना भरतीया, बबीता केजरीवाल सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्याम भक्त उपस्थित थे।

# उद्यमिता की ओर बढ़े कदम, बरहरवा में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/साहिबगंज।** ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) बरहरवा एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी), साहेबगंज के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय आवासीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीएम फैज आलम और आर - सेटी के वरीय संकाय राजहंस कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में बरहरवा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से सखी मंडल से जुड़ी महिलाएं एवं उनके परिवार के सदस्य भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में स्वरोजगार ही आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवसाय की योजना तैयार करने, वित्तीय प्रबंधन, बैंकिंग प्रक्रियाओं, विपणन रणनीतियों और आय बढ़ाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी जाएगी। बीपीएम फैज आलम ने कहा कि जेएसएलपीएस का लक्ष्य ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने की अपील की। वहीं, आर - सेटी के वरीय संकाय राजहंस कुमार ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि कार्यक्रम में उद्यमिता से जुड़े कई व्यावहारिक और तकनीकी विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय शुरू करने से लेकर उसके सफल संचालन तक की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आय में वृद्धि कर सकें।

## अगलोई में जनसंवाद कार्यक्रम, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कार्यकताओं से की संगठन मजबूत करने की अपील





**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा प्रखंड की अगलोई पंचायत में गुरुवार को कांग्रेस की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और शॉल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान ने कहा कि आलमगीर आलम के कार्यकाल में क्षेत्र में कई विकास योजनाएं संचालित हुईं। उन्होंने कहा कि जनता के बीच उनकी लोकप्रियता और विकास कार्यों की चर्चा आज भी होती है। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने क्षेत्र की जनता और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कार्यकताओं और समर्थकों ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखी। उन्होंने विशेष रूप से वर्तमान विधायक निसात आलम को मिले जनसमर्थन के लिए जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। पूर्व मंत्री ने क्षेत्र के अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराने की दिशा में प्रयास जारी रखने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के विकास के लिए वे आगे भी कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत टुडू, मोफकर हुसैन, मोरसलिम खान, अख्तरुल, रबीउल इस्लाम, नवीद अंजुम, दिलदार आलम, काजल, मो. रफीक, नेहाल अख्तर, महबूब आलम, शारिक रब्बानी सहित कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुहर्रम को लेकर कोटालपोखर पुलिस अलर्ट, थाना प्रभारी ने जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कोटालपोखर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संभावित जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थागत पहलुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने रहीम ताड़, गांधी मुहल्ला, मुख्य बाजार, गनी चौक सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। ड्रोन कैमरे की सहायता से रास्तों की स्थिति, मार्ग में आने वाली इमारतों, बिजली के तारों तथा अन्य संभावित बाधाओं का भी सत्यापन किया गया। जांच के दौरान सामने आई समस्याओं के संबंध में आवश्यक प्रतिवेदन संबंधित विभागों को भेजा गया है, ताकि समय रहते उनका समाधान किया जा सके। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि मुहर्रम कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर जुलूस के रूट, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुहर्रम केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश देता है। ऐसे में सभी समुदायों के लोगों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं स्थानीय नागरिकों और मुहर्रम कमेटी के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की प्रतिबद्धता जताई।

## विधायक मो. ताजुद्दीन के प्रयास से तीनपहाड़ बाजार में पेयजल पाइपलाइन लीकेज की हुई मरम्मत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तीनपहाड़/साहिबगंज।**राजमहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक मो. ताजुद्दीन (एमटी राजा) के प्रयास से तीनपहाड़ बाजार में पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन के लीकेज को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पीएचडी विभाग की ओर से मरम्मत कार्य किए जाने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, बाजार क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की मुख्य पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा था। लगातार जल रिसाव के कारण मुख्य सड़क पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे राहगीरों, दुकानदारों तथा वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।स्थानीय लोगों द्वारा समस्या की जानकारी विधायक मो.ताजुद्दीन को दिए जाने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विधायक के पहल पर पीएचईडी की टीम ने मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन की मरम्मत एवं लीकेज रोकने का कार्य शुरू कर दिया है। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया है कि पाइपलाइन की नियमित निगरानी कर भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मरम्मत कार्य शुरू होने से बाजार क्षेत्र में जलजमाव की समस्या दूर होने तथा पेयजल की बबार्दी पर रोक लगने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए विधायक और विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर, 153 अभ्यर्थियों का चयन

**साहिबगंज।**झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, रांची के तत्वावधान में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, साहिबगंज द्वारा आज सिद्धो-कान्हू सभागार, साहिबगंज में एक दिवसीय दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले में जिले एवं राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठित नियोजकों की सहभागिता रही, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला। रोजगार मेले में कुल 15 नियोजक संस्थानों ने भाग लिया तथा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई। मेले में 1957 रिक्तियों के विरुद्ध चयन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें 153 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 313 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग, जेएसएलपीएस एवं आरसेटी द्वारा 87 युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने युवाओं को कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अपने भविष्य को सशक्त बनाने का संदेश दिया।जिला नियोजन पदाधिकारी-सह-जिला कौशल पदाधिकारी मनोज मनजीत ने उपस्थित अभ्यर्थियों एवं नियोजकों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं और उद्योग जगत के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करते हैं तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला प्रशासन, नियोजन विभाग, विभिन्न नियोजक संस्थानों, प्रशिक्षण संस्थानों एवं सहयोगी विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

# मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण माहौल हो मुहर्रम का त्योहार संपन्नः थाना प्रभारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राधानगर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, मुहर्रम का त्योहार उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल मे हो संपन्न**



**उधवा/साहिबगंज।**शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का त्योहार मनाने को लेकर उधवा अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल के नेतृत्व में राधानगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। इसके तहत लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का त्योहार मनाने का निर्देश दिया। फ्लैग मार्च के माध्यम से ग्राम वासियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। मुहर्रम का त्योहार उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने का संदेश दिया। इस दौरान अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने कहां कि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होना चाहिए।यदि विधि व्यवस्था भंग की जाएगी तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने कहां कि यदि कोई शांति सौहार्द बिगड़ने की कोशिश करे तो इसकी सूचना पुलिस को दे, ऐसे लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने, शरारती तत्वों का मनोबल कमजोर करने के साथ साथ जनता को सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल उत्पन्न कराने के लिए इस प्रकार की गतिविधियों आवश्यक है। जिलेवासियों शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने परिवार के साथ त्योहार मनाएं। किसी भी अफवाहों से बचें और अफवाह फैलाने वालों की सूचना प्रशासन को दे। पुलिस माहौल बिगाड़ने वालों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगी। उन्होंने ने कहा कि सोसल मीडिया पर किसी तरह की कोई विवादित पोस्ट न करें। उन्होंने कहा कि सोसल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर बनी है। किसी तरह का प्रदर्शन नही करें। आपसी सौहार्द बनाए रखे। पुलिस सभी स्थितियों को निपटने को लेकर तैयार है। मौके पर राजमहल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, एसआई पंकज कुमार दुबे, जुमराती अंसारी, सुबोध कुमार,गंगा प्रसाद यादव,संग्राम सिंह सोय, एएसआई हाकीम मुर्मू, बिकटा राम मुर्मू सरफुद्दीन खान, कन्हाई टुडू,शशिकांत यादव,मनोज कुमार पासवान,सहित अन्य पुलिस के सशस्त्र बल मौजूद थे।

## मुहर्रम पर आज परंपरागत तरीके से निकाला जाएगा अखाड़ा जुलूस

**साहिबगंज।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के मुहर्रम पर्व पर शुक्रवार को जिला भर में अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा। मुहर्रम को लेकर गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने यौमे आशूरा का रोजा रखा। वहीं कई इलाकों में इस दौरान लाठी खेल सहित अन्य करतब भी दिखा कर मुहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूस की तैयारी की गई। इस्लाम धर्म में मुहर्रम प्रमुख त्योहारो में से एक है। इस माह की बहुत विशिष्ट महत्ता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार मुहर्रम हिजरी संवत का प्रथम मास है। पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन एवं उनके साथियों की शहादत इसी माह में हुई थी। हजरत इमाम हुसैन की याद में या हुसैन, हसन-हुसैन के नारों के साथ जुलूस निकालने की परम्परा है। इधर निकलने वाले जुलूस के दौरान कौशल करतब दिखाने के लिए मुस्लिम समुदाय के युवकों ने तैयारी पुरी कर ली है। ढोल नगाड़े के साथ लाठी-डंडे तलवार बाजी के खेल की तैयारी हुई हैं। लाठी, डंडों तथा परम्परागत हथियारों से लैश हो कर शहर के विभिन्न मोहल्लों, गांवों व कस्बों से निकल कर नगर पंचायत क्षेत्र में अखाड़ा निकाला जाएगा।

# उप विकास आयुक्त एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने तोड़ाई आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

**निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई, शीघ्र हैंडओवर करने का दिया निर्देश**

**अन्य निमार्णाधीन स्वास्थ्य केंद्रों को भी समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर जोर**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** उप विकास आयुक्त एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत तोड़ाई स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ सब सेंटर) का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भवन की संरचना, उपलब्ध सुविधाओं एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विस्तृत अवलोकन किया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि तोड़ाई हेल्थ सब सेंटर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक है। उप विकास आयुक्त ने संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र हैंडओवर किया जाए, ताकि स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले में निमार्णाधीन अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं संवेदकों को निर्देश दिया कि शेष सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा निर्माण गुणवत्ता के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य अधोसंरचना का विकास सरकार की प्राथमिकता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से आमजन को उनके निकट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा नियमित निरीक्षण के माध्यम से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी की जाएगी।निरीक्षण के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला अभियंता, एई एवं जेई उपस्थित थे।

## वज्रपात से 4 मवेशियों की मौत, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने पीड़ित परिवार से मिलकर बंधाया ढाढस, मुआवजे की मांग की



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**सिंदरी/बलियापुर।** बिरसिंहपुर पंचायत के सुवरिया गांव में आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से एक गरीब पशुपालक बहादुर गोप के चार मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो तुरंत सुवरिया गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार के घर जाकर पूरी घटना का जायजा लिया और शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया।विधायक ने इस बड़ी क्षति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मौके से ही पशु चिकित्सालय के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने अंचल अधिकारी (सीओ) से फोन पर बात कर आपदा प्रबंधन विभाग के तहत पीड़ित गरीब परिवार को जल्द से जल्द उचित सरकारी मुआवजा दिलाने की मांग की।विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा, ₹मवेशी ही इस गरीब परिवार की जीविका के मुख्य साधन थे। इस दुख की घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। प्रशासन से वार्ता कर इन्हें हर संभव सरकारी सहायता और उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मुहर्रम त्यौहार को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा के मद्दे नजर किया गया फ्लैग मार्च



**पाकुड़ :** अनुदीप सिंह) भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के निदेर्शानुसार पाकुड़ जिला के विभिन्न थाना अंतर्गत मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़ एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ के नेतृत्व में पाकुड जिला के थाना नगर,मालपहाडी ओ0पी0, हिरणपुर थाना एवं व पाकुडिया थाना क्षेत्र अंतर्गत संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया ।इस फ्लैग मार्च में अंचलाधिकारी पाकुड/हिरणपुर/पाकुडिया /प्रखंड विकास पदाधिकारी हिरणपुर/ पु0नि0-सह-थाना प्रभारी) नगर/प्रभाग निरीक्षक महेशपुर/ओ0पी0 प्रभारी मालपहाड़ी एवं थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ थाना में प्रतिनियुक्त झा0स0पु0/आई0आर0बी0 एवं जिलाबल के जवानों को सभी सुरक्षा/दंगारोधी उपकरणों (लाठी) हेलमेट) बॉडी प्रोटेक्टर/टी0जी0 गन/वाटर कैनन इत्यादि) के साथ संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च में उपस्थित रहे। यह फ्लैग मार्च पैदल गस्त करते हुए नगर थाना क्षेत्र के सिद्धू-कान्हू पार्क से रविन्द्र चौक,अटल चौक, हाटपाड़ा, बिरसा चौक,अम्बेदकर चौक, गांधी चौक,विवेकानन्द चौक होते हुए मौलाना चौक तक,मालपहाड़ी ओ0पी0 क्षेत्र अंतर्गत सीतापहाड़ी, नबीनगर होते हुए नसीपुर तक,हिरणपुर थानान्तगर्त हिरणपुर बाजार होते हुए मोहनपुर,तोडाई,विपतपुर, खजूरडंगा इत्यादि, पाकुडिया थाना अंतर्गत पाकुडिया बाजार होते हुए मोंगलाबांध, झरना मोड़, सिद्धू-कान्हु चौक तक फ्लैग मार्च कर आमजनों से मुहरम पर्व-2026 को शांतिपूर्ण ?एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु अपील किया गया । इसके अतिरिक्त सभी संवेदनशील स्थानों/धार्मिक स्थलों एवं चौक-चौराहों में व्यापक रूप से प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधगकारी/बलों के साथ साथ थाना/ओ0पी0 में क्यू0 आर0टी0 में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी/बलों (झा0स0पु0) आई0आर0बी0 तथा जिलाबल) को अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड द्वारा संयुक्त रूप से ब्रिफिंग कर सभी सुरक्षा/दंगा रोधी उपकरण (हेल्मेट, लाठी, बॉडी प्रोटेक्टर,टी0जी0 गन) इत्यादि के साथ प्रतिनियुक्त स्थल पर 24 7 तैयारी हालत में रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

# अंधेरे में डूबा हुसैनाबाद रेलवे ओवर ब्रिज, हादसों का बढ़ा खतरा; नगर पंचायत अध्यक्ष ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हुसैनाबाद, पलामू:** हुसैनाबाद शहर का प्रमुख रेलवे ओवर ब्रिज इन दिनों घोर अंधेरे में डूबा हुआ है। ब्रिज पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह क्षेत्र दुर्घटना की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बन गया है। रात के समय राहगीरों, वाहन चालकों, छात्रों, मरीजों तथा कामकाजी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पंचायत हुसैनाबाद के अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने पलामू के उपायुक्त को पत्र लिखकर तत्काल प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा 25 जून 2026 को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि रेलवे ओवर ब्रिज पर पर्याप्त रोशनी के अभाव में आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अंधेरा होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, वहीं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने का खतरा बढ़ गया है।अध्यक्ष ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे स्थानीय लोगों में निराशा और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त से जनहित और जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेलवे ओवर ब्रिज पर शीघ्र स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था कराने का आग्रह किया है, ताकि नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह ओवर ब्रिज शहर की जीवनरेखा है। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं, बाजार जाने वाले लोग, मरीज और नौकरीपेशा व्यक्ति इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। रात के समय अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं के साथ-साथ चेन स्नैचिंग, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।अब लोगों की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं। देखना यह है कि उपायुक्त कार्यालय इस गंभीर जनसमस्या पर कितनी शीघ्रता से संज्ञान लेता है और हुसैनाबाद रेलवे ओवर ब्रिज पर कब उजाले की व्यवस्था हो पाती है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में लीगल लिटरेसी क्लब की बैठक, विद्यार्थियों को कानून और अधिकारों की दी गई जानकारी

**सिंदरी /धनबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में विद्यालय की ओर से लीगल लिटरेसी क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी दी गई तथा समाज में कानून की भूमिका को समझाया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वीवेंदु त्रिपाठी ने कहा कि लीगल लिटरेसी क्लब के माध्यम से कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को समय-समय पर जिला न्यायालय परिसर का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा, ताकि वे न्यायालय की कार्य प्रणाली को नजदीक से समझ सके और कानून के प्रति उनकी समझ विकसित हो सके। उन्होंने बताया कि क्लब के माध्यम से बाल विवाह निषेध, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, एंटी रैगिंग कानून ,यातायात सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम ,दहेज उत्पीड़न ,मानवाधिकार, दिव्यांग जनों के अधिकार ,पर्यावरण संरक्षण ,शिक्षा का अधिकार ,सूचना का अधिकार ,कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को नियमित रूप से जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक नागरिक बनाने तथा अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## जिला पंचायत राज पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों एवं प्रखंड समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित



**पाकुड़ :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में अपने वेश्म में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों एवं प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था।बैठक के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा की तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में पंचायत सचिवालयों के संचालन, ग्राम पंचायतों में अभिलेखों के संधारण, पंचायत बैठकों के नियमित आयोजन, ग्राम सभाओं की कार्यवाही, पंचायत परिसंपत्तियों के रख-रखाव, पंचायत विकास योजनाओं की प्रगति, पंचायतों में डिजिटल सेवाओं के उपयोग, पंचायत प्रोफाइल के अद्यतन, ऑनलाइन पोर्टलों पर समयबद्ध प्रविष्टि तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।उन्होंने सभी प्रखंड समन्वयक तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायतों का नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करें, कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही पंचायतों में स्वच्छता, पारदर्शिता एवं जनसहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया।बैठक में पंचायतों से संबंधित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों पर अद्यतन सूचना अपलोड करने, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, वित्तीय अनुशासन बनाए रखने तथा शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अधिकारियों को नियमित अनुश्रवण एवं प्रभावी समन्वय के माध्यम से पंचायतों के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।बैठक में प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, ई० पंचायत जिले के सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद तथा जिला पंचायत राज कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# दोषपूर्ण ट्रांसफार्मर और अधिकारियों की कार्यशैली पर भड़के नगर पंचायत अध्यक्ष, जीएम बिजली विभाग से की कार्रवाई की मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हुसैनाबाद, पलामू:**नगर पंचायत हुसैनाबाद के अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक (जीएम), मेदिनीनगर को पत्र भेजकर क्षेत्र में लगातार जल रहे ट्रांसफार्मरों, खराब विद्युत व्यवस्था और विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि विभाग द्वारा गुणवत्ताहीन एवं मरम्मत किए गए पुराने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है।अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा है कि भीषण गर्मी के बीच नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार ट्रांसफार्मर जलने की घटनाओं से आम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में रामबिगहा, मेंहदीनगर और खादी भंडार क्षेत्र के लिए तीन ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए गए थे, जिनमें दो नए और एक मरम्मत किया हुआ पुराना ट्रांसफार्मर था।पत्र के अनुसार, रामबिगहा वार्ड संख्या-3 में पुराने ट्रांसफार्मर भेजे जाने पर ग्रामीणों में भारी नाराजगी फैल गई और स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई। विवाद बढ़ने के बाद उक्त ट्रांसफार्मर को दो दिनों तक हुसैनाबाद थाना परिसर में रखना पड़ा।अजय कुमार भारती ने इस पूरे मामले के लिए बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उन्हें लिखित रूप से अवगत कराने और कई बार दूरभाष पर संपर्क करने के बावजूद न तो उनकी शिकायतों पर ध्यान दिया गया और न ही किसी प्रकार की सकारात्मक पहल की गई। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों की बात तक नहीं सुनी जा रही है, तो आम जनता की समस्याओं के प्रति विभाग की संवेदनशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने महाप्रबंधक से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, संबंधित कार्यपालक अभियंता के आचरण एवं कार्यशैली की समीक्षा करने तथा आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने हुसैनाबाद क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और स्थायी समाधान के लिए जर्जर बिजली तारों को बदलने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने का आग्रह किया है।उन्होंने इस पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त पलामू, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, ऊर्जा विभाग तथा मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को भी प्रेषित की है।

## हांजेला शेख की जेल से रिहाई; कार्यकताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत




**पाकुड़:** एसडीपीआई प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य हांजेला शेख के जेल से बाहर आने पर उनके समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया। कारागार से रिहा होते ही वहां मौजूद सैकड़ों कार्यकताओं ने फूलों के हार और नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए हांजेला शेख ने सभी शुभचिंतकों, पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि न्याय की इस लड़ाई में कार्यकताओं का अटूट विश्वास और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। उन्होंने दोहराया कि वे जनता के अधिकारों और जनहित के मुद्दों के लिए अपनी आवाज बुलंद रखना जारी रखेंगे। रिहाई के बाद कार्यकताओं ने एक रैली के रूप में उन्हें जेल गेट से मुख्य सड़क तक पहुंचाया। इस दौरान, अधिवक्ता अब्दुल हन्नान, एसडीपीआई पाकुड़ जिला अध्यक्ष मुबारक शेख, प्रखंड अध्यक्ष मोसा शेख और बड़ी संख्या में कार्यकता उपस्थित रहे, जिन्होंने हांजेला शेख को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# उप विकास आयुक्त ने की समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

**आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाएं, पोषण ट्रैकर एवं AAPAR ID कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

**निमार्णाधीन 62 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** जिला समाज कल्याण कार्यालय, पाकुड़ द्वारा गुरुवार को उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, पोषण कार्यक्रमों, आधारभूत संरचना विकास, लाभुकों के पंजीकरण तथा केंद्रों के प्रभावी संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों की एजेंडावार समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए पेयजल, शौचालय, विद्युत कनेक्शन एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सरकारी आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन, पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता से संबंधित अद्यतन सूची शनिवार की शाम तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।मनरेगा अभिसरण योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिन भवनों का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाए तथा सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए।

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पड़े सेविका एवं सहायिका पदों पर भी चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया में तेजी लाने एवं यथाशीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि केंद्रों का संचालन सुचारु रूप से हो सके और लाभुकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पोषण ट्रैकर ऐप की समीक्षा के दौरान लाभुकों की शत-प्रतिशत FRS एंट्री सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से कम उपलब्धि वाले परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित कर्मियों को नियमित रूप से डेटा अद्यतन करने एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में प्रतिमाह कम-से-कम दो सामुदायिक आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा उसकी प्रविष्टि पोषण ट्रैकर ऐप में अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि समुदाय की सहभागिता से पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंच सकेगा। AAPAR ID निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान इसकी प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आधार निर्माण कार्य के साथ-साथ अअढअफ क्ष्ऊ निर्माण में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना**

की समीक्षा के दौरान सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को न्यूनतम पांच लाभुकों की प्रविष्टि सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही योजना के अंतर्गत लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित कर पेंडेंसी को शून्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले में निमार्णाधीन 62 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को भी कहा गया, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता का आकलन किया जा सके। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जवाबदेही, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर पलामू डीसी व एसपी पहुंचे छतरपुर थाना, लिया जायजा,पर्व आपसी तालमेल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं: उपायुक्त



**छतरपुर:** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पलामू उपायुक्त दिलीप सिंह शेखावत एवं पलामू पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने छतरपुर थाना पहुंचकर विधि-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुहर्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जुलूस के सभी मार्ग की निरीक्षण की भी बात कही गई। इस दौरान पलामू उपायुक्त श्री शेखावत ने बताया कि मोहर्रम का यह पर्व आपसी तालमेल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। बताया कि आगामी पर्व को लेकर के हम लोगों ने क्षेत्र भ्रमण कर जायजा ले रहे हैं। बताया कि किसी भी समस्या से निपटने के लिए छतरपुर प्रशासन हमेशा आप सबके लिए तत्पर है। मौके पर मौजूद एसपी श्री चौधरी ने बताया कि आपसी भाईचारे के साथ सभी शांतिपूर्ण रूप से यह पर्व मनाएं।आप लोगों के सेवा में पुलिस हर मोड़ पर मुस्तैद है। इस मौके पर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी गणेश महतो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रशांत कुमार, छतरपुर नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन, छतरपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, एसआई सुरेंद्र राम, निर्मल कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, इंद्रजीत राणा, गुंजा कुमारी सहित अन्य पुलिस के जवान एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरडीएसएस कार्यों को एक माह में पूर्ण करने तथा लंबित विद्युत परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

**उपायुक्त ने विद्युत विभाग की योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की**

**प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, पाकुड़ की विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता तथा विभिन्न कार्यदायी एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।इस दौरान जिले में संचालित विद्युत अवसंरचना विकास से संबंधित योजनाओं एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एम/एस टेक्नो पावर एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निष्पादित कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाई गई।उपायुक्त ने कार्यदायी एजेंसी को निर्देश दिया कि शेष सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर एक माह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि आम उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिल सके। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह विद्युतीकरण योजना की समीक्षा के दौरान एम/एस मां इंफाटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। बैठक में एजेंसी के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एजेंसी के विरुद्ध शोकाज जारी करने तथा अगली समीक्षा बैठक में उनकी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यों में अपेक्षित गति लाते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में लिट्टीपाड़ा में प्रस्तावित विद्युत उपकेन्द्र हेतु भूमि हस्तांतरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अंचलाधिकारी, लिट्टीपाड़ा को भूमि हस्तांतरण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर आवश्यक औपचारिकताएं अविलंब संपन्न करने का निर्देश दिया, ताकि परियोजना का कार्य समय पर प्रारंभ किया जा सके।

इसके अलावा गोड्डा- जियापानी 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शेष टावरों की स्थापना एवं अन्य लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय होगी। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने योजना के व्यापक प्रचार- प्रसार पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ता इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि यह योजना स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम नागरिकों के बिजली खर्च को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि विद्युत क्षेत्र से जुड़ी सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## मोहर्रम को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पतरातूः** मुहर्रम पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए गुरुवार को पतरातू क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह सहायक पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में क्रमशः बरकाकाना ओपी, भदानीनगर ओपी, भुरकुंडा ओपी, बासल थाना और पतरातू थाना में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान संवेदनशील स्थानों का ड्रोन से निरीक्षण भी किया गया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से मुहर्रम पर्व शांति और सद्भाव के साथ मनाने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई। सभी अखाड़ों को निर्धारित रूप पर ही जुलूस निकालने के निर्देश दिए गए। वहीं अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट नहीं करने की हिदायत दी।फ्लैग मार्च में अंचल अधिकारी पतरातू मनोज कुमार चौरसिया, थाना प्रभारी पतरातू शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे।

## मिशन चौक में श्रीराम दरबार मंदिर निर्माण शिलान्यास किया गया महाआरती

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



लोहरदगाः नगर क्षेत्र के मिशन चौक स्थित श्रीराम दरबार न्यास के तत्वावधान में प्रस्तावित भव्य श्रीराम दरबार मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। भूमि पूजन के उपरांत आयोजित महाआरती में श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और मंगलकामना की। मंदिर परिसर को फूलों, आकर्षक रोशनी और भक्ति संगीत से सजाया गया था। आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए और लगातार जय श्रीराम के जयकारे लगाते रहे।कार्यक्रम में कन्याओं की विशेष भागीदारी रही। पूजा अग्रवाल, राजनंदनी कुमारी, मानसी कुमारी, कुमारी अंतरा, प्रियंका साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिला पूजन एवं महाआरती में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श, मयार्दा और जीवन मूल्यों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने कहा कि प्रस्तावित श्रीराम दरबार मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं होगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।कार्यक्रम में अनिल कुमार गुप्ता, चंदन गोप, चंदन गोयल, सत्यम कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं न्यास के अध्यक्ष पंकज जायसवाल के साथ रोहित कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल, निशित जायसवाल, मनोज कुमार गुप्ता, दीपक जायसवाल, नवीन जायसवाल, पंकज महतो, रोहित साहू, रितेश कुमार साहू, राकेश सिन्हा गुड्डन, नीरज जायसवाल, उमेश जायसवाल, सुनील जायसवाल, सुनील अग्रवाल, प्रवीण जायसवाल, अरविंद जायसवाल, पहलवान सिंह, दीपक साहू, संजय अग्रवाल, सचिन कुमार साहू, राकेश सिंघल, विनय अग्रवाल, उज्ज्वल बंसल, आलोक मित्तल, ओम केसरी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी मौजूद थे। भूमि पूजन एवं महाआरती कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ तथा मंदिर निर्माण को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## आपातकाल के काले अध्याय और मोदी सरकार की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**लोहरदगाः** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और जनसंपर्क को व्यापक बनाने के उद्देश्य से लोहरदगा जिले में दो दिवसीय विशेष प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने की, जबकि प्रदेश नेतृत्व की ओर से नियुक्त जिला प्रभारी एवं प्रवासी नेता के मार्गदर्शन में विभिन्न संगठनात्मक बैठकें आयोजित हुईं। बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ कार्यकताओं ने भाग लिया। इस दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने तथा जन समस्याओं के समाधान को लेकर रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा बैठक में केंद्र की भाजपा सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ल के प्रभाव तथा जनसेवा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने संकल्प लिया कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और मोहल्ले तक पहुंचकर जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा।आपात काल को याद कर लोकतंत्र पर चर्चा25 जून को आपातकाल की वर्षगांठ के अवसर पर बैठक में आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए उसके प्रभावों पर चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि नई पीढ़ी को देश के लोकतांत्रिक इतिहास के इस दौर से अवगत कराना आवश्यक है।प्रबुद्ध जनों और आपातकाल सेनानी का सम्मान प्रवास कार्यक्रम के दौरान ह्यप्रबुद्ध जन संपर्क अभियानह्ल के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल से उनके आवास पर मुलाकात कर सम्मानित किया गया। वहीं, आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले उमेश कांस्यकार को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, ब्रज बिहारी प्रसाद, श्रीचंद प्रजापति, अशोक खत्री, जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज और जिला महामंत्री मिथुन तमेड़ा उपस्थित रहे।संगठन विस्तार और जनजातीय विकास पर भी हुई चर्चा ह्यचाय पर चर्चाह्ल कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता दिलीप पटनायक के आवास पर संगठन विस्तार को लेकर बैठक हुई। वहीं भाजपा नेता पवन तिग्गा के आवास पर आयोजित बैठक में जनजातीय समुदाय के विकास, उनके अधिकारों की रक्षा तथा कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर चर्चा की गई।

**बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता**

दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, ब्रज बिहारी प्रसाद, उमेश कांस्यकार, श्रीचंद प्रजापति, विप्लव आजाद शत्रु, सरिता देवी, कलावती देवी, राजीव रंजन, जगनंदन पौराणिक, पशुपति पारस, मिथुन लॉयड, भारती सिन्हा, मीना बाखला, शुकुल राम, संजय चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह प्रवास कार्यक्रम संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और आगामी चुनावी तैयारियों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## सिंदरी एफसीआईएल मुख्य बाजार में आवारा कुत्ते का आतंक, लगभग एक दर्जन लोगों को काटा



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**सिंदरी/ धनबाद।** एफसीआईएल मुख्य बाजार में एक आवारा काले रंग के कुत्ते के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। बताया गया कि बुधवार को कुत्ते ने बाजार क्षेत्र में करीब 10 से 12 लोगों को काटकर घायल कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ते के सिर पर हल्की चोट भी है, जिसके कारण उसके व्यवहार में आक्रामकता देखी जा रही है। घटना के बाद बाजार के व्यवसाईयों, दुकानदारों और ग्राहकों में भय व्याप्त है। लोगों का कहना है कि कुत्ते के डर से कई जरूरतमंद लोग बाजार आने से भी कतरा रहे हैं। घायल लोगों को उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र का रूख करना पड़ा, लेकिन वहां एंटी- रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जाना पड़ रहा है, जो सिंदरी से लगभग 28 किलोमीटर दूर है। व्यवसायियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। फिलहाल बाजार क्षेत्र में लोग सतर्कता बरत रहे हैं और नगर निगम की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# एम्बुलेंस सेवा, भवन मरम्मती एवं रक्तदान गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश

**उपायुक्त ने रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यों की समीक्षा की**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसायटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों, राहत कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से संचालित गतिविधियों, उपलब्ध संसाधनों तथा जरूरतमंद लोगों को प्रदान की जा रही सहायता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सोसायटी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों ने बताया कि तीन एम्बुलेंस संचालित की जा रही हैं। सदस्यों द्वारा एम्बुलेंसों के नियमित रख- रखाव एवं संचालन व्यय को लेकर आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया गया। इस पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित हितधारकों की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि एम्बुलेंस सेवा के लिए एक व्यवहारिक एवं निर्धारित दर तय की जा सके। उन्होंने कहा कि प्राप्त राशि का उपयोग एम्बुलेंसों के रख- रखाव एवं बेहतर संचालन में किया जाएगा, जिससे आमजन को निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराई जा सके।बैठक में रेडक्रॉस भवन की मरम्मती एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का भी मुद्दा उठाया गया। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को भवन में आवश्यक मरम्मती एवं सुधार कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा नियमित रक्तदान शिविरों के आयोजन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है और आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी मानवीय सेवा, करुणा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का एक सशक्त माध्यम है। प्राकृतिक आपदाओं, आपातकालीन परिस्थितियों एवं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के समय रेडक्रॉस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समन्वित प्रयासों के साथ कार्य करते हुए समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक अधिकाधिक सहायता पहुंचाने का निर्देश दिया।बैठक में सिविल सर्जन, मुख्यालय डीएसपी, रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत से मिले ग्रामीण, समस्याओं से कराया अवगत



**लोहरदगाः** सांसद सुखदेव भगत से गुरुवार को उनके लोहरदगा स्थित आवास पर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सांसद की तबीयत पिछले दो दिनों से खराब रहने के बावजूद उन्होंने एक-एक कर सभी लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं।दूरदराज के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क, पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद, जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने, विद्यालयों के जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार सहित विभिन्न जनसमस्याओं को सांसद के समक्ष रखा।ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनसरोकार से जुड़े मुद्दों का त्वरित गति से निराकरण होना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।मौके पर ही सांसद ने कई मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।सांसद ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे स्वयं भी क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे, लोगों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को समझकर समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी तथा आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : कांग्रेस

**लोहरदगाः** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता उज्जवल प्रकाश तिवारी ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में देश की परीक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं,नीट पेपर लीक, सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन विवाद तथा शिक्षा क्षेत्र में केंद्र सरकार की कथित विफलताओं पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही गड़बड़ियों से देश के लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी दस्तावेज के अनुसार पिछले दस वर्षों में 89 परीक्षा पत्र लीक हुए, जिसके कारण 48 परीक्षाएं दोबारा आयोजित करनी पड़ीं। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक मामले से 20 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हुए हैं, जबकि परीक्षा के बढ़ते दबाव के कारण पिछले पांच वर्षों में 93 छात्रों की आत्महत्या के मामले सामने आए हैं।उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी निवेश लगातार घटा है। कांग्रेस के अनुसार यूपीए-2 के दौरान शिक्षा पर सरकारी व्यय 4.77 प्रतिशत था, जो वर्तमान में घटकर लगभग 2.50 प्रतिशत रह गया है। सीबीएसई मूल्यांकन प्रणाली पर उठाए सवालउज्जवल तिवारी ने सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि डिजिटलीकरण के बाद विद्यार्थियों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के पन्ने गायब होने, उत्तरों का अधूरा स्कैन होने तथा मूल्यांकन में तकनीकी त्रुटियों की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने दावा किया कि पुनर्मूल्यांकन विवाद में लगभग पांच लाख छात्रों को प्रभावित होना पड़ा। NTA की जवाबदेही तय करने की मांगकांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई द्वारा कई गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में महत्वपूर्ण समय के दौरान स्थायी नेतृत्व के अभाव से निगरानी और जवाबदेही प्रभावित हुई।उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली में व्याप्त खामियों की जवाबदेही तय करे तथा नीट सहित सभी राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था लागू करे। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, जिला महासचिव सदरुल अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उरांव, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दानिश अली, हरी भगत, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मुनीम अंसारी, रुस्तम अंसारी, हसबूल खान सहित अन्य कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धनबाद के नए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने किया पदभार ग्रहण



**धनबाद।**धनबाद के नए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार ओझा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अपर समाहर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला, बलियापुर के अंचल अधिकारी मुरारी नायक, झरिया के अंचल अधिकारी मनोज कुमार तथा विभाग के कर्मी मौजूद थें।

## मुहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क, डीसी-एसपी ने हुसैनाबाद व हैदरनगर में किया भ्रमण



**हुसैनाबाद ,पलामूः** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने गुरुवार को हुसैनाबाद तथा हैदरनगर क्षेत्र का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दिव्यांश शुक्ला, हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार तथा हैदरनगर थाना प्रभारी तंजीलुल मनान भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्गों, संवेदनशील स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। भ्रमण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने, नियमित गश्ती अभियान चलाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।अधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से भी संवाद कर प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मुहर्रम पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आपातकाल के स्याह दिनों को याद करना जरूरी



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

जसंजय गांधी ने इमरजेंसी के दो दिन बाद ही सूचना एवं प्रसारण मंत्री इंद्र कुमार गुजराल को हटाकर अपने करीबी विद्याचरण शुक्ल को मंत्री बना दिया और विद्याचरण शुक्ल के जरिए सरकार ने मीडिया पर मनमानी की। कड़ी सेंसरशिप की वजह से कई अखबारों का प्रकाशन बंद हो गया। पत्रकारों के लिए सरकार ने कोड ऑफ कंडक्ट बना दिया। 25 जून 1975 की रात 11 बजकर 45 मिनट पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने इमरजेंसी के अध्यादेश पर दस्तखत किए। इसी के साथ नागरिक अधिकार, स्वतंत्र विचरण, असहमति-विरोध के अधिकार, मुक्त लेखन आदि के दरवाजे बंद कर दिए गए। 26 जून की सुबह तानाशाही अमावस्या की काली अंधेरी रात की तरह छा चुकी थी। लगभग सभी प्रमुख नेता एवं लाखों कार्यकर्ता बिना कारण बताए जेल में डाल दिए गए। कई स्थानों पर पुलिस की ज्यादती देखने को मिली। उन दिनों लोकतंत्र की रक्षा करने लायक कोई संस्था नहीं बची। आपातकाल का विरोध करने वाले मीडिया का दमन किया गया। न्यायपालिका सत्ताधारी दल को नाखुश करने में संकोच करती दिखी। नौकरशाहों की चापलूसी के चलते प्रशासनिक संस्थाएं पंगु सी हो गईं। उन दिनों स्थिति यह थी कि इंदिरा गांधी के करीबियों को छोड़कर अन्य सभी संदेह के घेरे में थे।

देश में आपातकाल लगाया गया तो उसके पीछे संजय गांधी की अहम भूमिका रही। संजय गांधी ने अपनी युवा नेताओं की टीम के साथ आपातकाल के दौरान काफी जुल्म किए थे। संजय गांधी ने अपने करीबियों के साथ मिलकर आपातकाल में नसबंदी, दिल्ली के सौंदर्यीकरण के लिए जबरन झुग्गियों को उजाड़े जाने जैसे कई फैसले लिए, जिसकी वजह से भारत के आपातकाल को देश का सबसे काला दिन कहा जाता है। उस दौर में इमरजेंसी का विरोध करने की सजा जेल होती थी और इस दौरान 21 महीने में 11 लाख लोगों को गिरफ्तार कर जेलों में भेजा गया। इस दौरान लोगों ने शासन का क्रूर चेहरा देखा था, जिसमें जनता नहीं शासन और उसके आका सर्वशक्तिमान बन बैठे थे। लोक पीछे छूट गया था और तंत्र सर्वोपरि हो गया था।

कहा जाता है कि उस दौर में देश प्रधानमंत्री




कार्यालय से नहीं बल्कि प्रधानमंत्री आवास से चलता था, जहां संजय गांधी रहते थे। विपक्ष की आवाज को दबाने के बाद इंदिरा गांधी ने संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल पर भी रोक लगा दी। आपको बता दें कि संसद के दोनों सदन यानी लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही के पहला घंटे में संसद सदस्य कोई भी प्रश्न पूछ सकते हैं। इसे प्रश्नकाल बोलते हैं। लेकिन इंदिरा गांधी को उस दौर में प्रश्न पूछना भी बर्दाश्त नहीं था। इंदिरा गांधी के इस फैसले पर तब के लोकसभा अध्यक्ष जीएस ढिल्लों आंखें बंद किए रहे। इसके बाद इंदिरा गांधी ने संविधान में अपने हिसाब से संशोधन करने शुरू किए।

इंदिरा गांधी के आपातकाल के फैसले के खिलाफ कई लोगों ने कोर्ट में अपील की। तो 22 जुलाई 1975 को इंदिरा गांधी ने संविधान में संशोधन कर न्यायपालिका यानी कोर्ट से आपातकाल के फैसले पर सुनवाई का अधिकार ही छीन लिया। इसे 38वां संशोधन कहा जाता है। इसके बाद 39वां संविधान संशोधन कर कोर्ट से प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त व्यक्ति के चुनाव की जांच करने का अधिकार ही छीन लिया गया। यानी इंदिरा गांधी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट अब चुनाव में धांधली के मामले की सुनवाई कर ही नहीं सकता था।

इमरजेंसी में अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। सरकार अपने खिलाफ कोई भी आवाज नहीं सुनना चाहती थी। अब हम आपको बताते हैं कि किस तरह इमरजेंसी के रोड-रोलर से प्रेस की आजादी को कुचला गया। 25 जून 1975 की आधी रात को इमरजेंसी लगाई गई और अखबारों के दफ्तरों में उसी रात को पावर सप्लाई जानबूझकर काट दी गई ताकि ज्यादातर अखबार अगले दिन आपातकाल का समाचार ना छाप सकें। अखबारों के दफ्तरों को दो दिन बाद पावर सप्लाई की गई।

संजय गांधी ने इमरजेंसी के दो दिन बाद ही सूचना एवं प्रसारण मंत्री इंद्र कुमार गुजराल को हटाकर अपने करीबी विद्याचरण शुक्ल को मंत्री बना दिया और विद्याचरण शुक्ल के जरिए सरकार ने मीडिया पर मनमानी की। कड़ी सेंसरशिप की वजह से कई अखबारों का प्रकाशन बंद हो गया। पत्रकारों के लिए सरकार ने कोड ऑफ कंडक्ट बना दिया। अखबारों के बोर्ड में सरकारी अफसर बैठा दिए गए। जो हर खबर पर नजर रखते थे। देश की चार बड़ी न्यूज एजेंसियों पीटीआई, यूएनआई, हिंदुस्थान समाचार और समाचार भारती का विलय करके सरकार ने एक समाचार एजेंसी बना दी थी। ताकि खबर का हर स्रोत पूरी तरह से सरकारी नियंत्रण में रहे। रायटर सहित कई विदेशी न्यूज एजेंसियों के टेलीफोन और दूसरी सुविधाएं खत्म कर दी गईं। 51 विदेशी पत्रकारों की मान्यता छीन ली गई। 29 विदेशी पत्रकारों को भारत में एंट्री देने से मना कर दिया गया।

ये भी बड़ी हैरानी की बात है कि आज हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री के लिए इमरजेंसी वाली कहानी एक सुपरहिट स्क्रिप्ट नहीं है। यानी इमरजेंसी का अनुभव फिल्म इंडस्ट्री के लिए इतना कड़वा रहा कि तमाम फिल्मकार इस विषय को फिल्मों में उठाने से बचते रहे। अभिव्यक्ति की आजादी को जिस तरह इमरजेंसी के दौरान कुचला गया। वैसा आजाद भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। लेकिन तब भी फिल्मी दुनिया का एक बहुत बड़ा तबका ऐसा था जो इंदिरा गांधी की अवहेलना नहीं करना चाहता था।

1975 में आपातकाल के इस काले अध्याय की नींव इंदिरा गांधी और उनके बेटे संजय गांधी ने मिलकर रखी थी। ये परिवारवाद का दौर था। तब भी मां-बेटे ही मिलकर सरकार चला रहे थे। और आज भी मां-बेटे मिलकर ही देश की सबसे पुरानी पार्टी यानी कांग्रेस चला रहे हैं। यह कांग्रेस के शासन का इतिहास है, किन्तु बहुत से कांग्रेसी दिखावा करते हैं कि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं या फिर वह लोगों की स्मृति से लोप हो गया है, किन्तु वे लोग जिनका लोकतंत्र में अटल विश्वास है, फिर से ऐसा नहीं होने देना चाहते। आतंक के दिनों को भूलना मुसीबतों को फिर से न्योता देने के समान है। इसलिए लोकतंत्र की खातिर आपातकाल की वर्षगांठ 25 जून पर इनके स्याह दिनों को याद करना जरूरी है। पीएम नरेंद्र मोदी नीत मौजूदा केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर 25 जून को "संविधान हत्या दिवस" घोषित कर दिया है। यह आपातकाल के दौरान शासन की ज्यादतियों की पुनः याद दिलाने और सबक लेने के लिए मनाया जाता है। आपातकाल के दौरान समूचा देश जिस तरह सरकारी जुल्म-ज्यादती का शिकार बना, उसकी मिसाल मिलना कठिन है। आपातकाल की वर्षगांठ पर हमें उन भयावह संवैधानिक संशोधनों पर भी नजर डालनी चाहिए जो कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान किए थे।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे, लेकिन उसके लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। कार्यों में सफलता मिलने से नई ऊर्जा का अनुभव करेंगे। निवेश से बचना होगा। पारिवारिक संबंध मधुर होंगे। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी से विवाद हो सकता है। सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के योग बनेंगे।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। लंबे समय से अटकी योजना पूरी हो सकती हैं। नौकरी के नए अवसर मिलने की संभावना रहेगी। कार्यभार अधिक होने से शारीरिक और मानसिक रूप से थकान महसूस करेंगे। खर्च की अधिकता रहेगी। परिवार में किसी से मनमुटाव हो सकता है। मित्रों की सलाह काम आएगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। यात्रा सुखद रहेगी। धर्म कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार की स्थिति यतावत रहेगी। कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे और मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा, अनावश्यक खर्च बढने से तनाव में रह सकते हैं। स्वास्थ्य की स्थिति कमजोर रहेगी। दाम्पत्य जीवन अच्छा रहेगा। धर्म-ध्यान में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक आयोजनों में शामिल हो सकते हैं। परिवार में बड़ों का स्नेह व विश्वास प्राप्त होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिल सकता है, लेकिन फैसले सोच-समझकर लेने होंगे। सौदे संभलकर करें, अन्यथा किसी बड़े नुकसान की भी संभावना रहेगी। मित्रों से अच्छे संबंध रहेंगे और परिवार में हर्ष-उल्लास का वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा वर्ग में उत्साह बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। यात्रा पर जाने से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी रहेंगे। आमदनी बढ? से मानसिक सुख की प्राप्ति होगी और परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। घर में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा और नौकरी में तरक्की के साथ स्थान परिवर्तन के योग रहेंगे। लम्बे समय से प्रयासरत कार्यों में सफलता मिलेगी। आमदनी में वृद्धि से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होने से तनाव झेलना पड़ सकता है। खान-पान में सावधानी रखें। मित्रों से कार्यों में मदद मिलेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आशानुरूप सफलता और फायदा मिलेगा। व्यापार में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से समाज में प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। अधिक परिश्रम से मानसिक एवं शारीरिक रूप से थकान व अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी मोटी यात्रा करना पड़ सकता है। परिवार के साथ समय बिताएंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। कारोबार में लाभकारी सौदे होंगे। व्यापारिक रुकावटें दूर होंगी। नए निवेश के अवसर मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। अनावश्य खर्चो पर नियंत्रण रखें। परिवार का माहौल सुखमय होगा। जीवनसाथी से सामंजस्य बना रहेगा। खान-पान का ध्यान रखें, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आ सकती है।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। संपर्कों के जरिए प्रगति के नए अवसर मिलेंगे, जिससे ऊर्जा व उत्साह से परिपूर्ण रहेंगे। पैतृक संपत्ति से धनलाभ होने के योग रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत का ख्याल रखें। यात्रा लाभदायी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन आर्थिक रूप से लाभकारी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा। नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। व्यक्तिगत स्वार्थ हावी हो सकता है। सेहत संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कारोबार के सिलसिले में यात्रा भी कर सकते हैं। परिवार में किसी से मनमुटाव की संभावना रहेगी।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापारियों को थोड़ी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कार्यभार बढ़ेगा और खर्च की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। सामाजिक कार्यों में मन लगेगा व समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण करेंगे। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि :-** आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार की स्थिति सामान्य रहेगी। सफलता के कई अवसर हाथ आएंगे, लेकिन काम का बोझ बढ? से कई मौके हाथ से फिसल भी सकते हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, इसलिए वाणी पर संयम रखकर वाद-विवाद से बच सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। निवेश सोच समझकर करें।

# ऋण के जाल में फंसे देशों से भारत के राज्यों को मिलती है सीख

विभिन्न राज्यों के वित्तीय घाटे की स्थिति एवं प्रवृत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर इस पर रोक लगने का समय अब आ गया है। उत्पादक कार्यों पर सब्सिडी दी जाय तो ठीक है परंतु यदि यह लोक लुभावन वायदों को पूरा करने पर दी जा रही है तो इन पर अब अंकुश लगाया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर कई विकासशील एवं अविकसित देशों पर लगातार बढ़ रहे ऋण के दबाव के चलते इन देशों की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव स्पष्टतः दिखाई दे रहा है। इन देशों द्वारा अपने नागरिकों को लम्बे समय तक मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराना जारी रखा गया है एवं यहां की सरकारों द्वारा अपने आय के साधनों में पर्याप्त वृद्धि नहीं की गई है। नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं को ऋण लेकर भी जारी रखना अब इन देशों के लिए आत्मघाती निर्णय साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है, और आज यह देश दिवालिया होने के मुहाने पर खड़े हैं तथा इन्हें अपना सामान्य प्रशासन चलाने के लिए खर्च करने हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक आंकलन के अनुसार, अक्टूबर 2025 में वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद का 98.9 प्रतिशत सार्वजनिक ऋण बकाया है, जो वर्ष 2030 तक 102.3 प्रतिशत तक बढ़ जाने की सम्भावना है। विभिन्न देशों के सार्वजनिक ऋण, आय से अधिक खर्च करने की प्रवृति, अधिक ब्याज दर, आय में कम वृद्धि होना, आदि कारकों के चलते लगातार बढ़ता जा रहा है। विकासशील एवं अविकसित देश अपनी आय में वृद्धि नहीं कर पाते हैं परंतु, उन्हें अपने नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खर्च लगातार बढ़ाते रहना होते हैं। इन्हीं कारणों के चलते श्रीलंका, अर्जेंटीना, सूडान, ग्रीस, मालदीव, सेनेगल, आदि देशों में तो आर्थिक आपातकाल की घोषणा करनी पड़ी थी एवं विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थानों द्वारा इन देशों की मदद के लिए आगे आना पड़ा था, अन्यथा यह देश लगभग दिवालिया घोषित होने की स्थिति में पहुंच गए थे। वर्ष 2025 में विश्व के प्रथम 10 देशों में, जिनका ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत सबसे अधिक है, शामिल हैं- जापान (229.6 प्रतिशत), सूडान (221.5 प्रतिशत), सिंगापुर (175.6 प्रतिशत), ग्रीस (146.7 प्रतिशत), बहरीन (142.5 प्रतिशत), इटली (136.8 प्रतिशत), मालदीव (131.8 प्रतिशत), अमेरिका (125 प्रतिशत), सेनेगल (122.9 प्रतिशत) एवं फ्रान्स (116.5 प्रतिशत)।

ग्रीस, घाना, हैती, मोजांबीक, पाकिस्तान, जाम्बिया, फिलिपींस, श्रीलंका, कीन्या, अर्जेंटीना, आदि देशों द्वारा अधिक मात्रा में लिए गए ऋण के चलते इनकी वित्तीय स्थिति डावांडोल हो चुकी है। इन देशों द्वारा अपने खर्चों को व्यवस्थित तरीके से नहीं किया गया था एवं केवल जनता को मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराना लम्बे समय तक जारी रखा गया था तथा साथ में आय बढ़ाने के साधनों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। इससे इन देशों का बजटीय घाटा लगातार बढ़ता रहा तथा मजबूरी में



इन्हें अपने साधारण सरकारी कामकाज चलाने के लिए भी ऋण लेते रहना पड़ा है। वर्ष 2001 में युगांडा में वित्तीय संकट खड़ा हो गया था एवं उस समय पर युगांडा अपने सामान्य खर्चों को जारी रखने के स्थिति में भी नहीं था।

भारत में भी कुछ राज्य ह्यफ्रीबीह्व के नाम पर कुछ ऐसी योजनाएं चला रहे हैं जिनके अंतर्गत राज्य की जनता के बिजली एवं पानी के बिल समय समय पर माफ किये जा रहे हैं। किसानों, बुजुर्गों एवं मातृशक्ति के बैंक खातों में सीधे ही कुछ राशि प्रति माह जमा की रही है। जबकि, इन राज्यों की वित्तीय स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि इनके बजट इस अतिरिक्त खर्च को वहन कर सकें। कुछ राज्य तो आज मजबूरी में इन योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए बाजार से ऊंची ब्याज दर पर ऋण भी लेने लगे हैं। जिसका प्रभाव इन राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विपरीत रूप से पड़ रहा है। यदि समय पर ये राज्य नहीं चेते एवं इन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं किया तो ये राज्य अपने भारी भरकम ऋणों पर ब्याज अदा करने में चूक करने की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर तौर पर जब राज्यों की आर्थिक स्थिति की चर्चा होती है तो इसका असर राज्यों के विकास और इन राज्यों में निवास कर रहे नागरिकों के जीवन पर भी पड़ता है। लोकलुभावन राजनीति इन राज्यों की वित्तीय स्थिति को बहुत बुरे तरीके से प्रभावित कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन में भी राज्यों की वित्तीय स्थिति को लेकर कई गंभीर पहलु और सवाल खड़े किए गए हैं। विशेष रूप से पंजाब, केरल, झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल आदि राज्य बढ़ते कर्ज के बोझ तले दबे जा रहे हैं और इन राज्यों की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। हाल ही के समय में पंजाब, केरल, राजस्थान, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की वित्तीय सेहत बहुत बिगड़ी है। सभी राज्यों की वित्तीय सेहत का विस्तार से आकलन करने पर ध्यान में आता है कि कई राज्यों द्वारा अनियंत्रित रूप से चलाई जा रही मुफ्त योजनाओं, लोकलुभावन घोषणाओं, अत्यधिक सब्सिडी देने एवं पुरानी पेंशन योजना बहाली से इन राज्यों की वित्तीय सेहत बहुत बुरी तरह से बिगड़ रही है। राज्य, विशेष रूप से सत्ता प्राप्त करने के उद्देश्य से, कई लोकलुभावन घोषणाएं करते हैं जैसे कि बिजली एवं पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का वादा, उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करने का वादा आदि जिसका सीधा असर राज्य की माली हालत पर पड़ता है।

# मौका निकल न जाए

नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के पांचवें दौर की रिपोर्ट (एनएफएचएस-5) के मुताबिक देश में टोटल फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) यानी प्रति महिला बच्चों के जन्म की संख्या दो पर आ गई है। 2015-16 में टीएफआर 2.2 थी। ध्यान रहे आबादी में बढ़ोतरी की रफ्तार को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रति महिला औसत जन्म दर 2.1 होनी चाहिए। मुस्लिमों के लिए भी यह गिरकर 2.36 आ गई है और एनएचएफएस-4 से एनएफएचएस-5 के बीच सबसे तेज गिरावट इसी समुदाय में आई है। यह बात इसलिए मायने रखती है क्योंकि इसका राजनीतिक मुद्दे के तौर पर इस्तेमाल होता आया है। खैर, प्रति महिला औसत जन्म दर के 2 तक आ जाने का मतलब है कि देश की जनसंख्या जितनी है, उतनी बनी रहने के लिए जरूरी जन्मदर भी नहीं रही। इसका पहला प्रत्यक्ष परिणाम यह होगा कि कुछ वर्षों में हमारी आबादी में युवा और कामकाजी लोगों का अनुपात कम होने लगेगा। अभी हमारी करीब 64 फीसदी आबादी कामकाज के लायक है। अगले दस वर्षों में यह प्रतिशत बढ़कर 65 हो जाएगा। लेकिन इसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरू हो जाएगी। इसे




औसत उम्र के जरिए समझने की कोशिश करें तो भारत में अभी औसत उम्र 28 वर्ष है। 2026 तक यह बढ़कर 30 वर्ष और 2036 तक 35 वर्ष हो जाएगी। साफ है कि यंग नेशन के रूप में हमें जो भी उपलब्धियां हासिल करनी हैं, उसके लिए हमारे पास ज्यादा वक्त नहीं है। हमने 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने का लक्ष्य रखा है। लेकिन यह लक्ष्य हासिल कर लें तो भी हमारी प्रति व्यक्ति जीडीपी रैंक 190 देशों में 135 के आसपास रहेगी। जाहिर है, देशवासियों के जीवन में खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए मिडल इनकम ट्रैप से निकलने की जरूरत है। मिडल इनकम ट्रैप का मतलब देश की प्रति व्यक्ति आय का ऐसे स्तर पर ठहर जाना होता है, जहां वह न तो ज्यादा गरीब हो और न उसकी कमाई में खास बढ़ोतरी की गुंजाइश हो। इस ट्रैप से निकलने में पहली बड़ी दिक्कत यह है कि देश में जो भी उपलब्ध संसाधन हैं, आबादी का बड़ा हिस्सा उनसे वंचित है।

वर्ल्ड इनइक्वलिटी रिपोर्ट 2022 के मुताबिक भारत में दस फीसदी आबादी के पास 65 फीसदी संसाधन हैं। मतलब 90 फीसदी लोग सिर्फ 35 फीसदी संसाधनों के बूते काम चला रहे हैं। स्वाभाविक ही व्यापक आबादी के लिए उपलब्ध अवसर भी इसी अनुपात में कम हो जाते हैं। दूसरी दिक्कत बेरोजगारी की है। स्किल्ड युवाओं की कमी के चलते हम अपनी कामकाज लायक आबादी का उपयुक्त इस्तेमाल नहीं कर पाते। पीरियॉडिक लेबर फोर्स 2019-20 के आंकड़ों के मुताबिक देश में 15 साल से ऊपर के लगभग 97 फीसदी लोगों ने कोई तकनीकी पढ़ाई नहीं की है। मगर अभी भी देर नहीं हुई है। इससे पहले कि मौका हाथ से पूरी तरह निकल जाए, सरकार को स्किल डिवेलपमेंट और एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन पर ज्यादा से ज्यादा जोर देकर युवा आबादी का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल कर लेना चाहिए।

# प्राथमिकता में हो महंगाई नियंत्रण, आवश्यक हो गया था रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप

कोविड के बाद हम जिस आर्थिक रिकवरी की उम्मीद में आगे बढ़ रहे थे उस पर बढ़ती महंगाई ने प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए अब सरकार को भी कुछ कदम उठाने होंगे क्योंकि रिजर्व बैंक अपना काम कर चुका है। महंगाई की विकराल होती समस्या से निपटने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को मौद्रिक नीति की समीक्षा के पहले ही नीतिगत दरों में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा। रिजर्व बैंक को जून में मौद्रिक नीति समीक्षा करनी थी और उसमें यही अनुमान लगाया जा रहा था कि केंद्रीय बैंक दरें बढ़ाएगा, लेकिन उसके पूर्व ही गत बुधवार को आरबीआइ ने रेपो रेट में 40 आधार अंकों की बढ़ोतरी की। इस बढ़ोतरी के बाद रेपो दर 4 प्रतिशत से बढ़कर 4.40 प्रतिशत हो गई। रेपो वह दर है जिस पर बैंक तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आरबीआइ से कर्ज लेते हैं। महंगाई बढ़ने पर आरबीआइ रेपो रेट को बढ़ा देता है। ब्याज की इस दर के बढ़ने से केंद्रीय बैंक से पैसा उधार लेना अधिक महंगा हो जाता है और अंततः बाजार में पैसे की तरलता यानी लिक्विडिटी कम होती है। रेपो दर के साथ ही आरबीआइ ने नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया। इस फैसले से बैंकों को अतिरिक्त राशि आरबीआइ के पास रखनी होगी। आरबीआइ वित्तीय तंत्र से तरलता निकालना चाहता हो तो वह सीआरआर रेट बढ़ा देता है। सीआरआर जमाकताओं के पैसे का वह प्रतिशत है, जो वाणिज्यिक बैंकों को अनिवार्य रूप से रिजर्व बैंक के पास रखना होता है। सीआरआर में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी से बैंकिंग तंत्र से 87,000 करोड़ रुपये निकल जाएंगे।

रेपो दर जनवरी 2014 में 8 प्रतिशत के स्तर से कोरोना के चलते मई 2020 तक गिरकर 4 प्रतिशत हो गई थी, लगभग चार वर्षो में पहली बार इसे बढ़ाया गया है। इस फैसले को आर्थिक दृष्टि से सकारात्मक माना जा रहा है, क्योंकि इसका उद्देश्य उच्च मुद्रास्फीतिक दबाव को नियंत्रण में रखते हुए आर्थिक वृद्धि को गति देना है। हालांकि इससे घर, वाहन और अन्य व्यक्तिगत एवं कारपोरेट ऋणों पर समान मासिक किस्त (ईएमआई) का बोझ भी बढ़ जाएगा। फिर भी यह कदम मुद्रास्फीति की उस दर पर लगाम लगाने में कुछ हद तक सहायक होगा, जो पिछले तीन महीनों से 6 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। साथ ही बैंक और एनबीएफसी जमा और छोटी बचत योजनाओं जैसे बचत उत्पादों पर रिटर्न से निश्चित आय वाले निवेशकों को फायदा होगा। चालू वित्त वर्ष में रेपो दर में 100 आधार अंकों की बढ़ोतरी की उम्मीद है। यानी अभी रिजर्व बैंक के पास 60 आधार अंकों की बढ़ोतरी की गुंजाइश शेष है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति कमेटी को काम दिया गया था कि 31 मार्च, 2026 तक खुदरा महंगाई को 2 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच रखे, किंतु ऐसा होता दिख नहीं रहा था। अब सवाल यह उठता है कि क्या महंगाई केवल इस कदम से नियंत्रण में आ जाएगी तो जवाब होगा कि उसके लिए और उपाय करने होंगे। केवल ब्याज दरें बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं। चूंकि महंगाई का मुद्दा राजनीतिक रूप से भी बहुत संवेदनशील है तो अब सरकार को भी कुछ कदम उठाने होंगे, क्योंकि रिजर्व बैंक तो अपना काम कर चुका है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण है तेल। फिर चाहे चाहे वह ईंधन हो या फिर खाद्य तेल, उन पर हमारी कमाई का पहले से कहीं ज्यादा हिस्सा खर्च हो रहा है।



# 26, 27, 28 जून को बिहार के इन जिलों में रहेगा आंधी-तूफान, वज्रपात और बारिश का दौर, आईएमडी का डबलअलर्ट

**एजेंसी**



**पटना:** गर्मी से बेहाल बिहार के लोगों के लिए अच्छी खबर है. पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि 26 जून को बिहार के कई जिलों में मौसम खराब रह सकता है. बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, लखीसराय और बेगूसराय में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में भारी बारिश, गरज-चमक, वज्रपात और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है.

**इन जिलों में 26 जून को येलो अलर्ट**

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 26 जून को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया, मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज में येलो अलर्ट रहेगा. इन इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है.

**27 जून को कई जिलों में तेज हवा और बारिश की चेतावनी**

27 जून को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, पटना, गया, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, जमुई और बांका में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि इन जिलों में तेज बारिश, गरज-चमक और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है. सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, भागलपुर और अन्य आसपास के जिलों में येलो अलर्ट रहेगा.

**28 जून को भी कई जिलों में बारिश का असर**

28 जून को पटना, गया, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, वैशाली, समस्तीपुर, सहरसा और मधेपुरा समेत कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में तेज हवा, गरज-चमक और बारिश की संभावना है. कुछ जगहों पर वज्रपात का खतरा भी बना रह सकता है.पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज में भी अगले तीन दिनों तक बारिश और तेज हवा का असर रह सकता है. कई जगहों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है. खेतों में काम करने वाले किसानों को मौसम को लेकर खास सावधानी बरतने की जरूरत है.

**मौसम विभाग की सलाह**

मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभे और जलभराव वाले स्थानों से दूर रहने की अपील की है. वज्रपात के समय घर या सुरक्षित पक्के भवन में रहना बेहतर है. किसानों को खेतों में काम करने से पहले मौसम की जानकारी लेने की सलाह दी गई है. यात्रियों को भी घर से निकलने से पहले मौसम अपडेट जरूर देखना चाहिए

# बिहार में नई शिक्षक ट्रांसफर नीति, पोर्टल से ऑनलाइन तबादला.. महिला व दिव्यांग शिक्षकों को मिलेगी बड़ी राहतपटना

**एजेंसी**

**पटना:** बिहार में शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांगों के बीच शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है. राज्य सरकार ने प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों, प्रधान शिक्षकों तथा प्रधानाध्यापकों के तबादले के लिए नई नियमावली तैयार करने का फैसला किया है.

**पूरी तरह ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया:** 'बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026' लागू होने के बाद शिक्षकों का स्थानांतरण पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा. सरकार का दावा है कि इससे तबादला प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनेगी. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के हितों और कल्याण के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है.

**शिक्षकों की समस्याओं का समाधान:** नई नियमावली का उद्देश्य स्थानांतरण व्यवस्था को स्पष्ट, जवाबदेह और मानवीय बनाना है, ताकि शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े. शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की मजबूती में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकमहिला शिक्षकों को विशेष

**राहत:** नई व्यवस्था के तहत महिला शिक्षकों को विशेष राहत देने का प्रावधान किया गया है. प्रस्तावित नियमों के अनुसार महिला शिक्षकों को उनकी गृह पंचायत को छोड़कर उसी प्रखंड की निकटवर्ती पंचायत में पदस्थापित करने का अवसर मिलेगा. इससे उन्हें परिवार और नौकरी के बीच बेहतर संतुलन बनाने में मदद मिलेगी. वहीं पुरुष शिक्षकों को गृह प्रखंड से अलग जिले के भीतर किसी नजदीकी प्रखंड में पदस्थापित किया जा सकेगा.

स्थानांतरण प्रक्रिया में किसी दी जाएगी प्राथमिकता: शिक्षा मंत्री ने बताया कि नई नियमावली में केवल प्रशासनिक जरूरतों को ही नहीं, बल्कि शिक्षकों की व्यक्तिगत और पारिवारिक परिस्थितियों को भी महत्व दिया गया है. स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, दिव्यांगता, पति-पत्नी का एक ही स्थान पर पदस्थापन और अन्य मानवीय आधारों को स्थानांतरण प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी. उनका कहना है कि जब शिक्षक स्वयं संतुष्ट और सुरक्षित महसूस करेंगे, तभी वे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दे सकेंगे.

# नागपुर के बिजनेसमैन 5 करोड़ की डील करने नवादा आए, बंधक बनाकर 51 लाख ठगने की कोशिश

**एजेंसी**




**नवादा :** नवादा में जमीन खरीद-फरोख्त का एक संगीन मामला सामने आया है. महाराष्ट्र के नागपूर से 5 करोड़ की जमीन बेचने आए लोगों को बंधक बना जबरन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा 51 लाख रुपए के गबन का झूठा केस दर्ज कराने वाले अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मामले में नागपूर के पीड़ितों व बिचौलिए को पुलिस ने उड़ीसा से बरामद किया है.

**बेटी को जापान भेजने के लिए बेच रहे थे पुस्तैनी जमीन**

रजौली पुलिस ने सूझबूझ से कार संख्या एमएच-49 बीआर-5495 पर सवार नागपुर निवासी सुनील काले व विजय वनवे एवं बिचौलिए डीह रजौली निवासी संतोष पाण्डेय को उड़ीसा से हिरासत में लिया. पूछताछ में सुनील काले ने बताया कि वे सिविल इंजीनियर हैं और बेटी को उच्च शिक्षा के लिए जापान भेजने को 90 लाख की जरूरत थी, जिसके लिए पुस्तैनी जमीन बेच रहे थे.गैरिबा निवासी कृष्णदेव सिंह के पुत्र पंकज सिंह ने मई में नागपुर से लौटे संतोष पाण्डेय से नागपुर में जमीन खरीदने की इच्छा जताई थी. संतोष ने नागपुर में सुनील काले से प्रस्ताव रखा. जून के पहले सप्ताह में पंकज नागपुर गया, जहां उसका गर्मजोशी से स्वागत हुआ. नागपुर में पंकज ने खुद को गोल्ड मेकिंग कारखाने एवं कोयला खदान का मालिक बताया था. नागपुर में जमीन देखकर पंकज ने रजौली में कैश देने का वादा कर सुनील काले व विजय वनवे को जून के तीसरे सप्ताह में रजौली बुलाया.

**मौका मिलते ही होटल से फरार हुए नागपुर के लोग**

वहीं मौका मिलने पर डर के मारे रात में तीनों जान बचाकर होटल से निकले और कार से भाग निकले. 22 जून की सुबह फोन पर कहासुनी के बाद पंकज ने रजौली थाने में नागपुर वालों पर 51 लाख लेकर भागने का झूठा केस दर्ज करा दिया.

**पंकज सिंह पर गंभीर आरोप, गोली मारने की धमकी देने का दावा**

नागपुर से आए सुनील काले व विजय वनवे के साथ संतोष पाण्डेय की निगरानी में रहे दो गन-मैन रोहतास जिले के मनोज सिंह और भोजपुर के अरुण कुमार ने होटल से निकालने में मदद की. दोनों गन-मैन ने बताया कि पंकज सिंह ने हस्ताक्षर करवाने के लिए पहले खुद के पैर पर गोली मारने और बाद में सुनील और विजय के सिर में गोली मारकर फेंकने की बात भी कही गई थी.

**गिरफ्तार पंकज निकला कुख्यात अपहरणकर्ता**

गिरफ्तार साजिशकर्ता पंकज सिंह बीते वर्ष 2014 में नगर थाना नवादा के थाना कांड संख्या 186/14 में जदयू नेत्री रेणु सिन्हा के पुत्र बिपिन का अपहरण कर फिरौती के लिए 50 लाख रुपए की मांग की गई थी और बाद में हत्या कर दी गई थी. दूसरी ओर कोडरमा जिले के तिलैया थाना कांड संख्या 59/14 में वाराणसी के रमेश सिंह के अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी. उक्त दोनों मामलों में न्यायालय द्वारा उम्रकैद की सजा भी सुनाई गई थी. इसके अलावे कई लोगों से जमीन के नाम पर 6 से 10 लाख रुपए ऐंठने के आरोप सामने आ रहे हैं. फिलहाल कोडरमा जिले के तिलैया थाना कांड मामले में उसे तीन माह पहले हजारीबाग जेल से बेल मिली है, इससे दो वर्ष पूर्व भी जदयू नेत्री रेणु सिन्हा के पुत्र बिपिन के अपहरण सह हत्या केस में उसे बेल दी गई थी.बुधवार को मेडिकल जांच के दौरान पंकज के परिजन रजौली अस्पताल पहुंचे और पुलिस गिरफ्त से छुड़ाने के लिए हंगामा करने लगे. अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर स्थिति नियंत्रित की गई. दो युवकों को हिरासत में लेकर एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है. हंगामा करने वालों को नोटिस दिया गया है. वहीं नागपुर से आए पीड़ितों ने बताया कि वे घटना को बुरा सपना समझकर लौट रहे थे, तभी उड़ीसा पुलिस ने पकड़कर रजौली पुलिस के हवाले कर दिया. पीड़ितों ने रजौली पुलिस की सराहना की. पुलिस मामले की अग्रतर जांच में जुटी है.


## संक्षिप्त खबर

### बिहार में हर्ष फायरिंग, भांजी की शादी में आए मामा की गोली लगने से मौत



**मुजफ्फरपुर :** बिहार के मुजफ्फरपुर में सनसनीखेज मामला सामने आया है. जिले के करजा थाना क्षेत्र के भटौना गांव में शादी समारोह की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब देर रात हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक को गोली लग गई. घायल युवक को परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.मृतक की पहचान रंजीत साहनी के रूप में हुई है, जो मुसहरी थाना क्षेत्र का निवासी था. वह रिश्ते में दुल्हन का सगा मामा था. जानकारी के अनुसार, भटौना गांव निवासी शंभू सहनी की भतीजी की शादी थी. घर में बारात के स्वागत और शादी की रस्मों को लेकर उत्साह का माहौल था. द्वारपूजा की तैयारी चल रही थी, तभी अचानक हर्ष फायरिंग हुई. इसी दौरान चली एक गोली रंजीत साहनी को जा लगी. गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई. घटना के तुरंत बाद परिजन रंजीत को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मौत की खबर मिलते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया. जहां कुछ देर पहले जश्न का माहौल था, वहां अब चीख-पुकार और मातम पसरा है. मृतक के परिजनों का कहना है कि शादी समारोह के दौरान किसी ने गोली चलाई, जिससे यह हादसा हुआ. घटना की सूचना मिलते ही करजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ समारोह में मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है. घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं. यह महज हादसा था या लापरवाही अथवा साजिश का मामला, इसकी जांच की जा रही है.

### सील होंगे खान सर और रौशन आनंद के कोचिंग सेंटर! अग्निशमन विभाग की जांच से मचा हड़कंप



**पटना:** लखनऊ के अलीगंज में हाल ही में हुए दर्दनाक अग्निकांड के बाद बिहार की राजधानी पटना में भी कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है. छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्निशमन विभाग ने शहर के सैकड़ों कोचिंग संस्थानों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराया है. जांच के दौरान कई बड़े और चर्चित कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है. इसके बाद अग्निशमन विभाग ने 80 कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर कमियां दूर करने का निर्देश दिया है. जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश पांडे के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत राजधानी के विभिन्न इलाकों में संचालित कोचिंग संस्थानों की जांच की गई. जांच के दौरान पाया गया कि कई संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से जुड़े आवश्यक मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है. कहीं आपातकालीन निकास द्वार (इमरजेंसी एग्जिट) की व्यवस्था नहीं है तो कहीं फायर स्टेयर अधूरा है. इसके अलावा कई जगहों पर स्प्रिंकलर सिस्टम और फायर अलार्म भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए. अग्निशमन विभाग की जांच में खान ग्लोबल स्टडीज, कौटिल्य जीएस टीचिंग सेंटर और ज्ञान बिंदु जीएस एकेडमी समेत कई प्रमुख कोचिंग संस्थानों में भी विभिन्न स्तरों पर सुरक्षा संबंधी कमियां चिन्हित की गई हैं. विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई किसी एक संस्थान के खिलाफ नहीं, बल्कि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है. जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश पांडे ने बताया कि जिन संस्थानों में कमियां पाई गई हैं, उन्हें नोटिस जारी कर 10 दिनों के भीतर सभी आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा कि विभाग लगातार निगरानी कर रहा है और निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद दोबारा निरीक्षण किया जाएगा. 22 जून को लखनऊ के कोचिंग संस्थान में आग लगने की घटना ने पूरे देश का ध्यान कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा की ओर खींचा है. घटना अलीगंज इलाके में हुई थी, जहां एक इमारत में भीषण आग लगी और महज कुछ ही घंटों में इस आग की चपेट में आने से 15 लोगों की जान चली गई थी.

### एक साल पहले हुई थी शादी, पति ने छोटे कद के कारण घर से निकाला.. गर्भवती महिला के लिए फरिश्ता बनें थानाध्यक्ष



**गया:** बिहार के गया जिले के डुमरिया प्रखंड में एक गर्भवती महिला की जान बचाने के लिए पुलिस फरिश्ता बनकर सामने आई. डुमरिया बाजार में प्रसव पीड़ा से तड़प रही 23 वर्षीय महिला को देख थानाध्यक्ष राजू कुमार ने तुरंत कार्रवाई की. महिला की हालत गंभीर देखते हुए डायल 112 की मदद से उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया. डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद महिला की स्थिति गंभीर पाते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया. आर्थिक संकट के कारण अस्पताल ले जाने में दिक्कत आने पर थानाध्यक्ष राजू कुमार ने खुद आगे बढ़कर मदद की. उन्होंने समाजसेवी संगठनों से संपर्क साधा और महिला को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की. मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान खून की जरूरत पड़ी तो कन्या विवाह विकास समिति के प्रभारी सचिव हसीबुल्लाह अंसारी ने तुरंत एक यूनिट ब्लड डोनेट किया. मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद कुमार यादव और पूर्व प्रमुख संतोष गुप्ता समेत कई समाजसेवियों ने भी इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. सभी की सामूहिक कोशिशों से महिला ने अस्पताल में एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया. फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं. मां फूल कुमारी की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए और उन्होंने सभी मददगारों का आभार व्यक्त किया. फूल कुमारी गया के छकरबंधा थाना क्षेत्र के मोहराम गांव की निवासी है. पिछले साल दूसरे राज्य के एक युवक से उसकी शादी हुई थी, लेकिन पति ने उसे छोड़ दिया. कम लंबाई होने के कारण पति ने उसे घर से निकाल दिया. बिना सहारे के वह 9 महीने की गर्भवती अवस्था में दर-दर भटक रही थी. डुमरिया थानाध्यक्ष राजू कुमार ने कहा कि पुलिस का काम सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना भी है. उन्होंने कहा, ह्रइंसानियत सबसे बड़ा धर्म है. यदि समय पर मदद न मिलती तो मां और बच्चे दोनों की जान जा सकती थी.ह्व फूल कुमारी अब आगे की कानूनी मदद भी लेने की सोच रही है.

# पटरी पर कई जिंदगियां कर रही थीं मौत का इंतजार.. तभी मसीहा बनकर पहुंचे भारतीय रेलवे के रियल हीरोज

**एजेंसी**



**समस्तीपुर:** बिहार के समस्तीपुर रेल डिवीजन के लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों ने हाल में ही अपनी सूझबूझ से कुछ ऐसा किया, जो वाकई तारीफ के काबिल है. उन्होंने साबित कर दिया कि वे सिर्फ ट्रेन को समय पर मंजिल तक पहुंचाने की ड्यूटी नहीं निभाते, बल्कि जरूरत पड़ने पर एक इंसान होने के नाते मदद के लिए भी सबसे पहले आगे आते हैं. पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में पिछले कुछ दिनों में जो कुछ भी हुआ, वह इस बात का सबूत है कि ये पायलट ट्रैक पर हर पल चौकन्ने रहकर लोगों की जान बचाने के लिए सजग हैं.

**घटना 1: पटरी पर लेटी मां-बच्चे के लिए बने मसीहा:** 22 जून 2026 को ट्रेन नंबर 63346 (समस्तीपुर - सहरसा सवारी गाड़ी) सहरसा की ओर जा रही थी. तभी सलौना और इमली स्टेशनों के बीच लोको पायलट अभय कुमार और सहायक लोको पायलट जय प्रकाश कुमार को रेल पटरी पर एक महिला अपने बच्चे के साथ लेटी हुई दिखाई दी. इसके बाद दोनों रेलकर्मियों ने नीचे उतरकर उस महिला को समझा-बुझाकर ट्रैक से हटाया और ग्रामीणों के सुरक्षित हाथों में सौंप दिया. ट्रैक क्लियर होने के बाद ही ट्रेन आगे रवाना हुई.

घटना 2: सूझबूझ से बची मासूम बच्चे की जान: 1 मई 2026 को ट्रेन नंबर 75230 (रक्सौल - दरभंगा सवारी गाड़ी) रक्सौल से दरभंगा की ओर जा रही थी. इसी क्रम में चालक दल को ढेंग और रीगा स्टेशनों के बीच अचानक ट्रैक पर एक लड़का लेटा हुआ दिखाई दिया. चालक दल के लोको पायलट पंकज कुमार और सहायक लोको पायलट श्रवण कुमार शर्मा ने पूरी सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए आपातकालीन ब्रेक लगाया. सही समय पर ट्रेन रुकने से बच्चे की जान बाल-बाल बच गई.

घटना 3: आत्महत्या के लिए ट्रैक पर लेटी महिला को सुरक्षित बचाया: इसी तरह की एक और गंभीर घटना 22 मई 2026 को तब सामने आई, जब लोको पायलट मनोज कुमार और सहायक लोको पायलट मनी भूषण कुमार एक गुड्स ट्रेन लेकर जा रहे थे. भारी-भरकम मालगाड़ी होने के बावजूद, जब उन्हें ट्रैक पर एक महिला लेटी हुई दिखाई दी, तो उन्होंने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाया.समस्तीपुर मंडल के इन सभी रेलकर्मियों को डिवीजन प्रशासन के द्वारा सराहना पत्र देकर सम्मानित किया गया.

# मुजफ्फरपुर में आग का तांडव, फैली दहशत, 12 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

**एजेंसी**



**.मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुजफ्फरपुर के बैरिया गोलंबर के पास बुधवार देर रात एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते उसने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और आसपास के बड़े पेड़ भी जलने लगे. घटना के बाद आसपास के रिहायशी इलाकों में दहशत फैल गई.

**मुजफ्फरपुर में कबाड़ दुकान में भीषण आग:** जानकारी के मुताबिक बैरिया गोलंबर से चांदनी चौक पुल जाने वाले रास्ते पर धर्मकांटा के पास स्थित दो गोदामों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और कबाड़ सामग्री रखी गई थी. बुधवार देर रात करीब 12:15 बजे अचानक इनमें आग लग गई. प्लास्टिक सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और कुछ ही देर में आसमान काले धुएं से भर गया.

**पांच मिनट में पहुंची फायर ब्रिगेड टीम:** अग्निशमन पदाधिकारी आर.एन. पांडे ने बताया कि रात 12:20 बजे आग लगने की सूचना मिली. सूचना मिलते ही पांच मिनट के भीतर पहली फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंच गई. शुरूआत में पांच बड़ी और तीन छोटी दमकल गाड़ियों को लगाया गया, लेकिन आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका.

**मौके पर पहुंची एक दर्जन से ज्यादा दमकल की गाड़ियां:** आग की गंभीरता को देखते हुए मोतीपुर से दो अतिरिक्त बड़ी दमकल की गाड़ियां बुलाई गई. साथ ही हाजीपुर और समस्तीपुर से भी अग्निशमन वाहन मंगवाए गए. कुल 12 दमकल की गाड़ियां मंगाई गई. स्थानीय लोगों के मुताबिक आग की चपेट में गोदाम के पास स्थित एक जेसीबी वर्कशॉप भी आ गया. इस दौरान वहां खड़ी तीन जेसीबी मशीनें जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं. हालांकि नुकसान का आधिकारिक आकलन जारी नहीं हुआ है.

**क्या कहते हैं एसपी ?:** घटना की सूचना मिलते ही पूर्वी एसडीएम तुषार कुमार, सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी और एसडीपीओ टाउन-2 विनीता सिन्हा सहित कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य की निगरानी करते रहे. सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम ने लगातार प्रयास कर आग पर काबू पाया. फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है. प्रारंभिक तौर पर किसी कारण की पुष्टि नहीं हुई है.

# गया जी के विष्णुपद मंदिर में आस्था का महासंगम, निर्जला एकादशी पर लाखों श्रद्धालु पहुंचे

**एजेंसी**



**बिहार:** निर्जला एकादशी के अवसर पर गुरुवार को गया जी स्थित विष्णुपद मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा. सुबह से ही मंदिर परिसर और फल्गु नदी तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली. भक्तों ने भगवान विष्णु के दर्शन-पूजन कर सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन और नगर निगम की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे.

**निर्जला एकादशी पर विष्णुपद मंदिर में कैसी रही भीड़?**

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर गया के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. मंदिर परिसर, प्रवेश मार्ग और फल्गु तट पर भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं. लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पुण्य लाभ अर्जित किया.

**निर्जला एकादशी का धार्मिक महत्व क्या है?**

विष्णुपद मंदिर के पुजारी प्रणेश लाल गुरथा ने बताया कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला या भीमसेनी एकादशी कहा जाता है.उन्होंने बताया कि यह वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण एकादशियों में से एक मानी जाती है. मान्यता है कि जो श्रद्धालु पूरे वर्ष की 24 एकादशियों का व्रत नहीं रख पाते, वे श्रद्धापूर्वक निर्जला एकादशी का व्रत कर समान पुण्य फल प्राप्त कर सकते हैं.

**श्रद्धालुओं ने किस प्रकार की पूजा-अर्चना की?**

भक्तों ने भगवान विष्णु को तुलसी अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की. इसके साथ ही दान-पुण्य, ब्राह्मण सेवा और जरूरतमंदों को जल पिलाने जैसे धार्मिक कार्य भी किए गए. श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की.

**नगर निगम ने क्या व्यवस्थाएं कीं?**

गया नगर निगम के महापौर गणेश पासवान ने बताया कि निर्जला एकादशी को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थीं. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर पेयजल टैंकर लगाए गए. फल्गु नदी तट पर स्नान, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई.

**समाजसेवी संगठनों ने कैसे निभाई भूमिका?**

मेला क्षेत्र में कई समाजसेवी संगठनों ने निःशुल्क सेवा शिविर लगाए. इन शिविरों में श्रद्धालुओं को भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं. गर्मी को देखते हुए जगह-जगह पानी वितरण की व्यवस्था भी की गई.

**सुरक्षा और निगरानी के क्या इंतजाम रहे?**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा. नगर निगम कर्मी, पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी पूरे मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी करते रहे ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो.

**क्या बोले महापौर गणेश पासवान?**

महापौर गणेश पासवान ने कहा कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रही. उन्होंने प्रशासन और विभिन्न विभागों की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी विभाग श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं.

**आगे क्या होगा?**

निर्जला एकादशी के अवसर पर शुरू हुआ श्रद्धालुओं का आगमन दिनभर जारी रहा. प्रशासन ने श्रद्धालुओं से व्यवस्था बनाए रखने और निर्धारित मार्गों का पालन करने की अपील की है.

# भरत तिवारी के परिजनों से मिले रिटायर्ड जज, मां बोलीं- हत्यारों को कड़ी सजा मिले

**एजेंसी**



**भोजपुर:** भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में न्यायिक जांच शुरू हो गई है. गुरुवार को पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज विनोद कुमार सिन्हा अपनी टीम के साथ भरत तिवारी के गांव बिलौटी पहुंचे. उनके साथ शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्य प्रकाश, भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक राज समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे.हाईकोर्ट की फटकार के बाद CID ने फिर खोली जंगल कटाई की फाइल जज ने सबसे पहले भरत के परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल जाना. भरत के परिजनों से एक-एक कर बातचीत की गई. बातचीत के बाद टीम ने घटना से जुड़े विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई. जांच टीम से बातचीत में भरत तिवारी की मां आशा देवी ने बताया कि उन्होंने न्यायाधीश के सामने अपने बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि मामले में शामिल अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि जांच टीम ने उनकी मांगों को लिखित रूप में देने को कहा है.आपको बता दें कि 17 जून को पुलिस मुठभेड़ में भरत तिवारी की मौत हो गई थी. घटना के बाद परिजनों ने इसे फर्जी एनकाउंटर बताकर पुलिस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. ग्रामीणों व परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए NH जाम कर प्रदर्शन किया था.उसके बाद पुलिस टीम पर पथराव भी किया गया था. इसके बाद जांच के आदेश दिए गए थे. भोजपुर एसपी भी बुधवार देर रात भरत के परिजनों से मिलने पहुंचे और करीब एक घंटे तक पीड़ित परिवार से बातचीत की गई थी.

# सैलरी के मामले में मस्क के पीछे खड़े है भारतीय सीईओ मित्रा, रोज कमा रहे 21 करोड़

## वेलटॉवर के सीईओ शंख मित्रा का पैकेज 821 मिलियन डॉलर

नई दिल्ली

दुनिया में सबसे अधिक वेतन पाने वाले अधिकारियों की ग्लोबल लिस्ट में टेस्ला सीईओ और दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क पहले पायदान पर हैं।

- सीईओ के रूप में टेस्ला के मस्क को 158 .4 अरब डॉलर का पैकेज

सीईओ के रूप में एलन मस्क को टेस्ला से 158.4 अरब डॉलर का पैकेज मिला है। इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं भारतवंशी शंख मित्रा। अमेरिका की मशहूर कंपनी 'वेलटॉवर' के सीईओ शंख मित्रा का पैकेज 821 मिलियन डॉलर यानी 7775 करोड़ रुपए है। अगर इस जादुई आंकड़े को दिनों के हिसाब से समझें, तो शंख मित्रा हर दिन के हिसाब से लगभग 21 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर रहे हैं।

### सैलरी का 99 प्रतिशत हिस्सा शेयरों का

*द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शंख मित्रा को मिलने वाले इस भारी-भरकम पैकेज का 99 फीसदी हिस्सा कैश सैलरी के रूप में नहीं है, बल्कि उन्हें 'स्टॉक ग्रांट' यानी कंपनी के शेयरों के रूप में दिया गया है। इसमें पिछले साल अक्टूबर में दिए गए 789 मिलियन डॉलर के शेयर भी शामिल हैं। जैसे-जैसे कंपनी का कारोबार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मस्क की ही तरह मित्रा के इन शेयर्स की वैल्यू भी बढ़कर अब 1 अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है।*



### मित्रा के सामने काफी कड़ी शर्तें रखी गई

हर दिन 21 करोड़ रुपए घर ले जाने के लिए कंपनी ने उनके सामने कुछ बेहद कड़ी शर्तें भी रखी हैं। इस अवॉर्ड से जुड़े शेयरों का लगभग आधा हिस्सा शंख मित्रा को साल 2031 में तब मिलेगा, जब वे लगातार कंपनी के साथ बने रहेंगे। बाकी बचा आधा हिस्सा उन्हें तभी मिल पाएगा जब अगले पांच वर्षों में वेलटॉवर का मार्केट कैप कम से कम 45 फीसदी की रफ्तार से बढ़े और कंपनी का शेयर बाजार के कई प्रमुख सूचकांकों को पछाड़कर नंबर वन साबित हो।

**जादवपुर यूनिवर्सिटी से पढ़े हैं शंख मित्रा :** शंख मित्रा ने कोलकाता की जादवपुर यूनिवर्सिटी से इंस्ट्रूमेंटेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में अपनी बीई की डिग्री ली थी। इसके बाद वे अपने सपनों को पूरा करने अमेरिका चले गए और वहां कोलंबिया बिजनेस स्कूल से एप्लाइड वैल्यू इन्वेस्टिंग में एमबीए किया।

### वेलटॉवर आवास व हेल्थकेयर से जुड़ी कंपनी

वेलटॉवर कोई आम कंपनी नहीं है, बल्कि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए आलीशान आवास और हेल्थकेयर से जुड़ी संपत्तियों का मैनेजमेंट करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी रियल एस्टेट निवेश कंपनियों में से एक है। साल 2020 में कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में शंख मित्रा को कंपनी की कमान मिली थी। कंपनी को घाटे से निकालकर मुनाफे में ले आए।

***2016 में वेलटॉवर से जुड़े :*** *साल 2016 में वे एक सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के रूप में वेलटॉवर से जुड़े थे। सिर्फ 4 साल के भीतर चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) से होते हुए 2020 में कंपनी के सर्वोच्च पद पर जा बैठे। आज वे अमेरिका की किसी भी लिस्टेड रियल एस्टेट निवेश कंपनी का नेतृत्व करने वाले सबसे महंगे और इकलौते भारतीय मूल के ग्लोबल लीडर बन चुके हैं।*

## खबर संक्षेप

### यस बैंक कोष जुटाने पर 29 जून को करेगा विचार




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक का निदेशक मंडल 29 जून को होने वाली बैठक में कोष जुटाने पर विचार करेगा। यस बैंक ने कहा कि निदेशक मंडल यह तय करेगा कि इक्विटी प्रतिभूतियां जारी करके पूंजी जुटाई जाए या नहीं। बैंक ने बताया कि इसके अलावा बॉन्ड के जरिये भी कोष जुटाने के विकल्पों पर विचार किया जाएगा।

### सरकार आईआरएफसी में दो फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी




**नई दिल्ली।** सरकार भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) में दो प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी। हिस्सेदारी बिक्री 91 रुपये प्रति शेयर के भाव पर की जाएगी। आईआरएफसी के लिए 91 रुपये प्रति शेयर का भाव मंगलवार के बंद मूल्य से 7.79 प्रतिशत कम है।

### रुपया 11 पैसे चढ़कर 94.65 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 11 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.65 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।

### नैक पैकेजिंग का आईपीओ एक जुलाई को खुलेगा

Knack Packaging Limited — Imagining Beyond

**नई दिल्ली।** पैकेजिंग समाधान प्रदाता नैक पैकेजिंग लिमिटेड का करीब 440 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) एक जुलाई को खुलेगा। कंपनी ने सर्वाजनिक बयान में कहा कि इसके लिए मूल्य दायरा 161-170 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इससे ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 2,080 करोड़ रुपये आंका गया है।

### बंधन बैंक ने एफडी पर ब्याज दर 0.20 प्रतिशत तक बढ़ाई




**कोलकाता।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने चुनिंदा परिपक्वता जमा (एफडी) योजनाओं पर ब्याज दरों में 0.20 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। संशोधित दरों के तहत दो वर्ष से लेकर तीन वर्ष से कम अवधि की जमाराशि पर वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम 7.95 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। नई दरें ऐसे समय घोषित की गई हैं जब कुछ बैंक अपनी जमा योजनाओं में बदलाव कर रहे हैं।

### अमिताभ बच्चन ने डीपी वायर्स में हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने स्टील वायर विनिर्माता डीपी वायर्स लिमिटेड में अपनी करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी 2.48 करोड़ रुपये से अधिक में बेच दी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर उपलबध आंकड़ों के अनुसार, अमिताभ हरिवंश राय बच्चन ने मध्य प्रदेश स्थित कंपनी के 1,23,622 शेयर बेचे, जो 0.79 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। ये शेयर मंगलवार को औसतन 200.84 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे गए, जिससे कुल लेनदेन मूल्य 2.48 करोड़ रुपये रहा।

## आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, ब्याज दर बढ़ाना जल्दबाजी होगी

# आरबीआई 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में, रेपो दर बढ़ाने पर चर्चा जल्दबाजी

नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रख रहा है और इस समय नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि के बारे में बातचीत करना जल्दबाजी होगी।

उन्होंने कहा, ''अगर हम सही में उन्हें (बाजार) नीतिगत दर बढ़ाने के लिए तैयार करना चाहते, तो हमें अपना रुख बदलना होगा...। अगर यह पक्का होता कि हम आने वाले महीनों में दर बढ़ाने वाले हैं, तो हम अपना 'तटस्थ' रुख को बदलकर 'सख्त' कर लेते? लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। गवर्नर ने कहा, ''इसलिए, मुझे लगता है कि नीतिगत दर बढ़ाने के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। हमने बस इतना कहा है कि हम सतर्क हैं। हमें पता है कि महंगाई और वृद्धि, दोनों के मामले में जोखिम हो सकते हैं। खासकर महंगाई पर, क्योंकि यह ऊपरी सीमा के करीब पहुंच रही है...। हम सतर्क हैं और आंकड़ों पर नजर रखेंगे।

### महंगाई के व्यापक रूप लेने का कोई सबूत नहीं

महंगाई पर गवर्नर ने कहा कि आरबीआई बारीकी से नजर रख रहा है कि क्या ईंधन की वजह से थोक कीमतों पर बना दबाव पूरी अर्थव्यवस्था में फैल रहा है। उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो हमें पक्का नहीं पता कि दूसरे दौर का प्रभाव होगा या नहीं। अगर हमें पक्का पता होता, तो मौद्रिक नीति समिति ने कोई कदम उठाया होता। मल्होत्रा ने कहा कि अभी तक केंद्रीय बैंक को महंगाई के व्यापक रूप लेने का कोई सबूत नहीं मिला है।



**खास बातें**
- केंद्रीय बैंक पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रख रहा
- नीतिगत दर बढ़ाने के लिए बाजार तैयार करना होगा
- महंगाई और वृद्धि, दोनों के मामले में जोखिम हो सकते हैं

### कच्चे तेल की कीमतें कम हुई है

मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव में कमी पूरी दुनिया और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक बात है। यह वृद्धि और महंगाई, दोनों के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं और यूरिया की कीमतें भी काफी घटी हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को राहत मिली है।

### देखो और इंतजार करो की स्थिति में

गवर्नर ने कहा, ''जैसा कि हमने अपनी मौद्रिक नीति में कहा है कि हम 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में हैं। देखते हैं कि यह युद्धविराम कब तक चलता है और उसके आगे हम सभी के लिए बेहतर समय है। मल्होत्रा ने कहा कि हालांकि जोखिम कम हुए हैं, लेकिन नीति निर्माता अभी महंगाई परिदृश्य पर कोई ठोस नतीजा निकालने के लिए तैयार नहीं हैं।

### रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने की सहमति

उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के कारण वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच अपनी नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। मौद्रिक नीति समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और 'तटस्थ' रुख को कायम रखने का निर्णय किया।

### केंद्रीय बैंक ने वृद्धि अनुमान कम किया

केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को कम किया है और 2026-27 में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो अप्रैल के 6.9 प्रतिशत के अनुमान से कम है। यह अनुमान 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई ने 2026-27 के लिए महंगाई बढ़कर 5.1 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है जो पहले के 4.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

# नकली और अवैध उत्पादों पर सख्ती बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली



- एफआरएआई ने सरकार से की मांग
- बढ़ता प्रसार उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए खतरा

फेडरेशन ऑफ रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआरएआई) ने सरकार से अवैध व्यापार एवं नकली उत्पादों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का बुधवार को आग्रह किया। संघ ने कहा कि इनका बढ़ता प्रसार उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए खतरा है और लाखों छोटे खुदरा व्यापारियों की आजीविका को नुकसान पहुंचा रहा है।

एफआरएआई ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक संगोष्ठी में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को एक ज्ञापन सौंपकर अवैध व्यापार एवं नकली उत्पादों पर रोक लगाने के लिए कड़े नीतिगत कदम उठाने की मांग की। संघ ने अवैध उत्पादों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, बार-बार नियम तोड़ने वालों पर कठोर दंड, डिजिटल मार्केटप्लेस की अधिक जवाबदेही, बेहतर निगरानी और बाजार निरीक्षण व्यवस्था तथा प्रवर्तन एवं नियामक एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो और निष्पक्ष बाजार व्यवस्था को बढ़ावा मिल सके। एफआरएआई ने खाद्य एवं पेय पदार्थ, किराना, व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, तंबाकू उत्पाद, सिगरेट, ई-सिगरेट, नए निकोटीन उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान जैसी कई श्रेणियों में नकली तथा मानकों का पालन न करने वाले उत्पादों में ''चिंताजनक वृद्धि'' की ओर ध्यान दिलाया।

### सरकार कानूनी ढांच को मजबूत करने प्रतिबद्ध

खंडेलवाल ने कहा, '' सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रौद्योगिकी नकली उत्पादों से लड़ने में एक शक्तिशाली साधन बन सकती है। साथ ही पारदर्शी व भरोसेमंद खुदरा व्यवस्था बनाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी महत्वपूर्ण है।''

# सोना 1,200 रुपए सस्ता, चांदी 4,000 रुपए टूटी

नई दिल्ली



- सोना घटकर 1.48 लाख रुपए दस ग्राम रह गया
- चांदी टूटकर 2,31,000 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,200 रुपये घटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। वहीं चांदी की कीमत 4,000 रुपये टूट गई। ऐसा कमजोर वैश्विक रुख के बीच डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुआ।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 1,49,300 रुपये के बंद स्तर से 1,200 रुपये घटकर 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 4,000 रुपये टूटकर 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 10,500 रुपये की भारी गिरावट के बाद 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, जो दो सप्ताह से ज्यादा समय में सबसे बड़ी गिरावट थी। बहालिया गिरावट से चांदी की कीमतें अप्रैल की शुरुआत वाले स्तर पर आ गई हैं, जब यह 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि डॉलर में तेज उछाल और सख्त मौद्रिक नीति की बढ़ती संभावना ने कीमती धातुओं पर दबाव बनाए रखा।''

## सातवें दौर में 10 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को नीलामी के सातवें दौर में 10 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक बेचे। इसके साथ कुल मिलाकर 56 खदानें नीलाम हो चुकी हैं। यह 63 प्रतिशत से अधिक की सफलता दर है। केंद्र ने नीलामी के लिए कुल 88 अलग-अलग खनिज ब्लॉक रखे थे, जिनमें से 56 बिके हैं। सातवें दौर की नीलामी से देश में महत्वपूर्ण खनिज की खोज के दायरे का काफी विस्तार हुआ। केंद्र ने पहली बार गुजरात, उत्तराखंड और तेलंगाना में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की। इस दौर में ग्रेफाइट, दुर्लभ खनिज तत्व, वैनेडियम, टाइटेनियम, ग्लौकोनाइट, रॉक फॉस्फेट और उनसे जुड़े मिनरल शामिल थे। इससे देश में महत्वपूर्ण खनिज की खोज का भौगोलिक दायरा और बढ़ गया।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर सुस्त पड़ने का अनुमान

नई दिल्ली




- रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने जारी किया अनुमान
- वर्ष 2026-27 में सुस्त पड़कर 6.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद


ऊर्जा की कमी, सामान्य से कम मानसून और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को यह अनुमान जताया। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 में 7.7 प्रतिशत और 2024-25 में 7.1 प्रतिशत रही थी। एसएंडपी ने एक रिपोर्ट में कहा, ''ऊर्जा की कमी, औसत से कम मानसून का अनुमान और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती के बीच, हमारा अनुमान है कि मार्च, 2027 में खत्म होने वाले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 में यह 7.7 प्रतिशत थी। 2026-27 के लिए वृद्धि का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 6.6 प्रतिशत के अनुमान के अनुरूप है। अल नीनो के कारण मानसूनी बारिश प्रभावित हुई है। 22 जून तक बारिश की कमी बढ़कर 43 प्रतिशत हो गई है। कम बारिश की स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने राज्यों के लिए योजनाएं बनाई हैं। कम बारिश वाले हालात के हिसाब से वैकल्पिक फसलों की सिफारिश की गई है।

### पैदा हुए ऊर्जा संकट का असर दिख रहा

एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस क्षेत्र का परिदृश्य मजबूत वैश्विक गतिविधियों, ऊर्जा बाजार में दबाव और एआई-संचालित प्रौद्योगिकी के निर्यात में उछाल से तय हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए ऊर्जा संकट का असर दिख रहा है।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

मुंबई



- सेंसक्स 791 अंक चढ़ा, निफ्टी भी लाभ में
- बैंक,वित्तीय तथा आईटी शेयरों में निकली खरीदारी

कच्चे तेल के दाम में नरमी और बैंक, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 791 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 197 अंक की तेजी रही।

कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर की बढ़ती उम्मीद और घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के शुद्ध रूप से लिवाल बनने से भी बाजार को समर्थन को मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.54 अंक के लाभ में रहा। कारोबार के दौरान एक समय यह 989.69 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध 2,215 शेयर लाभ में रहे, जबकि 2,034 में गिरावट आई। वहीं 181 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 197.55 अंक बढ़कर 24,021.65 अंक पर बंद हुआ।

### इन शेयरों में रहा नफा- नुकसान

*सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।*

**कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट**
जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेत, होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही बेहतर होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट और भारत-अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने की उम्मीद के चलते घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।''

### बैंकिंग शेयरों में तेजी और आईटी क्षेत्र में सुधार

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी 'एनरिच मनी' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, ''बैंकिंग शेयरों में मजबूत बढ़त और आईटी क्षेत्र में सुधार के कारण भारतीय शेयर बाजार ने अच्छी वापसी की। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट से निवेशकों का जोखिम लेने का उत्साह लौटा और व्यापक बाजार भागीदारी को समर्थन मिला।

# सेल ने नौसेना के तीन युद्धपोत के लिए की इस्पात की आपूर्ति

- युद्धपोत के लिए 5,700 टन विशेष इस्पात की आपूर्ति की
- उत्पादन बोकारो, भिलाई और राउरकेला के संयंत्र में किया गया

नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना के हाल ही में बेड़े में शामिल किए गए तीन अत्याधुनिक युद्धपोतों के निर्माण के लिए 5,700 टन विशेष श्रेणी के इस्पात की आपूर्ति की है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

इन तीन जहाजों में उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'आईएनएस दूनागिरी', एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'आईएनएस अग्रय' और सर्वेक्षण पोत 'आईएनएस संशोधक' शामिल हैं। इन तीनों जहाजों को 21 जून को कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।



***देश की जरूरतों को पूर्ण करने प्रतिबद्धः*** *सेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पांडा ने कहा, ''भारत के रक्षा क्षेत्र के एक प्रमुख भागीदार के रूप में सेल देश की आत्मनिर्भरता की जरूरतों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इन उच्च-क्षमता वाली इस्पात प्लेट की आपूर्ति न केवल भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता को मजबूती प्रदान करती है, बल्कि यह सेल की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता को भी प्रमाणित करती है।''*

## सूचकांक का आधार वर्ष 2024-25 होगा

# मासिक सेवा उत्पादन सूचकांक 60 दिन के अंतराल पर

नई दिल्ली

- पहला सेवा सूचकांक 14 जुलाई को घोषित किया जाएगा

देश के सेवा क्षेत्र के उत्पादन को मापने वाले नये सूचकांक का आधार वर्ष 2024-25 होगा और इसे हर महीने 60 दिन के अंतराल पर जारी किया जाएगा। सांख्यिकी मंत्रालय ने बुधवार को अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) की एक सूची में यह कहा।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2026 के लिए पहला सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) 14 जुलाई को घोषित किया जाएगा। इसके बाद के आंकड़े हर महीने की 29 तारीख ( अवकाश होने पर अगले कामकाजी दिन) को जारी किए जाएंगे।

### आईएसपी एक अल्पकालिक संकेतक

*मंत्रालय ने अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में बताया है कि आईएसपी एक अल्पकालिक संकेतक है। इसे एक तय आधार अवधि की तुलना में सेवा क्षेत्र के उत्पादन की मात्रा में समय के साथ होने वाले बदलावों को मापने के लिए बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह सूचकांक समय के साथ अलग-अलग तरह के सेवा उद्योग के वास्तविक उत्पादन में होने वाले बदलावों को मापता है।*




### समिति का गठन मई 2025 में किया गया

इस समिति का गठन मई, 2025 में किया गया था और इसकी अध्यक्षता नीति आयोग की देबजानी घोष ने की थी। तकनीकी परामर्श समिति में शिक्षा क्षेत्र और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा, सेवा क्षेत्र के मंत्रालयों/विभागों के सदस्य भी शामिल हैं।

### अल्पकालिक बदलावों को मापने होगा

मंत्रालय ने बयान में कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि को मापने वाले औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की तरह आईएसपी सेवा क्षेत्र की वृद्धि में अल्पकालिक बदलावों को मापने के लिए एक नया वृहद आर्थिक संकेतक होगा। आईएसपी तैयार करने के लिए तौर-तरीके एक तकनीकी परामर्श समिति के साथ विचार-विमर्श के बाद तय किया गया था।

### कई उप-क्षेत्र शामिल होंगे

आईएसपी में थोक और खुदरा व्यापार, परिवहन, बैंकिंग, बीमा, दूरसंचार, होटल और रेस्तरां, रियल एस्टेट, पेशेवर, वैज्ञानिक और तकनीकी सेवाएं, कला, मनोरंजन आदि जैसे कई उप-क्षेत्र शामिल होंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं जैसे दो उप-क्षेत्रों को भी आईएसपी रूपरेखा में शामिल करने का प्रस्ताव है।

## आज के मुकाबले

### स्विट्जरलैंड बनाम कनाडा

(रात 12:30 बजे)
ग्रुप बी का यह सबसे बड़ा मुकाबला माना जा सकता है।। दोनों टीमों के चार-चार अंक हैं और विजेता टीम ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।

### बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर

(रात 12:30 बजे)
बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर मैच में दोनों टीमें एक-एक अंक के साथ उतरने वाली हैं। नॉकआउट में जाने की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए दोनों को जीतना जरूरी है।

### मोरक्को बनाम हैती

(सुबह 3:30 बजे)
मोरक्को शानदार लय में है और चार अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष स्थान की दौड़ में बनी हुई है। टीम ने स्कॉटलैंड को 1-0 से हराकर अपनी मजबूती साबित की थी।



### स्कॉटलैंड बनाम ब्राजील

(सुबह 3:30 बजे)
सबसे बड़ा मुकाबला ब्राजील और स्कॉटलैंड के बीच खेला जाएगा। ब्राजील चार अंकों के साथ मजबूत स्थिति में है। स्कॉटलैंड को नॉकआउट की उम्मीदें बनाए रखने के लिए कम से कम एक अंक की जरूरत पड़ सकती है।

### दक्षिण अफ्रीका बनाम द.कोरिया

(सुबह 6:30 बजे)
ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि दक्षिण अफ्रीका के पास केवल एक अंक है।

### चेक रिपब्लिक बनाम मेक्सिको

(सुबह 6:30 बजे)
मेक्सिको लगातार दो जीत के साथ शानदार फॉर्म में है और छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है।

# मुनोज का 'मैजिक शॉट', ढहा कांगो का अभेद्य किला

गुआडालाजारा

डैनियल मुनोज ने कांगो की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागा, जिससे कोलंबिया ने 1-0 की जीत के साथ विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार प्रदर्शन करके कोलंबिया को अधिकतर समय गोल से वंचित रखा था लेकिन आखिर में मुनोज ने 76वें मिनट में गोल कर दिया, जो निर्णायक साबित हुआ।


म्पासी ने पहले 20 मिनट में पांच मुश्किल बचाव किए। डिफेंडर से टकराकर गेंद मुनोज़ के पास पहुंची थी जिनके बाएं पैर से लगाए गए शॉट को रोकने का म्पासी के पास कोई मौका नहीं था।

### विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर कोलंबिया

कोलंबिया को ग्रुप में शीर्ष पर रहने के लिए शनिवार को पुर्तगाल के खिलाफ मैच ड्रॉ करने की जरूरत होगी। यह नतीजा पुर्तगाल को नॉकआउट चरण में पहुंचाने के लिए भी काफी होगा। कोलंबिया विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर है, जो दक्षिण अमेरिकी टीमों में ब्राजील और अर्जेंटीना के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान है। उसने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 3-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी।





### पैराग्वे के मिडफील्डर को मुंह पर हाथ रखना पड़ा भारी



अटलांटा। पराग्वे के मिडफील्डर मिगेल अल्मिरोन को विश्व कप के दौरान मुंह ढकने के कारण रेडकार्ड देखना पड़ा। फीफा ने पुष्टि की कि अल्मिरोन आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को पराग्वे का आखिरी ग्रुप मैच नहीं खेल सकेंगे। फीफा ने यह भी कहा कि इस फैसले के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती है। पराग्वे की 1-0 से जीत के दौरान तुर्किये के मर्ट मूल्डर से टकराव के बाद अल्मिरोन ने अपना मुंह ढंक लिया था। नए नियमों के तहत झगड़े के दौरान अपनी बात छिपाने के लिए खिलाड़ियों को मुंह ढंकने की अनुमति नहीं है और इसका उल्लंघन करने पर तुरंत निलंबित किया जा सकता है। फीफा अध्यक्ष जियान्नी इनफेंटिनो ने रीयाल मैड्रिड और बेनफिका के बीच मैच के दौरान हुई घटना के बाद इस नियम के लिए काफी जोर दिया था। बेनफिका के जियांलुका प्रेस्टियान्नी ने मैड्रिड के विनिशियस जूनियर को अपशब्द कहने के दौरान मुंह छिपाने का प्रयास किया। बाद में उन पर छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## क्रोएशिया से हारकर पनामा टूर्नामेंट से बाहर

टोरंटो। स्थानापन्न खिलाड़ी एंटे बुदिमिर के दूसरे हाफ के शुरू में किए गए गोल की मदद से क्रोएशिया ने पनामा को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। पनामा की यह लगातार दूसरी हार है, जिससे वह नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गया है। एंटे ने खेल के 54वें मिनट में जोसिप स्टैनिसिक के घुमावदार क्रॉस पर गेंद को खाली नेट में डाल दिया। यह गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ और क्रोएशिया तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में सफल रहा। क्रोएशिया अपने पहले मैच में इंग्लैंड से हार गया था और उसके लिए ग्रुप एल में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत हासिल करनी जरूरी थी। पनामा लगातार दो हार से टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है और दो बार विश्व कप में भाग लेने के बाद भी वह अपना पहला अंक हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है।



### लुका ने खेला 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच

बीएमओ फील्ड में पहले हाफ की धीमी गति के बाद क्रोएशिया मध्यांतर के बाद पनामा की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा जब बुदिमिर ने मैदान पर आने के महज चार मिनट बाद ही गोल दाग दिया। तीन मिनट बाद ही क्रोएशिया एक और गोल करने के करीब पहुंच गया था जब अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे 40 वर्षीय लुका मोड्रिक ने मार्को पासालिक को पास दिया।

## इंग्लैंड ने घाना की गोल पोस्ट पर लगाए 19 शॉट, मैच रहा 0-0

ग्रुप एल में स्थिति रोमांचक, दोनों टीमों के 4-4 अंक

फॉक्सबोरो। इंग्लैंड और घाना दोनों ने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने के लिए अपनी तरफ से पूरी जान लगा दी लेकिन इसके बावजूद यह मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा, जिससे विश्व का फुटबॉल के ग्रुप एल में स्थिति रोमांचक बन गई है। इंग्लैंड और घाना दोनों टीम के अब चार-चार अंक हो गए हैं। इंग्लैंड बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है। क्रोएशिया के तीन अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसने गोल पर 19 शॉट लगाए जबकि घाना एक बार ही ऐसा कर पाया। इंग्लैंड की टीम हालांकि अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई। इंग्लैंड अभी तक कभी विश्व कप में अफ्रीका के किसी भी देश से नहीं हारा है। इससे पहले इन दोनों टीमों ने अपने शुरुआती मैच जीते थे। घाना ने पनामा को 1-0 से और इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 4-2 से हराया था।



## खबर संक्षेप



### वंशिका और नरवाल ने जीता रजत पदक

सुहल। वंशिका चौधरी और शिव नरवाल की भारतीय जोड़ी ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कुल 469.7 अंक हासिल किए और वह पोलैंड के माल्गोरज़ाटा डाब्रोव्स्का और इवान राकित्स्की के बाद दूसरे स्थान पर रही। पोलैंड की जोड़ी ने 471.9 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के चेंग येन-चिंग और ह्सिएह ह्सियांग-चेन ने 410.0 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत मंगलवार को रजत पदक जीतने के बावजूद चैंपियनशिप की पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

### मुंबई टीमों के मेंटोर बने संदीप पाटील

मुंबई। पूर्व खिलाड़ी और कोच संदीप पाटील को मुंबई क्रिकेट संघ ने



2026-27 सत्र के लिए मुंबई की सभी स्तरों की टीमों का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया है। पाटिल ने 1980 से 1986 के बीच भारत के लिए 29 टेस्ट और 45 वनडे मैच खेले हैं। वह अपनी नई भूमिका में खिलाड़ियों के विकास, रणनीतिक प्रशिक्षण और प्रतिभा पहचान जैसे कार्यों में अहम योगदान देंगे।

## आईसीसी रैंकिंग : गिल ने कोहली को किया रिप्लेस, टॉप-2 में पहुंचे

टेस्ट गेंदबाजी में शीर्ष पर बुमराह और हेनरी

दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

गिल अब न्यूजीलैंड के डैरिल मिशेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारतीय कप्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसका उन्हें फायदा मिला है। उन्हें अंतिम मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने पहले दो मैचों में 84 और 154 रन बनाए थे। ईशान किशन



बल्लेबाजी रैंकिंग में 21 पायदान ऊपर 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### भारतीय गेंदबाजों को मिला अच्छा प्रदर्शन का इनाम

भारतीय गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। अर्शदीप सिंह 16 स्थान ऊपर 22वें, प्रसिद्ध कृष्णा 34 पायदान ऊपर 58वें और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 17 स्थान ऊपर संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर पहुंच गए। विराट कोहली मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। इससे उन्हें नुकसान हुआ और वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। रोहित शर्मा चौथे स्थान पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर एक स्थान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि केएल राहुल दो स्थान नीचे 11वें स्थान पर खिसक गए।

## ऑस्ट्रेलिया ने दी पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त

*लीड्स। ऑस्ट्रेलिया ने एलिस पेरी के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अपने चारों में जीते हैं लेकिन उसकी सेमीफाइनल में जगह पक्की नहीं हुई है। ग्रुप के प्रतिद्वंद्वी दक्षिण अफ्रीका और भारत भी चार-चार जीत हासिल कर सकते हैं और ऐसे में अंतिम चार में पहुंचने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा।*

*ऑस्ट्रेलिया का आखिरी मैच रविवार को लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ होगा। ऑस्ट्रेलिया अभी तक हमेशा इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचा है। पेरी ने 48 गेंद पर नौ चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाए। पेरी और जॉर्जिया वोल (39) ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। एनाबेल सदरलैंड (27) और निकोला कैरी (26) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान 13.4 ओवर में 86 रन पर आउट हो गया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेरी, सोफी मोलिनी और सदरलैंड ने दो-दो विकेट लिए।*

महिला टी20 विश्व कप

## बांग्लादेश के खिलाफ अहम मुकाबला आज

खराब क्षेत्ररक्षण खतरे में टीम इंडिया का अभियान



मैनचेस्टर

मध्य क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी और खराब क्षेत्ररक्षण के कारण महिला टी20 विश्व कप में भारत का अभियान खतरे में पड़ गया है और ऐसे में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच में वह इन कमजोरियों को दूर करने के लिए बेताब होगा।

भारत ने 12 टीमों के इस टूर्नामेंट में अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की फॉर्म की चिंता के साथ उतरा था लेकिन स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने काफी हद तक उन आशंकाओं को दूर कर दिया है।

मंधाना ने तीन मैच में 159 रन बनाए हैं, जबकि शेफाली ने 92 रन का योगदान दिया है। दोनों बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट 154 से अधिक है। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं, जो टीम के लिए नई चिंता बन गई है।

### हरमनप्रीत, जेमिमा नहीं कर पाई अपेक्षित प्रदर्शन

कप्तान हरमनप्रीत कौर (स्ट्राइक रेट 109.09), जेमिमा रोड्रिग्स (94.11) और यस्तिका भाटिया (105.88) अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनके तेजी से रन बनाने में नाकाम होने के कारण ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा पर तेजी से रन बनाने का दबाव बढ़ जाता है। हरमनप्रीत और जेमिमा दोनों ने तीन-तीन मैच खेले हैं और दोनों ने मिलकर सिर्फ 11 चौके लगाए हैं। उन्होंने अब तक एक भी छक्का नहीं लगाया है। वहीं यस्तिका ने दो पारियों में सिर्फ तीन चौके लगाए हैं। ऋचा (स्ट्राइक रेट 176.92) और दीप्ति (159.37) ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कम गेंद रहने के कारण दोनों पर दबाव बढ़ जाता है।

**भारत के तीन मैच में चार अंक** : भारत के अब तीन मैच में चार अंक हैं और उसका नेट रन रेट 2.511 है। उसने पाकिस्तान को 64 रन से और नीदरलैंड को 95 रन से हराया था लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका से छह विकेट से हार गया था। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चार जीत हासिल करके ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके आठ अंक हैं और उसका नेट रन रेट 4.724 है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

यूएस ओपन : भारतीय जोड़ी ने स्पेन की लोपेज और रोड्रिगेज को हराया

## कड़े मुकाबले में त्रिसा-गायत्री की जीत, अगले दौर में एंट्री

फुलर्टन

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारतीय महिला युगल जोड़ी ने अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्पेन की पाउला लोपेज और लुसिया रोड्रिगेज को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। टखने की चोट से उबरकर वापसी कर रहीं त्रीसा ने अपनी जोड़ीदार गायत्री के साथ मिलकर स्पेनी की जोड़ी को 21-12, 14-21, 21-13 से 51 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में पराजित किया। यह भारतीय जोड़ी अब दूसरे दौर में जापान की सुमिरे नकादे और मियू ताकाहाशी से भिड़ेगी।



### रौनक का शानदार प्रदर्शन मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

पुरुष एकल क्वालीफायर में रौनक चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। उन्होंने पहले फ्रांस के एनोगाट रॉय को 21-19, 21-16 से हराया और फिर चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 13-21, 21-14, 21-10 से मात देकर आगे बढ़े।

### श्रीकांत पहले दौर में दयानंद से भिड़ेंगे

पांचवीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में अपने ही देश के सनीथ दयानंद से भिड़ेंगे। भारत की ओर से महिला एकल में भी मजबूत भागीदारी देखने को मिलेगी। इसमें रक्षिता रामराज, श्रियंशी वालिसेट्टी, अनमोल खरब, देविका सिहाग, तान्या हेमंथ, आकर्षी कश्यप और तन्वी शर्मा हिस्सा लेंगी।

### त्रीसा-गायत्री ने बनाई पहले गेम में बढ़त


त्रीसा और गायत्री ने मैच की शुरुआत मजबूत की और पहले गेम में 8-3 की बढ़त बना ली। स्पेन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश करते हुए लगातार चार अंक हासिल कर अंतर को कम करने की कोशिश की लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर से दबदबा बनाते हुए 17-11 की बढ़त बनाई और गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में पाउला और लुसिया ने बेहतर खेल दिखाया और 11-7 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने उन्हें कड़ी चुनौती दी लेकिन स्पेन की जोड़ी मुकाबला बराबरी पर रखने में सफल रही। निर्णायक तीसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने फिर से 11-6 की मजबूत बढ़त बढ़त हासिल कर ली।

# मेस्सी मेनिया चरम पर: रिकॉर्ड के साथ अर्जेंटीना में खड़ी हुई 85 फीट ऊंची प्रतिमा

ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना पर लियोनेल मेस्सी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है, जो उत्तरी अमेरिका में खेले जा रहे विश्व कप में अभी तक पांच गोल करके फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। इससे अर्जेंटीना में हर तरफ एक ही नाम की गूंज हो रही है और स्वाभाविक है कि वह नाम मेस्सी का है।

असल में मेस्सी के प्रति अर्जेंटीना का जुनून भव्य रूप ले चुका है। पेटागोनिया के एक दूरस्थ शहर में उनकी 26 मीटर ऊंची प्रतिमा खड़ी है तो ब्यूनस आयर्स के एक उपनगर में 1,300 से अधिक प्रशंसकों के हस्ताक्षरित एक भित्ति चित्र उस कप्तान का गुणगान करता है, जो पूरे देश को एक धागे में पिरोता है।



### अब तक की सबसे बड़ी प्रतिमा

पैटागोनिया के सुदूर दक्षिणी शहर कुट्रल के बाहरी इलाके में 70 टन स्टील और लोहे से बनी मेस्सी की 26 मीटर (85 फुट) ऊंची प्रतिमा खड़ी है। यह खिलाड़ी घुटनों के बल बैठा है, उनके पैरों के बीच 2022 में जीती गई विश्व कप ट्रॉफी है और एक हाथ ऊपर उठा हुआ है। मानो वह मार्ग संख्या 22 पर यात्रा कर रहे वाहन चालकों का अभिवादन कर रहा हो। यहां तक कि पेटागोनिया की तेज हवा भी इस स्मारक को गिरा नहीं सकती, जिसका उद्घाटन 16 जून को अर्जेंटीना के विश्व कप में पहले मैच के दौरान किया गया था, जब टीम ने एक बार फिर मेस्सी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने तीन गोल करके अल्जीरिया पर जीत पक्की की। स्थानीय अधिकारियों और इसे डिजाइन करने वाले मूर्तिकार का कहना है कि यह टीम के कप्तान को समर्पित अब तक की सबसे बड़ी प्रतिमा है।

### अर्जेंटीना के सबसे बड़े दूत

मूर्तिकार 61 वर्षीय एल्डो बेरोइसा ने कहा, 'वह अर्जेंटीना के लिए सबसे बड़े दूत हैं। मेरे लिए एक कलाकार ही नहीं अर्जेंटीना का नागरिक होने के नाते भी यह काफी मायने रखता है।' यह आलम केवल एक शहर का नहीं है बल्कि पूरा अर्जेंटीना ही पूरी तरह से 'मेस्सी मानिया' की गिरफ्त में है। उन्होंने पहले मैच में हैट्रिक बनाई और दूसरे मैच में भी टीम की तरफ से दोनों गोल करके अपने विश्व कप में कुल गोल की संख्या 18 पर पहुंचाई। यह विश्व कप का नया रिकॉर्ड है।

### बेराजेटेगुई में बना भित्ति चित्र सबसे अलग

दुनिया भर में मेस्सी की कई भित्ति चित्र हैं। हालांकि, ब्यूनस आयर्स के उपनगर बेराजेटेगुई में बना चित्र सबसे अलग है। इसमें खिलाड़ी के मुस्कुराते चेहरे के चारों ओर उनके सैकड़ों प्रशंसकों के नाम लिखे हुए हैं। लगभग छह मीटर चौड़ी और 5.5 मीटर ऊंचे (20 गुणा 18 फीट) इस भित्ति चित्र ने मेस्सी का ध्यान भी आकर्षित किया। उन्होंने इसे अद्भुत करार देते हुए उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया था, जिन्होंने इसको तैयार करने में योगदान दिया।

# होर्मुज में नो टोल का वादा, ट्रंप बोले- गलत निकले तो बातचीत खत्म!

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट को स्थिर करने के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने घोषणा की है कि ईरान ने औपचारिक रूप से भरोसा दिलाया है कि वह महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर कोई ट्रांजिट शुल्क नहीं लगाएगा। होर्मुज जलडमरूमध्य, जो दुनिया के समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20% हिस्सा संभालता है और एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, ईरान द्वारा ट्रैफिक पर संभावित नियंत्रण की खबरों के बाद से अस्थिरता का केंद्र बना हुआ है। इंडस्ट्री की चिंताओं को दूर करने के लिए, राष्ट्रपति ट्रंप ने तेहरान से मिले इस आश्वासन की जानकारी 'ट्रुथ सोशल' पर दी। राष्ट्रपति ने कहा ईरान ने हमें सूचित किया है कि कमर्शियल शिपिंग पर 'कोई टोल, कोई बीमा लागत और किसी भी प्रकार का कोई अन्य शुल्क' नहीं लगेगा। उन्होंने एक स्पष्ट राजनयिक चेतावनी के साथ इस वादे की गंभीरता पर जोर दिया: अगर यह जानकारी गलत निकली, तो बातचीत तुरंत खत्म हो जाएगी!

राष्ट्रपति ट्रंप ने इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल ईरान की फ्रीज की गई पूंजी की स्थिति के बारे में देश में बढ़ रही अटकलों को संबोधित करने के लिए भी किया। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि ईरानी सरकार को कोई लिक्विड फंड या कैश ट्रांसफर या जारी किया गया है। साथ ही, उन्होंने अमेरिकी अधिकार क्षेत्र में रखी अरबों की संपत्ति को संभालने के लिए एक नए, कड़ाई से नियंत्रित सिस्टम की रूपरेखा भी बताई। प्रशासन की योजना के अनुसार, फ्रीज किए गए फंड का इस्तेमाल सिर्फ. अमेरिकी कृषि उत्पादों - खासकर मक्का, गेहूं और सोयाबीन - की खरीद के लिए किया जाएगा, जो ईरानी जनता के लिए हैं। ट्रंप ने बताया, हम उनके कुछ पैसे जारी करेंगे, जो पूरी तरह से हमारे नियंत्रण में हैं, ताकि हमारे किसानों और पशुपालकों को मदद मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान में इन सामानों की बहुत ज्यादा जरूरत है। इस संवेदनशील वित्तीय कदम का खाका स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक में हुई उच्च-स्तरीय बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने तैयार किया था। जेरेड कुशनर द्वारा तैयार की गई इस प्रक्रिया में कतर के साथ मिलकर निगरानी करने का तरीका शामिल है, ताकि फंड का गलत इस्तेमाल न हो।

वेंस ने कहा, हम यह पक्का करना चाहते थे कि हम एक ऐसी प्रक्रिया बनाएं जिसमें अगर हम कभी ईरानी संपत्ति को अनफ्रीज करें, तो यह सुनिश्चित हो सके कि पैसा ईरान के लोगों की मदद के लिए जाए, न कि आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए। इस सिस्टम के तहत, पैसा जारी करने के लिए अमेरिका और कतर दोनों अधिकारियों की संयुक्त मंजूरी जरूरी है। इससे यह पक्का होता है कि पैसे का इस्तेमाल सिर्फ. मानवीय जरूरतों के सामान खरीदने के लिए हो, न कि सरकार समर्थित सैन्य या उग्रवादी गतिविधियों के लिए।

## होर्मुज जलडमरूमध्य पर बढ़ा तनाव : ईरान की आईआरजीसी नेवी की खुली चेतावनी, नए अनाधिकृत रास्तों पर होगी सख्त कार्रवाई

एजेंसी

**तेहरान।** ईरानी एजेंसी के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना ने जहाजों को चेतावनी दी है कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए केवल अधिकृत रास्तों का ही इस्तेमाल करें। नौसेना ने कहा है कि ईरान द्वारा तय किए गए रास्तों के बाहर किसी भी तरह की आवाजाही पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। प्रेस टीवी के मुताबिक, आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि कुछ अधिकारियों ने तेहरान से सलाह-मशविरा किए बिना ही इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने के लिए एक नए समुद्री रास्ते की घोषणा कर दी थी।



आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि कुछ अधिकारियों ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान को पहले से कोई सूचना दिए या उनसे तालमेल बिठाए बिना होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले एक नए शिपिंग रूट की घोषणा की है। यह प्रस्तावित रास्ता स्वीकार्य नहीं है और इससे सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। सेना ने जोर देकर कहा कि इस जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए केवल ईरान द्वारा मंजूर किए गए रास्ते ही अधिकृत हैं। नौसेना ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए केवल वे ही रास्ते अधिकृत हैं जिन्हें इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ने तय किया है। इन रास्तों के बाहर जहाजों की आवाजाही प्रतिबंधित और बेहद खतरनाक है। सभी जहाजों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे तय किए गए रास्तों (कॉरिडोर) के बाहर नेविगेशन से बचें। आईआरजीसी नेवी ने यह भी कहा कि इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को ईरानी अधिकारियों के साथ संपर्क बनाए रखना होगा। बयान में कहा गया, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए आईआरजीसी नेवी के साथ चैनल 16 के जरिए तालमेल बिठाना जरूरी है।

# वेनेजुएला में भूकंप का कहर, अब तक 164 लोगों की मौत 971 घायल; राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने किया कंफर्म

एजेंसी

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला में बुधवार शाम आए लगातार दो शक्तिशाली भूकंपों ने भारी तबाही मचा दी. देश की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को बताया कि इस आपदा में अब तक कम से कम 164 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 971 लोग घायल हुए हैं. रोड्रिगेज ने कहा कि मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है, क्योंकि मलबे में कई और लोग दबे हो सकते हैं. उन्होंने बताया कि 7.2 और 7.5 तीव्रता के इन भूकंपों के बाद आपातकालीन टीमें प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान चला रही हैं.



**30 आफ्टरशॉक्स महसूस किए गए, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका**

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को बताया कि शुरूआती दो शक्तिशाली भूकंपों के बाद क्षेत्र में कम से कम 30 झटके (आफ्टरशॉक्स) महसूस किए गए हैं. हालांकि, सबसे ज्यादा नुकसान पहले आए दो भूकंपों के कारण हुआ. राहत एवं बचाव कार्य में जुटे अधिकारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में इमारतें ढह गई हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं. ऐसे में मलबे में फंसे लोगों की तलाश जारी है और मृतकों की संख्या में और बढ़ोतरी होने की आशंका है. सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, डेल्सी रोड्रिगेज ने सरकारी प्रसारक को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी सरकार राहत और बचाव कार्यों के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ बातचीत कर रही है, ताकि अतिरिक्त बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में भेजे जा सकें. उन्होंने यह भी कहा कि देश के पुनर्निर्माण और राहत कार्यों के लिए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर के प्रारंभिक कोष की व्यवस्था करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ भी बात कर रहा है.

**पड़ोसी देशों तक महसूस हुए झटके**

कार्यवाहक राष्ट्रपति ने बताया कि ला गुएरा प्रांत इस प्राकृतिक आपदा से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है. उन्होंने कहा- कई इमारतें पूरी तरह ढह गई हैं और बचाव अभियान लगातार जारी है. भूकंप के झटके इतने ताकतवर थे कि पड़ोसी देशों तक भी महसूस किए गए. ब्राजील के अमेजन क्षेत्र में एहतियात के तौर पर कई इमारतों को खाली कराया गया, जबकि अन्य प्रभावित इलाकों में भी प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है. अधिकारियों के अनुसार, दोनों शक्तिशाली भूकंपों के बाद बचावकर्मी लगातार क्षतिग्रस्त इमारतों और मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं. कई क्षेत्रों में सड़क और संचार सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिससे राहत कार्यों में चुनौतियां सामने आ रही हैं. इसी बीच जापान के उत्तरी तट के पास गुरुवार को 7.2 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया. हालांकि जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने साफ कर दिया है कि इस भूकंप के बाद सुनामी का कोई खतरा नहीं है.

### पीएम मोदी ने जताया शोक

पीएम मोदी ने वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप पर गहरा दुख जाहिर किया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी संदेश में उन्होंने कहा कि भारत की जनता वेनेजुएला की सरकार और वहां के लोगों के साथ खड़ी है. पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि भारत इस कठिन समय में हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है.

### अमेरिका ने भेजी राहत और बचाव सहायता

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी घोषणा की है कि अमेरिका तत्काल खोज एवं बचाव दल, चिकित्सा संसाधन तथा मानवीय सहायता वेनेजुएला भेज रहा है. रुबियो ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने और बचाव कार्यों को मजबूत करने के लिए अमेरिकी एजेंसियां स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर रही हैं.

## संक्षिप्त खबर

### अपने हक में आवाज उठाने वाले छात्रों को आतंकवादी करार दे रही है मोदी सरकार : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार अब इस मुकाम पर पहुंच गयी है कि अपने हक में आवाज उठाने वाले छात्रों को ही आतंकवादी करार दिया जा रहा है. राहुल गांधी ने कहा कि छात्र, जो अपने अधिकार, लीकप्रूफ परीक्षा और सुरक्षित भविष्य की मांग कररहे हैं,उन छात्रों को ही शिक्षा मंत्री आतंकवादी करार दे रहे हैं, राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, जरा सोचिए, जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, जिसके राज में 20 बच्चों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिसने करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधेरे में धकेल दिया, वो आज पीड़ित बच्चों और उनकी आवाज उठाने वालों को दहशतगर्द कह रहा है. राहुल गांधी ने कहा, यह कोई नई बात नहीं. कहा कि अन्नदाता किसानों को आंदोलनजीवी और परजीवी कहा गया था, सवाल पूछने वाले को अल्लä-ढंäङ्कल्लं' कहा गया और अब युवाओं को दहशतगर्द बताया जा रहा है, जो भी सरकार से सवाल पूछे, उसे देशद्रोही बता दो, यही इनकी पराजनीति है. राहुल गांधी ने धर्मेंद्र प्रधान को संबोधित करते हुए देश के करोड़ों युवाओं से तुरंत माफी मांगने को कहा, राहुल गांधी ने धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा मांगा. कहा कि आप मुझ पर जितने चाहें हमले कर लीजिए. मैंने कोटा में कहा था और फिर कह रहा हूं कि यह शिक्षा व्यवस्था आज एक वसूली तंत्र बन गयी है. हर बच्चे को सस्ती, अच्छी शिक्षा और निष्पक्ष परीक्षा मिले, उनके हित में आवाज उठाना कभी बंद नहीं करूंगा.

### गोदाम हादसे में अब तक 9 की मौत. 10-10 लाख मुआवजे की घोषणा, सीएम सुवेंदु ने कहा, दोषियों को छोड़ेंगे नहीं



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उट सुवेंदु अधिकारी ने आज गुरुवार को राज्य विधानसभा में कोलकाता के ताराताला इलाके में हुए हादसे को लेकर कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा. बता दें कि कल बुधवार को हुए गोदाम हादसे में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है. 20 लोग गंभीर रूप से घायल बताये गये हैं. श्री अधिकारी ने विधानसभा में इस दुर्घटना को लेकरआधिकारिक बयान दिया. उन्होंने कहा कि गोदाम ढहने की घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जायेगा. घायल हुए हर व्यक्ति को 1 लाख रुपये की सहायता राशि दी जायेगी. सीएम ने बताया कि निगम के रिकॉर्ड पर उपलब्ध भवन(गोदाम) के नक्शे पर कोलकाता के पूर्व महापौर और तृणमूल कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे फिरहाद हकीम के हस्ताक्षर हैं. इसी क्रम में कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा. सुवेंदु अधिकारी ने कहा, यह आपके (टीएमसी) पापों का नतीजा है. आपने गार्डन रीच जैसी घटनाओं से कोई सबक नहीं सीखा बचाव कार्यों में कभी ठ्ऊफ या सेना को शामिल नहीं किया. आरोप है कि गोदाम के मालिक शंभूनाथ बेहरा ने कोलकाता नगर निगम के तत्कालीन टीएमसी शासित बोर्ड के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से गोदाम का अवैध रूप से निर्माण किया था. खबर है कि कोलकाता पुलिस ने शंभूनाथ बेहरा को आज सुबह गिरफ्तार कर लिया है. पूछताछ के लिए बुधवार रात हिरासत में लिये गये तीन अन्य लोगों गोदाम सुपरवाइजर मोहम्मद गुलजार, लेबर कॉन्ट्रैक्टर मोहम्मद अतायुल और सुभाष चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया है.

### पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं, यह यात्रा दस्तावेज है : विदेश मंत्रालय



**नयी दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं है. यह मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है. विदेश मंत्रालय ने 14वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर कल बुधवार को प्रेस कॉफ्रेंस में यह बात साफ कर दी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि पासपोर्ट सिर्फ अंतरराष्ट्रीय यात्रा की सुविधा देने के लिए जारी किया जाता है. हालांकि यह सिर्फ भारतीय नागरिकों को ही प्रदान जाता है, लेकिन यह नागरिकता स्थापित करने वाला दस्तावेज नहीं है. याद करें कि इससे पूर्व मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से जुड़ी सुनवाई के क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आधार कार्ड पहचान का दस्तावेज है. इससे नागरिकता का नहीं .की पहचान नहीं हो सकती. सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीयता बताती है कि आप किस देश से संबंध रखते हैं. नागरिकता का अर्थ यह है कि उस देश में आपको कौन-कौन से कानूनी अधिकार मिले हैं. राष्ट्रीयता आपकी पहचान है. नागरिकता आपके अधिकार और जिम्मेदारियां तय करने वाली है. प्रेस कॉफ्रेंस मंत्रालय ने जानकारी दी कि पिछले एक दशक में पासपोर्ट सेवा केंद्र और संबंधित सुविधाओं की संख्या 77 से बढ़कर 545 पर पहुंच गयी है. चिप आधारित ई-पासपोर्ट 2025 में शुरू किया गया है. अब तक 1.47 करोड़ कॉरी जारी की जा चुकी हैं. कहा कि वर्तमान में 27 देश भारतीयों को वीजा-फ्री प्रवेश देते हैं.

### उत्तराखंड: रुद्रप्रयाग में यूएवी ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त, क्षेत्र में हलचल, कारणों का खुलासा नहीं

**रुद्रप्रयाग:** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग के सारी क्षेत्र अंतर्गत ककोड़ाखाल-बिजराकोट मोटर मार्ग के समीप गुरुवार को एक मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) यानी ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त होने से क्षेत्र में हलचल मच गयी. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त यूएवी स्वदेशी 'टारगेट ड्रोन' बताया जा रहा है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गुरुवार दोपहर 2:36 बजे प्रशासन को फोन के जरिए सूचना मिली कि सारी गांव से लगभग 7 से 8 किलोमीटर ऊपर स्थित बिजराकोट क्षेत्र में एक ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. सूचना मिलते ही जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग सक्रिय हो गया और घटना की जानकारी जुटाने का कार्य शुरू किया. जानकारी के अनुसार, यह ड्रोन एनाड्रोन सिस्टम्स द्वारा निर्मित स्वदेशी 'टारगेट ड्रोन' है. यह एक उन्नत मानवरहित हवाई वाहन है, जिसका उपयोग सुरक्षा संबंधी रूपों में होता है. ड्रोन के क्षतिग्रस्त अवस्था में मिलने की सूचना के बाद स्थानीय लोगों में उत्सुकता का माहौल बना हुआ है. प्रशासन और संबंधित एजेंसियों द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. फिलहाल ड्रोन के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं किया गया है. प्रशासन ने बताया कि विस्तृत जांच और तकनीकी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जा सकेगी.

# अमेजन का भारत में 48 अरब डॉलर का मेगा निवेश पीएम मोदी बोले- युवाओं के लिए खुलेंगे नए मौके

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** अमेजन के रिकॉर्ड 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे पता चलता है कि दुनिया भर में भारत में निवेश करने में दिलचस्पी बढ़ रही है। यह बयान नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी और अमेजन के सीईओ एंडी जैसी के बीच हुई एक हाई-लेवल मीटिंग के बाद आया, जिसमें इस बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनी ने घोषणा की कि वह 2026 और 2030 के बीच भारत में 48 अरब डॉलर की पूंजी लगाएगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, मिस्टर एंडी जैसी के साथ बहुत अच्छी मीटिंग रही। मैं भारत में अमेजन के रिकॉर्ड 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत करता हूँ। इससे हमारे युवाओं के लिए नए मौके बनेंगे। साथ ही, इससे पता चलता है कि दुनिया भर में भारत में निवेश करने में दिलचस्पी बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री का यह पोस्ट अमेजन के सीईओ एंडी जैसी के उस पोस्ट के जवाब में था, जिसमें उन्होंने कन्फर्म किया था कि अमेजन अगले पांच सालों में भारत में 48 अरब वरऊका निवेश करेगा। एंडी जैसी ने लिखा था कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत में अमेजन के भविष्य को लेकर हुई मीटिंग बहुत अच्छी रही। हम एक दशक से ज्यादा समय से भारत में कस्टमर्स, सेलर्स, डेवलपर्स, स्टार्टअप्स और एंटरप्राइजेज को सर्विस दे रहे हैं और अभी तो बस शुरूआत ही हुई है। मैंने बताया कि हम अगले पांच सालों में 48 अरब डॉलर का निवेश कर रहे हैं, जिसमें अकऔर क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 21 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश शामिल है। 2030 तक, हमारी योजना 38 लाख (3.8 मिलियन) नौकरियों को सपोर्ट करने, 80 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने और 1.5 करोड़ (15 मिलियन) छोटे व्यवसायों और 40 लाख (4 मिलियन) सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स तक एआई के फायदे पहुँचाने की है। भविष्य को लेकर उत्साहित हूँ। हम जो कुछ भी बना सकते हैं, उसके लिए अभी तो बस शुरूआत ही हुई है।

# पीएम मोदी के बाद अब अमित शाह राष्ट्रपति भवन पहुंचे, केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल पर फाइनल मुहर लगने की अटकलें!

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों के बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रपति से हुई मुलाकात के दो दिन बाद हुई है। इन घटनाक्रमों ने सबका ध्यान खींचा है क्योंकि बीजेपी ने कुछ मंत्रियों को राज्यसभा के लिए दोबारा नामांकित नहीं किया है और कुछ अन्य को उनके राज्यों में संगठन से जुड़ी अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में शाह की बैठक की तस्वीर शेयर की। पोस्ट में कहा गया, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू से भी मुलाकात की थी। ये मुलाकातें इसलिए अहम हैं क्योंकि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की चर्चाएं चल रही हैं।



केरल के वरिष्ठ बीजेपी नेता जॉर्ज कुरियन ने हाल ही में राज्यसभा का कार्यकाल खत्म होने के बाद मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया। 65 वर्षीय कुरियन अल्पसंख्यक मामलों के साथ-साथ मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विभाग में राज्य मंत्री थे। बीजेपी ने कुरियन को दोबारा नामांकित न करने का फैसला किया, जिनका उच्च सदन में कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो गया था। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह, जिनका राज्यसभा कार्यकाल भी 21 जून को समाप्त हो गया था, उन्हें भी बीजेपी ने उच्च सदन के लिए दोबारा नामांकित नहीं किया है। सिंह, जो अगस्त 2024 से राजस्थान से राज्यसभा सदस्य थे, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं। कुछ केंद्रीय मंत्रियों को उनके गृह राज्यों में संगठन की अहम ज़िम्मेदारियाँ भी सौंपी गई हैं, जिससे संभावित फेरबदल की चर्चा और तेज हो गई है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने 28 मई को सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा कॉर्पोरेट मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली बीजेपी का अध्यक्ष नियुक्त किया। पिछले साल दिसंबर में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को बीजेपी की उत्तर प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष बनाया गया था।

# कश्मीर पर्यटकों के लिए खुशखबरी : इस दिन से आम जनता के लिए फिर शुरू हो रही एशिया की सबसे ऊंची केबल कार

एजेंसी



**श्रीनगर।** गुलमर्ग में केबल कार (गंडोला) सेवा एक बार फिर से शुरू होने जा रही है. एशिया की इस सबसे ऊंची केबल कार परियोजना में आई तकनीकी खराबी के कारण यह सेवा पिछले एक महीने से पूरी तरह बंद थी. अब इस मामले की जांच के लिए गठित समिति ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी है, जिसके बाद फ्रांस की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कंपनी 'पोमागल्स्की' ने सेवा को दोबारा बहाल करने की हरी झंडी दे दी है. ईटीवी भारत को एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गुलमर्ग का दौरा कर रहे हैं और वे केबल कार परियोजना (जिसे गंडोला के नाम से जाना जाता है) के दोनों चरणों की सवारी करेंगे. इसके बाद, शुक्रवार से आम जनता के लिए इस सेवा को औपचारिक रूप से फिर से शुरू कर दिया जाएगा. अधिकारी ने बताया कि जिस गियरबॉक्स में खराबी आई थी, उसे तीन हफ्ते पहले ही बदल दिया गया था. लेकिन लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए, तकनीकी खराबी की चल रही जांच के कारण सेवा को निलंबित (बंद) रखा गया था.

पोमा कंपनी ने साल 1998 में उत्तरी कश्मीर के बारामूला में नियंत्रण रेखा के पास केबल कार परियोजना स्थापित की थी. इसका पहला चरण 8,600 फीट की ऊंचाई पर कोंगडोरी बाउल तक है, जबकि दूसरा चरण कोंगडोरी से शुरू होकर 13,700 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित अफरवात चोटी तक जाता है. जानकारी के अनुसार, केबल कार परियोजना की खराबी और कामकाज की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित पांच सदस्यीय समिति ने जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग को एक अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी है. हालांकि इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सुचारू और सुरक्षित सेवा सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं. जम्मू-कश्मीर पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक महमूद शाह के नेतृत्व वाली इस जांच समिति को 10 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का जिम्मा दिया गया था. समिति को केबल कार परियोजना के कामकाज से जुड़े मौजूदा ऑपरेशनल तरीकों, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, मेंटेनेंस प्रोटोकॉल, निरीक्षण प्रणालियों और सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का अधिकार दिया गया है.

### केजरीवाल का बड़ा हमला : एसआईटी जांच सिर्फ एक धोखा, ताकतवरों को बचाने का कवर-अप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अयोध्या राम मंदिर में चंदे के कथित गबन की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम पर निशाना साधा। उन्होंने इसे धोखाधड़ी और प्रभावशाली लोगों को बचाने के लिए किया गया मामले को दबाने का प्रयास बताया। आज लखनऊ पहुंचे केजरीवाल ने दावा किया कि एसआईटी के पास निष्पक्ष जांच करने का अधिकार नहीं है। आप राष्ट्रीय संयोजक ने पत्रकारों से कहा, इस एसआईटी के पास जांच करने की कोई शक्ति नहीं है, इसलिए लोगों की नजर में यह एसआईटी सिर्फ.एक धोखा है। यह पूरे मामले को दबाने की कोशिश है और एसआईटी का एकमात्र काम प्रभावशाली लोगों को बचाना है। मंदिर के खजाने से चोरी के आरोपों पर दुख जताते हुए केजरीवाल ने कहा कि चढ़ावे के गायब होने की खबरों से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर के बारे में जिस तरह की खबरें आ रही हैं, उससे मेरा दिल बहुत दुखी है। भगवान को चढ़ाए गए हीरे और गहने चोरी हो गए। कहा जा रहा है कि 200 करोड़ रुपये तक नकद चोरी हुए। किसी ने 200 किलो चांदी दान की थी, वह भी चोरी हो गई। मेरा दिल बहुत दुखी है। केजरीवाल ने यह भी घोषणा की कि वह शुक्रवार को अयोध्या जाएंगे ताकि स्थिति का जायजा ले सकें और धार्मिक नेताओं से बातचीत कर सकें।

# राम मंदिर ट्रस्ट से पीएमओ ने मांगा चंदे का पूरा हिसाब, चंपत राय ने देने से किया इनकार

एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण और उसमें आने वाले चढ़ावे को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा मांगे गए वित्तीय लेनदेन के ब्योरे को देने से साफ तौर पर इनकार कर दिया है। ट्रस्ट के इस कड़े रुख के बाद अयोध्या से लेकर दिल्ली तक के प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल मच गई है। यह पूरा मामला मंदिर में आने वाले भारी-भरकम दान, समर्पण निधि और जमीन खरीद-फरोख्त में हुई कथित विसंगतियों से जुड़ा हुआ है, जिस पर अब खुद सरकारी तंत्र और अपनों ने ही सवाल खड़े करने शुरू कर दिए हैं। इस पूरे सनसनीखेज मामले की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता डॉ. रजनीश सिंह की एक गंभीर शिकायत के बाद हुई। रजनीश सिंह ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी होने, वित्तीय लेनदेन में बड़े पैमाने पर हेराफेरी और



जमीन खरीद-फरोख्त में भारी गड़बड़ियों का सीधा आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो बार पत्र लिखा था। उन्होंने पहली बार 9 जून को और फिर दोबारा 12 जून को पत्र लिखकर मांग की थी कि मंदिर ट्रस्ट को अपनी शुरूआत से लेकर अब तक के सभी वित्तीय लेनदेन, दान और संपत्ति का पूरा विवरण सार्वजनिक करने का निर्देश दिया जाए। इस गंभीर शिकायत का संज्ञान लेते हुए शासन द्वारा 13 जून को ही एक विशेष जांच टीम का गठन कर दिया गया था, जो इस समय पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बीजेपी नेता के शिकायती पत्र पर त्वरित संज्ञान लेते हुए इस मामले को आवश्यक कार्रवाई के लिए अयोध्या जिला प्रशासन को संदर्भित किया था।



# शेखर ने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की जताई मंशा

नई दिल्ली। दिग्गज फिल्ममेकर शेखर कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि इस फिल्म में दिग्गज संगीतकार एआर रहमान संगीत देंगे। अब शेखर कपूर ने युवा क्रिकेटर और नई सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की भी मंशा जताई। शेखर कपूर 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के फैन बन गए। शेखर कपूर ने आज अपने एक्स अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी की एक तस्वीर साझा की। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'अगर सूर्यवंशी इतने शानदार क्रिकेटर न होते, तो मैं उन्हें अपनी फिल्म 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' में ले सकता था।''

लाइफ Style



# राशा

## लाल कपड़ों में दिलाई मां रवीना की याद

राशा थडानी हाल ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'श्रीनिवास मंगपुरम' के एक इवेंट में नजर आईं। यहां से उनका लुक वायरल हो रहा है। यूजर्स ने उनकी तुलना उनकी मां रवीना टंडन से की है। बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म 'श्रीनिवास मंगपुरम' से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं।


इस फिल्म में वह महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ नजर आएंगी। हाल ही में हैदराबाद में इस फिल्म का एक इंट्रोडक्शन इवेंट हुआ। इसमें दोनों कलाकारों का परिचय कराया गया। इस इवेंट से राशा थडानी का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कई यूजर्स ने उनकी तुलना उनकी मां रवीना टंडन से की है। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया 'ऐसा क्यों लगता है कि हम रवीना टंडन को देख रहे हैं?' वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि राशा थडानी लोगों के बीच से उठकर स्टेज पर आती हैं। इसके बाद अपने साथी कलाकार जय कृष्णा घट्टामनेनी को केक खिलाती हैं। आपको बता दें कि यह इंट्रोडक्शन इवेंट सुपरस्टार कृष्णा की जयंती के मौके पर आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, जय कृष्णा अपने दादा के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, मेरे दादा भगवान के समान हैं। उनके लिए मेरे दिल में जो प्यार और सम्मान है, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।' राशा थडानी, जो इस फिल्म के साथ टॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं, उन्होंने तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया।

हॉलीवुड मसाला




# अमेरिकी अभिनेत्री मिका से तुलना

मुंबई। महिमा चौधरी अपनी बेटी को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उन पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है, जिनमें उनकी बेटी एरियाना मुखर्जी की तुलना अमेरिकी एक्ट्रेस मिका अब्दुल्ला से की जा रही है। कई फैंस तो 'ऑफ कैंपस' की स्टार मिका को एरियाना की हमशक्ल भी कह रहे हैं। मिका, प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'ऑफ कैंपस' में ऐली हेस का किरदार निभाती हैं। कई यूजर्स ने यह भी बताया कि मिका काफी हद तक महिमा चौधरी के जवानी के दिनों की तरह दिखती हैं।




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे के बाद रिटायर होंगे टॉम?

लॉस एंजिल्स। अभिनेता टॉम हॉलैंड अपनी फिल्म 'स्पाइडर मैन-ब्रांड न्यू डे' के बाद पीटर पार्कर के किरदार से रिटायर हो सकते हैं। उन्होंने हाल में हुई एक बातचीत में कहा कि वह अब किसी नए अभिनेता के लिए पीटर पार्कर का रास्ता खोलना चाहते हैं। अभिनेता टॉम हॉलैंड स्पाइडर मैन सीरीज की चार फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। मगर हाल ही में एम्पायर मैगजीन से हुई बातचीत में उन्होंने कहा, 'अगला किरदार चाहे माइल्स मोरालेस हो, स्पाइडर-ग्वेन हो, स्पाइडर-वुमन हो या ऐसा ही कोई और, मैं उसके अगले अध्याय की नींव रखने में अपना योगदान देना चाहूंगा। मैं नहीं जानता कि किस तरह मैं इसमें शामिल रहूंगा। मगर स्पाइडर मैन के किरदार को किसी और को सौंपने के बारे में सोच रहा हूं।'



# कॉकटेल-2 के सेट से बीटीएस तस्वीरें जारी...

मुंबई। कॉकटेल 2 में रश्मिका मंदाना पहली बार कृति सेनन और शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म कॉकटेल 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज से पहले शाहिद कपूर ने कॉकटेल 2 की कुछ बीटीएस तस्वीरों को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। एक्टर शाहिद ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में एक फोटो कॉकटेल 2 की शूटिंग के दौरान की दिखाई दी। इस फोटो को शेयर कर एक्टर ने कैप्शन लिखा- 'व्हाट ए फन।' इसके अलावा भी उन्होंने कुछ और फिल्म से जुड़ी तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में कृति और रश्मिका भी नजर आईं। इसके अलावा शाहिद ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट शूटिंग के बीच के समय में इंजॉए करते नजर आ रहे हैं।



# एसवीसी-63 से सामने आई पहली झलक

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। सलमान की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जो कि एसवीसी63 के सेट से बताई जा रही है। इस तस्वीर को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स अपने रिएक्शन दे रहे हैं। सलमान खान ने हाल ही में निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म को अस्थाई तौर पर एसवीसी63 कहा जा रहा है। सलमान खान की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसे उनकी आगामी फिल्म एसवीसी 63 के सेट की तस्वीर बताया जा रहा है। इस तस्वीर में सलमान एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सलमान के चेहरे पर साफ गुस्सा नजर आ रहा है, उनके आस-पास कई लोग भी दिखाई दे रहे हैं।

टीवी मसाला



# कोई भी किसी और को राम के रूप में नहीं देखना चाहता: अरुण

नई दिल्ली। अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। इसके निर्देशक नितेश तिवारी हैं। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम का मुख्य किरदार निभा रहे हैं। साई पल्लवी सीता का किरदार निभा रही हैं, जबकि यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। इस प्रोजेक्ट में एक खास बात यह है कि इसमें दिग्गज एक्टर अरुण गोविल को भी कास्ट किया गया है। अरुण गोविल टीवी सीरीज 'रामायण' में भगवान राम के किरदार के लिए मशहूर हैं।

# 'डोला रे डोला' गाने की शूटिंग के दौरान मेरी तबीयत खराब थी : माधुरी

*मुंबई। माधुरी दीक्षित को लेकर सोशल मीडिया पर इन दिनों ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि शाहरुख खान की 2002 की ब्लॉकबस्टर फिल्म देवदास के 'डोला रे डोला' गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी दीक्षित चार महीने की प्रेग्नेंट थीं। अब इन चर्चाओं और अटकलों पर खुद माधुरी दीक्षित ने प्रतिक्रिया दी है और सच्चाई बताई है। एक बातचीत में माधुरी दीक्षित ने अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने बेटे की जन्म की तारीख भी बताई। माधुरी ने कहा, 'आरिन का जन्म 2003 में हुआ था। आप हिसाब लगा लीजिए।' माधुरी दीक्षित के बड़े बेटे आरिन अब 23 साल के हैं और उनका जन्म 17 मार्च 2003 को हुआ था। फिल्म देवदास 12 जुलाई 2002 को रिलीज हुई थी, इससे पहले इसका प्रीमियर 23 मई 2002 को कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। हालांकि, माधुरी ने स्पष्ट किया कि शूटिंग शारीरिक रूप से काफी थकाने वाली थी, लेकिन इसका कारण उनकी प्रेग्नेंसी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ट्रेवल कर रही थी, इसलिए मेरी*





*तबीयत थोड़ी खराब थी। मैं लगातार शूटिंग के लिए इधर-उधर जा रही थी। मेरी सारी शूटिंग रात में होती थी। इसलिए मेरे लिए यह बहुत थकाने वाला था। मेरी तबीयत थोड़ी खराब थी, लेकिन कुछ खास नहीं था। माधुरी की ये प्रतिक्रिया तब आई है, जब कुछ दिन पहले दिवंगत कोरियोग्राफर सरोज खान की पूर्व असिस्टेंट रुबीना खान के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी प्रेग्नेंट थीं। रुबीना ने 'डोला रे डोला' गाने के बारे में बात करते हुए कहा था, 'इसमें एक स्टेप है जिसमें माधुरी मैम घूमकर बैठती हैं। वह शॉट सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक चलता रहा, क्योंकि वह चार महीने की प्रेग्नेंट थीं। इसलिए वह ठीक से घूम नहीं पा रही थीं और उन्हें चक्कर आ रहे थे। उस समय उन्हें बुखार भी था।*

# 'धुरंधर में जो दिखाया गया है, वो सब सच है'

मुंबई। आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही चर्चाओं में है। जहां एक तरफ पहले पार्ट ने फैनबेस बनाया, वहीं दूसरी तरफ दूसरे पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े। इन सब के बीच फिल्म की स्टोरी के रियल होने पर कई लोगों ने सवाल खड़े किए। इसी बीच अब एक पाकिस्तानी पत्रकार का इस मामले पर बड़ा बयान सामने आया है। पाकिस्तानी पत्रकार आरिफ अजाकिया ने हाल ही में बॉलीवुड फिल्म धुरंधर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फिल्म में दिखाए गए ल्यारी और कराची के हालात को हकीकत के काफी करीब बताया है। दरअसल, रणवीर सिंह की यह फिल्म 2025 में रिलीज हुई थी और अब एक बार फिर चर्चा में है। फिल्म में कराची के लयारी इलाके में सक्रिय क्राइम और गैंगस्टर नेटवर्क को दिखाया गया है, जो असल घटनाओं से प्रेरित बताया जाता है। पत्रकार सौरभ द्विवेदी से बातचीत के दौरान आरिफ अजाकिया ने कहा कि उन्होंने खुद लयारी में रहकर वही सब देखा है, जो फिल्म में दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि वह जमशेद टाउन के मेयर भी रह चुके हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'मैं लयारी में पैदा



हुआ और वहीं पला-बढ़ा हूं, इसलिए फिल्म में जो दिखाया गया है, वो सब सच है।' इतना ही नहीं, आरिफ अजाकिया ने अपनी जड़ों को लेकर भी एक दिलचस्प बात कही। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता भारत के जूनागढ़, गुजरात से थे। उन्होंने कहा, 'मैं कराची में पैदा हुआ हूं, लेकिन खुद को भारतीय मूल का मानता हूं, पाकिस्तानी नहीं।' फिल्म धुरंधर में एक भारतीय एजेंट की कहानी दिखाई गई है, जो एक गुप्त मिशन पर होता है। इसमें आतंकवाद, खुफिया ऑपरेशन और बॉर्डर के बीच के तनाव जैसे मुद्दों को भी दिखाया गया है। फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी अहम किरदारों में हैं।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.